WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नवप्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | छत्तीसगढ़ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार

रायपुर, मंगलवार, 23 दिसंबर 2025 कृष्ण पक्ष- तृतीया, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 305 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

देश की राजधानी नई दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को लेकर होशियारी बघारने वाले ज्ञानचंदों की सूची में एक और नया नाम जुड़ गया है। समाजवादी पार्टी के सांसद आर. के. चौधरी ने प्रदूषण पर रिसर्च करने के बाद यह निष्कर्ष निकाला है कि नई दिल्ली सहित पूरे देश में बढ़ते प्रदूषण के लिए हिन्दू जिम्मेदार हैं। जो हर साल होली जलाते हैं और मृतकों का दाह संस्कार कर प्रदूषण को और बढ़ाते हैं। ऐसा लगता है ये डेढ़ होशियार 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव के पहले ही समाजवादी पार्टी का अंतिम संस्कार कराकर ही दम लेगा।

भारत के आरईआईटी सेक्टर ने पकड़ी रफ्तार, हांगकांग को पछाड़ा

नई दिल्ली (आईएएनएस)। भारत का रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (आरईआईटी) सेक्टर अब तेजी से आगे बढ़ रहा है। सोमवार को एक रिपोर्ट में कहा गया कि भारत के आरईआईटी की कुल संपत्ति का मूल्य लगभग 2.3 लाख करोड़ रुपए हो गया है। इसी के साथ भारत ने हांगकांग के आरईआईटी बाजार को भी पीछे छोड़ दिया है।

एनारॉक कैपिटल की रिपोर्ट के मुताबिक, 30 सितंबर 2025 तक भारत के आरईआईटी का मार्केट कैप करीब 1.66 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया, जो कि हांगकांग से ज्यादा है, जबकि भारत में अभी केवल 32 प्रतिशत योग्य संपत्तियां ही आरईआईटी के रूप में सूचीबद्ध हैं।

पिछले 5 वर्षों में भारतीय आरईआईटी ने हर साल औसतन 8.9 प्रतिशत से ज्यादा रिटर्न दिया है। यह रिटर्न सिंगापुर, जापान और हांगकांग जैसे देशों से बेहतर रहा है, जबकि कई विकसित देशों में इस दौरान रिटर्न कम या नकारात्मक रहा।

रिपोर्ट के अनुसार, प्रति यूनिट मूल्य में वृद्धि और नियमित आय मिलने से निवेशकों को पिछले एक साल में 5.1 से 6 प्रतिशत तक की

अच्छी कमाई हुई है। वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में भारत के पांच आरईआईटी ने मिलकर 2,331 करोड़ रुपए बांटे, जो पिछले साल से 70 प्रतिशत ज्यादा है।

एनारॉक कैपिटल के इन्वेस्टमेंट बैंकिंग के एमडी विशाल सिंह ने कहा कि ज्यादा निवेशकों की भागीदारी और बड़े इंडेक्स में शामिल होने की उम्मीद के चलते यह सेक्टर जल्द ही 20 अरब डॉलर के मार्केट कैप को पार कर सकता है।

नियम के अनुसार, आरईआईटी को अपनी कमाई का कम से कम 90 प्रतिशत हिस्सा निवेशकों को देना होता है, जिससे आम लोग और बड़े निवेशक आसानी से बड़े ऑफिस भवनों में निवेश कर पा रहे हैं।

उतार-चढ़ाव के बीच बनी रही मजबूती

एनारॉक कैपिटल के सीईओ शोभित अग्रवाल ने कहा, 'वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में आरईआईटी ने अच्छा प्रदर्शन किया और ब्याज दर बढ़ने और बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद मजबूत बने रहे। अब तक सूचीबद्ध चार आरईआईटी की कीमतें 25-61 प्रतिशत तक बढ़ चुकी हैं, जबकि हाल ही में लिस्टेड नॉलेज आरईआईटी ने पहले ही लगभग 12 प्रतिशत का लाभ प्राप्त कर लिया है।

तेलंगाना जल्द ही एसआईआर में पूरे देश के लिए एक आदर्श बनेगा: सीईसी ज्ञानेश

हैदराबाद (आईएएनएस)। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को कहा कि तेलंगाना मतदाता

सूची का विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) जल्द ही पूरे देश के लिए एक आदर्श बन जाएगा। उन्होंने यहां बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) को संबोधित करते हुए कहा कि तेलंगाना को एसआईआर के अगले चरण में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार में हाल ही में सफलतापूर्वक संपन्न हुई एसआईआर प्रक्रिया को इस संदर्भ में एक मिसाल के तौर पर लिया जाना चाहिए। उन्होंने बीएलओ को भारतीय चुनावी प्रणाली की रीढ़ बताते हुए कहा कि मतदाता सूची के शुद्धिकरण की सफलता उनकी प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत पर निर्भर करती है।

केरल, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और अंडमान-निकोबार की ड्राफ्ट मतदाता सूची आज होगी प्रकाशित

नई दिल्ली (आईएएनएस)। भारत निर्वाचन आयोग मंगलवार को केरल, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित करने जा रहा है। इसके साथ ही 2026 में विभिन्न राज्यों व केंद्र शासित प्रदेश में प्रस्तावित चुनावी प्रक्रिया की तैयारियों में एक और अहम कदम पूरा होगा। चुनाव आयोग के अनुसार, चारों राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में तैयार किए गए ड्राफ्ट इलेक्टोरल रोल्स को मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) और जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) के माध्यम से सभी मान्यता-प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ साझा किया जाएगा, ताकि वे तय समय में आपत्तियां, सुझाव और एतराज दर्ज करा सकें।

प्योंगयांग और दूसरे देशों के साथ बातचीत को हम तैयार: दक्षिण कोरिया

सोल (आईएएनएस)। दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री चो ह्यून ने सोमवार को कहा कि वह उत्तर कोरिया और दूसरे संबंधित देशों के साथ बातचीत करके कोरियाई प्रायद्वीप में शांति स्थापित करने का पूरा प्रयास करेंगे। प्योंगयांग के साथ रिश्तों को फिर से बेहतर करने पर भी ध्यान देंगे। योनहाप न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, चो ने दक्षिण कोरिया-अमेरिका सांसदों के यूनियन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्य भाषण देते हुए ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि प्रायद्वीप में सुरक्षा और शांति सुनिश्चित करने के लिए क्या किया जाना चाहिए, इस पर गहराई से सोचने का समय आ गया है। उन्होंने कहा, इस साल दक्षिण कोरिया और संयुक्त राय अमेरिका के बीच हुई दो शिखर बैठकें इन प्रयासों के लिए एक आधार प्रदान करेंगी। उन्होंने संयुक्त फैक्ट शीट में हुए समझौतों पर 'तेजी से और ठीक से' बातचीत करने के महत्व पर जोर दिया।

जापानी सांसदों के ताइवान दौरे पर भड़का बीजिंग, आपत्ति कराई दर्ज

बीजिंग (आईएएनएस)। चीन के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि जापान के सांसदों का वर्तमान ताइवान दौरा भड़काऊ और उकसावे की नीति का परिणाम है। उन्होंने दावा किया कि बीजिंग ने जापानी पक्ष से इसकी आधिकारिक शिकायत कर दी है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने जापान के एलडीपी (लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी) सांसदों के दौरे पर सवाल उठाते हुए दावा किया कि ताइवान चीन का एक प्रांत है और वहां 'राष्ट्रपति' जैसी कोई चीज नहीं है। मैं यह बताना चाहता हूं कि कुछ जापानी सांसदों का चीन के ताइवान क्षेत्र का भड़काऊ दौरा चीन और जापान के बीच चार राजनीतिक दस्तावेजों की भावना और जापान की अपनी प्रतिबद्धताओं के खिलाफ है।

'जनादेश परब' में शामिल हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

हम छाती ठोंककर बोलते हैं, हमने 2 साल में सभी वादे पूरे किए :नड्डा

जांजगीर-चांपा /नवप्रदेश । भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा आज छत्तीसगढ़ के जांजगीर पुलिस लाइन में आयोजित 'जनादेश परब0में शामिल हुए। उन्होंने जय सतनाम के नारे के साथ आमसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विष्णुदेव साय की सरकार ने शानदार 2 साल पूरे किए हैं, इसके लिए बहुत-बहुत बधाई। बघेल सरकार में आतंक था, भ्रष्टाचार था, जो वादे किए वो निभाए नहीं, नक्सलवाद के साथ समझौतावाद था। आप सबने ऐसी सरकार को उखाड़ फेंका, और कमल का फूल खिलाया है।

भाजपा ने जो कहा, वह किया

उन्होंने कहा कि भाजपा ने जो कहा, वह किया है। और जो नहीं कहा था, वह भी करके दिया है। इसलिए हम छाती ठोंककर बोलते हैं कि हमने 2 साल में सभी वादे पूरे किए है। हमने कहा था कि हम गांव गरीब के लिए काम करेंगे। हमने 5 लाख 62 हजार मजदूरों को आर्थिक मदद देने का काम किया। साथ ही 32 हजार नौकरियों की भर्ती की प्रक्रिया की जा रही है. युवाओं को पारदर्शी तरीके से नौकरी मिलेगी।

नक्सलियों से दोस्ती करती थी कांग्रेस की सरकार

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने आगे कहा कि कांग्रेस की सरकार नक्सलियों से दोस्ती करती थी, समझौता करती थी। हमारी सरकार ने उनसे लोहा लिया और अब मार्च 2026 तक नक्सलवाद को जड़ से खत्म कर दिया जाएगा।

उन्होंने आगे कहा कि भारत आज विश्व में चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है. देश अब तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। देशभर में सड़कों का जाल बिछ रहा है. 60प्र. का ग्रोथ है। आज हमारे यू ट्यूबर, एनफ्लुएंसर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

31 मार्च 2026 तक समाप्त होगा नक्सवाद : उपमुख्यमंत्री शर्मा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जनादेश परब को संबोधित करते हुए कहा कि जेपी नड्डा का छत्तीसगढ़ से पुराना नाता रहा है. वे पहले छत्तीसगढ़ के प्रभारी रहे, जिसके बाद उन्हें भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया. उन्होंने कहा कि अब नितिन नवीन छत्तीसगढ़ के प्रभारी हैं और उन्हें भी भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है, जो छत्तीसगढ़ महतारी के आशीर्वाद का परिणाम है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा सरकार बनने पर दो बड़े वादे किए थे, जिनमें वंचित 18 लाख गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास देना और छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद समाप्त करना शामिल है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पद संभालते ही पीएम आवास का प्रस्ताव किया और अब प्रदेश से नक्सली समस्या दूर करने का अभियान शुरू हो चुका है, जिसके तहत 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद समाप्त हो जाएगा।

मुख्यमंत्री साय ने जनता का किया धन्यवाद

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी आमसभा को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता का मैं धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने मोदी की गारंटी पर भरोसा जताया. उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अपने पांच साल के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ को अपराध का गढ़ बना दिया था, जिसके अपराधी आज जेल की हवा खा रहे हैं. मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रदेश का विकास तेज गति से हुआ है, जो निरंतर जारी रहेगा. उन्होंने यह भी कहा कि नक्सलवाद से मुक्ति के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है।

शराब घोटाला मामला

चैतन्य के खिलाफ 3200 पन्नों का चालान पेश

■ ईडी का दावा बघेल को मिले 200 से 250 करोड़

रायपुर/नवप्रदेश । पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को 3200 पन्नों का 8वां पूरक चालान पेश किया है. इसके बाद चैतन्य की मुश्किलें बढ़ते नजर आ रही है. 8वें पूरक चालान में चैतन्य बघेल को 200 से 250 करोड़ रुपए मिलने का बड़ा खुलासा हुआ है. इस कथित लेन-देन का आधार सौम्या, अरुणपति, टुटेजा और अनवर ढेबर की व्हाट्सऐप चैट बताया गया है।

बघेल को जन्मदिन के दिन किया था गिरफ्तार

ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को उनके जन्मदिन पर 18 जुलाई को भिलाई निवास से धन शोधन निवारण अधिनियम , 2002 के तहत गिरफ्तार किया था. शराब घोटाले की जांच ईडी ने भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के तहत एसीबी/ईओडब्ल्यू रायपुर द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू की थी. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

1000 करोड़ से अधिक की अवैध संपत्ति का संचालन

चैतन्य बघेल पर शराब घोटाले से उत्पन्न 1000 करोड़ रुपये से अधिक के पीओसी को संभालने का भी आरोप है. वह छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्कालीन कोषाध्यक्ष को पीओसी हस्तांतरित करने के लिए अनवर ढेबर और अन्य के साथ समन्वय करते थे. ईडी द्वारा की गई जांच से पता चला है कि इस शराब घोटाले से प्राप्त धनराशि को आगे निवेश के लिए बघेल परिवार के प्रमुख सहयोगियों को भी सौंप दिया गया था. इस धनराशि के अंतिम उपयोग की आगे जांच की जा रही है।

अंजदीप: भारतीय नौसेना को मिली एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट

नई दिल्ली (आईएएनएस)। भारतीय नौसेना में अंजदीप नामक एक आधुनिक एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शेलो वॉटर क्राफ्ट शामिल किया गया है। नौसेना को सफलतापूर्वक सौंपा गया यह तीसरा एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शेलो वॉटर क्राफ्ट है। यह नौसैनिक जहाज गॉर्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स कोलकाता द्वारा पूरी तरह स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित किया गया है। चेन्नई में सोमवार को यह नौसैनिक जहाज भारतीय नौसेना में शामिल हुआ है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह स्वदेशी निर्माण का उत्कृष्ट उदाहरण है। अंजदीप आठ एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शेलो वॉटर क्राफ्ट जहाजों की श्रृंखला का तीसरा जहाज है। इसे पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर गॉर्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स और एलएंडटी शिपयार्ड, कट्टुपल्ली के संयुक्त प्रयास से बनाया गया। नौसेना का कहना है

कि इसका निर्माण इंडियन रजिस्ट्रड ऑफ शिपिंग के मानकों के अनुसार किया गया है। यह नौसैनिक जहाज बेहद शक्तिशाली व आधुनिक क्षमताओं से लैस है। इसके आकार व इंजन की बात करें तो इसकी लंबाई लगभग 77 मीटर है। यह जहाज वॉटरजेट प्रोपल्शन से चलने वाले भारतीय नौसेना के सबसे बड़े युद्धपोतों में से है। एंटी सबमरीन शक्ति से लैस यह जहाज अत्याधुनिक लाइटवेट टॉरपीडोज, स्वदेशी एंटी सबमरीन रॉकेट्स व उन्नत शैलो वॉटर सोनार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल वेंटीलेटर में, डाक्टरों की टीम कर रही निगरानी

रायपुर/नवप्रदेश। प्रख्यात हिंदी साहित्यकार एवं भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित विनोद कुमार

शुक्ल (88 वर्ष) वर्तमान में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), रायपुर के क्रिटिकल केयर यूनिट में भर्ती हैं। वे गंभीर श्वसन रोग से पीड़ित हैं तथा वे इंटरस्टिशियल लंग डिज़ीज़ के ज्ञात रोगी हैं। इसके अतिरिक्त उन्हें टाइप-2 मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप सहित कई सह-रोग (को-मॉर्बिडिटीज़) हैं। वर्तमान में उनका उपचार गंभीर निमोनिया के लिए किया जा रहा है, जो प्ल्यूरल इफ्यूजन एवं सिस्टमिक संक्रमण से जटिल हो गया है। उन्हें ओरल कैंडिडायसिस के लिए भी उपचार दिया जा रहा है। उनकी स्थिति अत्यंत गंभीर बनी हुई है।

भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के विकास से महिलाओं के लिए बढ़े रोजगार के अवसर : अश्विनी वैष्णव

नई दिल्ली (आईएएनएस)। भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर महिलाओं के लिए बड़ी संख्या में ब्लू-कॉलर रोजगार के अवसर पैदा कर रहा है। यह जानकारी केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को दी।

उन्होंने रिपोर्ट्स के हवाले से कहा कि ताइवान की कंपनी फॉक्सकॉन ने बेंगलुरु में अपने नए प्लांट में बीते आठ से नौ महीनों में करीब 30,000 कर्मचारियों को नियुक्त किया है और इसमें से करीब 80 प्रतिशत महिलाएं हैं। वैष्णव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि महिलाओं के नेतृत्व वाली बड़ी फैक्ट्री की आज से 10 साल पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। उन्होंने कहा, इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कुशल श्रमिक वर्ग के रोजगारों का सृजन जारी है। इससे महिलाओं को फायदा हो रहा है।

नए आईफोन असेंबली प्लांट

देवनहल्ली में स्थित अपने नए आईफोन असेंबली प्लांट के लिए फॉक्सकॉन ने कथित तौर पर महिलाओं को नियुक्त किया है, जिनमें से अधिकांश पहली बार औपचारिक कार्यबल में शामिल हो रही हैं और इनकी आयु वर्ग मुख्य रूप से 19-24 वर्ष है। अगले वर्ष तक, कारखाने में कर्मचारियों की संख्या बढ़कर लगभग 50,000 होने की उम्मीद है। इस प्लांट में परीक्षण उत्पादन इस वर्ष अप्रैल-मई में आईफोन 16 के साथ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरमा

कामयाबी ... 8 सिंगल शॉट राइफल समेत बड़ी मात्रा में डंप सामग्री बरामद

जवानों ने नक्सलियों की ऑर्डिनेंस फैक्ट्री ध्वस्त की

सुकमा/नवप्रदेश । सुकमा जिले में जवानों ने नक्सलियों के हथियार बनाने की फैक्ट्री को धवस्त कर दिया है। सीआरपीएफ और डीआरजी जवानों की संयुक्त टीम ने इस अभियान को अंजाम दिया है. नक्सलियों ने बंदूक और गोला-बारूद बनाने के लिए मीनागट्टा इलाके के पहाड़ी क्षेत्र में अवैध हथियार निर्माण फैक्ट्री बना रखा था। इसे रविवार को धवस्त करने पर जवानों को बड़ी मात्रा में डंप सामग्री बरामद हुई है, जिसमें 8 सिंगल शॉट रायफल शामिल है।

दरअसल, सुकमा पुलिस की नई रणनीति और लगातार समन्वित एंटी

नक्सल ऑपरेशन के चलते माओवादियों के नेटवर्क पर लगातार करारा प्रहार हो रहा है। विगत वर्ष 2024 से अब तक 599 माओवादी आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा से जुड़ चुके हैं, 460 माओवादी गिरफ्तार और 71 माओवादी मारे गए हैं. वहीं शेष बचे नक्सलियों पर दबाव निरंतर बढ़ता जा रहा है।

ऑर्डिनेंस फैक्ट्री से क्या-क्या मिला ?

सिंगल शॉट राइफल -08 नग, 12 बोर कारतूस - 15 नग, इलेक्ट्रिक डेटोनेटर - 05 नग, कॉर्डेक्स वायर -30 मीटर, मल्टीमीटर -01 नग, सेफ्टी फ्यूज - 30 मीटर, पीईके विस्फोटक -02 किलोग्राम, एएनएफओ विस्फोटक - 01 किलोग्राम, अमोनियम नाइट्रेट - 10 किलोग्राम, वायरलेस वीएचएफ सेट -08 नग, वेल्डिंग मशीन -01 नग, कटर मशीन -01 नग, नक्सली वर्दी एवं वर्दी निर्माण सामग्री, **नक्सली साहित्यः** इसके अलावा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रेल का बढ़ा किराया तो भड़का विपक्षी खेमा

जनता को लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ रही सरकार: खड़गे

नई दिल्ली (वार्ता)। रेल मंत्रालय ने रविवार को ट्रेन की टिकट के दाम को बढ़ाने का एलान किया, जिसके बाद विपक्ष ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े मोदी सरकार पर आम लोगों से लूट करने का आरोप लगाया है। सोमवार को उन्होंने कहा कि सरकार ने एक साल में दूसरी बार रेल किराया बढ़ाया है और यह बढ़ोतरी केंद्रीय बजट से ठीक पहले की गई है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर

किए पोस्ट में खरगे ने लिखा कि मोदी सरकार के दौर में रेलवे की हालत खराब हो गई है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि अलग रेलवे बजट खत्म होने से जवाबदेही भी खत्म ■ शेष पृष्ठ 6 पर

न्यूज गैलरी

बीटीआई ग्राउंड के सामने यातायात में बाधक बने 17 ठेले जब्त

रायपुर/नवप्रदेश। टीम प्रहरी अभियान रायपुर जिला कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और रायपुर नगर निगम आयुक्त विश्वदीप और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उम्मेद सिंह के निर्देशानुसार रायपुर नगर निगम क्षेत्र में जनहित में जनसुविधा हेतु मुख्य मार्गो और बाजारों का यातायात सुगम बनाने नियमित रूप से चलाया जा रहा है। इस क्रम में आज टीम प्रहरी अभियान अंतर्गत रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 3 के क्षेत्र अंतर्गत बीटीआई ग्राउंड के सामने मुख्य मार्ग में अभियान चलाकर लगभग 17 ठेलों को कड़ाई से व्यवस्था सुधारने नगर निगम जोन 3 नगर निवेश विभाग की टीम और नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश विभाग उड़न दस्ता के संयुक्त अभियान अंतर्गत सड़क मार्ग पर से तत्काल जप्त कर लिया गया और लगभग 12 अवैध कब्जे मुख्य मार्ग से हटाए गए, इससे बीटीआई ग्राउंड के सामने मुख्य मार्ग में तत्काल नागरिकों को यातायात जाम की समस्या से त्वरित राहत मिली और यातायात सुगम और सुव्यवस्थित बन गया. टीम प्रहरी का जनहितकारी अभियान रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में आगे भी जारी रहेगा.

मोटर साइकिलों की भिड़ंत, दो लोगों की मौत

अंबागढ़ चौकी/नवप्रदेश। दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा रविवार की शाम अंबागढ़ चौकी दनगढ़ रोड पर ग्राम गोपलीनचुआ के पास हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जांच की जा रही है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रविवार की शाम लगभग 3.45 बजे ग्राम गोपलीनचुवा में दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना भीषण था कि दोनों मोटरसाइकिल सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने दुर्घटना के शिकार दोनों लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंबागढ़ चौकी पहुंचाया, जहां जांच उपरांत चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतकों की पहचान किशोर यादव उम्र लगभग 60 वर्ष निवासी ग्राम सांगली तथा अजय कुमार साहू उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम सलाईटोला थाना डोंगरगांव के रूप में की गई है। किशोर यादव बस चेकर का काम करता था। यह मोटरसाइकिल से दनगढ़ रोड पर जा रहा था। इसी दौरान यह हादसा हो गया। बहरहाल पुलिस ने दुर्घटना के इस मामले में अपराध दर्ज कर लिया है। घटना की जांच की जा रही है।

एक ही हल्के में 41 एकड़ रकबा का किसानों ने किया समर्पण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिला प्रशासन द्वारा कोचियों पर लगातार कार्यवाही और तमड़ी मानिटरिंग के चलते किसान खुद ही रकथा समर्पण करने सामने आ रहे है। प्रशासन द्वारा की जा रही लगातार कार्यवाही से अवैध धान की आवक पर लगाम लग चुका है। जिले से लेकर बार्डर इलाको में तमड़ी पहरेदारी से एक ही पटवारी हल्के में 41 एकड़ रकबा का किसानों ने समर्पण किया है। उल्लेखनीय है कि धान खरीदी के पहले से जिला प्रशासन द्वारा अवैध थान की आवाजाही पर नजर बनाई गई थी। जानकारी अनुसार रविवार को पटवारी हल्का नंबर 31 में ही मुरमुंदा वो किसान नसीच मुजफ्फर खान, प्यारे अहमद, दानीश खान 6.046 हेक्टेपर, मुरमुंदा मेरेगांव तसलीम मुजफ्फर खान प्डरे अहमद से 6.851 हेक्टेयर, खलारी कुजेलाल पिता सियाराम 9.327 हेक्टेयर व खलारी से ही कराया गया हैं। इन चारों किसानों से 765 क्विंटल धान का रकबा समर्पन कराया गया है। अफसरों ने बताया कि, अब तक रकबा समर्पण के जरिए आठ करोड़ रूपए की राशि शासन का बचा लिया गया है। जिला प्रशासन की माने तो धारित रकले में उत्पादन के बद ऐसे रकबे भी है, जहां उपज किसान बेच सकते थे। लेकिन उत्तना उत्पादन नहीं होने के चलते किसान खुद ही रकबा समपर्ण कर हैं। वहीं माना जा रहा है कि कोचियों पर लगातार कार्यवाही से किसानों तक उनका लिंक टूट गया है। जिसके चलते कोचिया अवैध मान किसानों के पर्चे पर नहीं बेच पा रहे है। यही कारण है कि किसान खुद ही अब रकबा समर्पण करने में रूचि दिखा रहे है।

चरित्र सत्यापन के लिए रिश्वत मांगने वाला हेड कांस्टेबल निलंबित

कोरबा/नवप्रदेश। गोपनीय शाखा में चरित्र सत्यापन के लिए आवेदन करने पर रिश्वत मांगने के मामले में वहां पदस्थ हेड कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया। उक्त कार्रवाई आवेदक की शिकायत पर जांच के बाद एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने की। शहर के सीएसईबी चौकी अंतर्गत ढोढ़ीपारा निवासी दीपक साहू (21) ने शनिवार को एसपी ऑफिस में पहुंचकर गोपनीय शाखा में पदस्थ हेड कांस्टेबल सूर्यकांत द्विवेदी के खिलाफ लिखित शिकायत की थी। दीपक के मुताबिक वह एनटीपीसी रायगढ़ में नियोजित कंपनी में हाइड्रा ऑपरेटर के पद पर कार्यरत है। जहां गेट पास नवीनीकरण के लिए पुलिस चरित्र सत्यापन प्रतिवेदन मांगा गया था। जिसके लिए उसने एसपी ऑफिस के गोपनीय शाखा में पहुंचकर आवेदन किया। जहां हेड कांस्टेबल सूर्यकांत द्विवेदी ने 1 हजार रुपए की मांग करते हुए पैसे देने पर तत्काल प्रमाण पत्र बनाकर देने की बात कही।

कोहरे का असर: ट्रेनें 8 से 10 घंटे लेट

राजनांदगांव/नवप्रदेश। उत्तर भारत में पड़ रही कड़ाके की ठंड और कोहरे के कारण अब ट्रेनों की लेट लतीफी से यात्री परेशान हो रहे हैं। सप्ताह भर से अधिकांश रहने विलंब से पहुंच रही हैं आज भी हावड़ा पुणे आजादी एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 9 घंटे देरी से पहुंची जिससे यात्री परेशान हुए हैं शालीमार मुंबई एक्सप्रेस भी 8 घंटे देरी से पहुंचे हैं। ज्ञात हो कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत स्टेशन से होकर भी सैकड़ो ट्रेनों का प्रतिदिन आना जाना हो रहा है। उत्तर भारत में पड़ रही कड़ाके की ठंड और कोहरे के चलते ट्रेनों के टाइमिंग पर देखने को मिल रहा है। स्थानीय स्टेशन प्रबंधन से मिली जानकारी के मुताबिक आज हावड़ा पुणे आजाद हिन्द एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 9 घंटे देरी से रवाना हुई है। इसी प्रकार से हावड़ा अहमदाबाद एक्सप्रेस 6 घंटे देरी से पहुंची है। समता एक्सप्रेस आज अपने निर्धारित समय से 2 घंटा देरी से पहुंची। एर्नाकुलम बिलासपुर एक्सप्रेस भी 7 घंटा देरी से रवाना हुई है। शालीमार मुंबई ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस भी अपने निर्धारित समय से 9 घंटा देरी से रवाना हुई है।

सुकमा के धान खरीदी केंद्रों में अव्यवस्थाओं से नाराज किसानों ने खोला मोर्चा

■ पूरे सुकमा जिले में सड़कों पर उतरा जनसैलाब

सुकमा/नवप्रदेश। धान खरीदी व्यवस्था में कथित अनियमितताओं और व्यापक अव्यवस्थाओं के विरोध में सोमवार को पूरे सुकमा जिले में किसानों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आक्रोश सड़कों पर फूट पड़ा। जिले के विभिन्न हिस्सों में एक साथ चक्का जाम किए जाने से राष्ट्रीय राजमार्ग सहित प्रमुख मार्गों पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा। हालांकि प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश के बाद प्रदर्शनकारियों को हटाया गया और मार्गों पर आवागमन धीरे-धीरे सामान्य कर दिया गया।

इस बीच धान खरीदी को लेकर जिले की ग्राम पंचायत सहित कई गांवों के ग्रामीणों का बड़ा जत्था जिला विभिन्न पंचायतों से लगभग 500 से अधिक ग्रामीण एकजुट होकर खरीदी व्यवस्था के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया।

ग्रामीणों का आरोप है कि जिले के खरीदी केंद्रों में भारी अव्यवस्था व्याप्त है। कहीं तौल में देरी हो रही है तो कहीं बार-बार पंजीयन से जुड़ी समस्याएं सामने आ रही हैं। किसानों का कहना है कि कर्मचारियों की कथित मनमानी और अव्यवस्थित प्रणाली के कारण उन्हें कई-कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है, फिर भी उनकी उपज नहीं खरीदी जा रही। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है और मजबूरन उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा।

जिला मुख्यालय में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी से माहौल कुछ समय के लिए तनावपूर्ण बना रहा। प्रशासनिक अमला सतर्कता के साथ स्थिति पर नजर बनाए हुए है और किसानों से बातचीत कर समस्या के समाधान का प्रयास किया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही जिले भर में धान खरीदी व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक एवं उग्र रूप दिया जाएगा। फिलहाल विरोध प्रदर्शन जारी है और आसपास के गांवों से और किसानों के जिला मुख्यालय पहुंचने की संभावना जताई जा रही है, जिससे आने वाले दिनों में आंदोलन और तेज होने के आसार हैं।

डीपीआरसी भवन जल्द होगा पूर्ण, आयुर्वेद क्लीनिक की साफ-सफाई पर नाराजगी

साइंस पार्क सहित शासकीय कार्यालयों और संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन का निरीक्षण

सुकमा/नवप्रदेश। जिले में शासकीय व्यवस्थाओं को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर अमित कुमार ने सोमवार को साइंस पार्क सहित विभिन्न शासकीय संस्थानों और संयुक्त कलेक्ट्रेट कार्यालय भवन का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न केवल व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की, बल्कि अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिए कि जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य किया जाए।

निरीक्षण की शुरुआत साइंस पार्क सुकमा से हुई, जहां कलेक्टर ने लंबे समय से बंद पड़े पार्क को शीघ्र पुनः संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ-सफाई, पेंटिंग, मरम्मत कार्य एवं हाई मास्ट सोलर लाइट की मरम्मत जल्द पूर्ण कराने को कहा। कलेक्टर ने कहा कि साइंस पार्क के पुनः संचालन से बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ेगी और उन्हें रोचक व ज्ञानवर्धक वातावरण मिलेगा। उन्होंने नगरीय निकाय को पार्क की नियमित देखरेख सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

इसके पश्चात डीपीआरसी (जिला पंचायत संसाधन केंद्र) का निरीक्षण किया। यहां चल रहे मरम्मत कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए, ताकि कार्यालयीन कार्यों में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि डीपीआरसी भवन का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। निरीक्षण के क्रम में कलेक्टर कुमार शासकीय स्पेशलिटी क्लीनिक सुकमा (आयुर्वेद चिकित्सा) पहुंचे। यहां पंजीयन व्यवस्था, स्टाफकी उपस्थिति और परिसर की साफ-सफाई का जायजा लिया गया। साफ-सफाई की स्थिति पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने तत्काल सुधार, आवश्यक मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण करने और मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

इसके बाद कलेक्टर ने संयुक्त कलेक्ट्रेट कार्यालय भवन में स्थित विभिन्न विभागों का निरीक्षण कर कार्यप्रणाली की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी न हो। कलेक्टर अमित कुमार ने जिले में बालिका गृह के संचालन हेतु शीघ्र उपयुक्त स्थल चिन्हांकित कर प्रक्रिया पूर्ण करने, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की लंबित भर्ती प्रकरणों का जल्द निपटारा करने तथा पेंशन प्रकरणों में शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को डीबीटी के माध्यम से लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने दिव्यांगजनों की पेंशन संख्या बढ़ाने और उन्हें कृत्रिम अंग उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक चिन्हांकन तत्काल शुरू करने को कहा। कलेक्ट्रेट के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने जिला स्तरीय सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल सेंटर की स्थापना के निर्देश दिए, जिससे विभिन्न विभागों के कार्यों की निगरानी और समन्वय और अधिक प्रभावी हो सके। खाद्य विभाग के निरीक्षण में उन्होंने स्पष्ट किया कि राशन कार्ड से संबंधित सेवाएं ग्राम और नगरीय निकाय स्तर पर ही उपलब्ध कराई जाएं, ताकि हितग्राहियों को जिला कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें।

ट्रेलर चालक को अगवा कर नगदी और मोबाइल की लूट

कोरबा/नवप्रदेश। कुसमुंडा खदान में ट्रेलर खड़े कर खाना खाने जा रहे चालक को बोलेरो सवार बदमाशों ने अगवा कर लिया। उन्होंने थोड़ी दूर जाने के बाद चालक से 3 हजार नगदी से भरे पर्स व मोबाइल लूट लिया। वे चालक के हाथ पैर को रस्सी से बांध रेलवे लाइन के किनारे फेंक भाग निकले। ट्रेलर चालक खुले आसमान के नीचे कड़कती ठंड में पूरी रात पड़ा रहा। इस बीच मालगाड़ी की चपेट में आकर युवक के एक पैर का एड़ी कटकर अलग हो चुका था। उसे दोस्त ने इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल दाखिल कराया, जहां उसका उपचार जारी है।

यह वाक्या रविवार की सुबह कुसमुंडा गेट नंबर 6 के समीप सामने आया। दरअसल गेट नंबर 6 की ओर लोगों की आवाजाही चल रही थी। इसी दौरान एक व्यक्ति की नजर रेल पटरी के समीप पड़े युवक पर गई। वह किसी अनहोनी की आशंका से मौके पर पहुंचा। उसने करीब जाकर देखा तो एक युवक पटरी के किनारे दर्द से कराह रहा था। उसके दोनों हाथ पैर रस्सी से बंधे थे। उसके बाएं पैर का एडी कटकर अलग हो चुका था। उस व्यक्ति ने युवक की हालत देख रस्सी खोल उसे आजाद करा दिया। घायल युवक ने उसके मोबाइल से कॉल कर ट्रेलर चालक का काम करने वाले अपने दोस्त राजनाथ को दी। राजनाथ मौके पर पहुंचा तो भीड़ लगी थी। उसने एम्बुलेंस की मदद से घायल युवक को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल दाखिल कराया। जहां बातचीत के दौरान घायल युवक ने अपनी आपबीती सुना दी।

दरअसल घायल युवक मूलतः ग्राम बघनारी, थाना चोपन, जिला सोनभद्र यूपी निवासी विनोद कहार पेशे से वाहन चालक है। उसने बताया कि वह करीब दो माह से कोरबा आकर विनय अग्रवाल के पास ट्रेलर चालक का काम कर रहा है। वह शनिवार की रात ट्रेलर क्रमांक सीजी 15 एसी 4154 में कुसमुंडा खदान पहुंचा, जहां ट्रेलर को खड़े कर विनोद खाना खाने जा रहा था। वह थोड़ी दूर पहुंचा था। इसी दौरान बोलेरो में तीन चार युवक पहुंचे। उन्होंने विनोद को जबरिया बोलेरो में बिठा लिया। वे थोड़ी ले जाने के बाद मारपीट करने लगे। उन्होंने विनोद से तीन हजान रूपए व दस्तावेज से भरे पर्स के अलावा मोबाइल को लूट लिया।

अवैध रेत खनन पर प्रशासन सख्त, कागदेही खदान सील

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर जिले में अवैध रेत खनन के खिलाफसख्त कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में खनिज विभाग की टीम ने आरंग क्षेत्र के समोदा, कागदेही और हरदीडीह रेत खदानों में औचक निरीक्षण किया, जहां अवैध खनन की गतिविधियां पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की गई।

निरीक्षण के दौरान समोदा और कागदेही रेत खदान से एक मोटर बोट सक्शन मशीन (पनडुब्बी) और एक चेन माउंट मशीन जब्त कर खनन कार्य बंद कराया गया। कागदेही रेत खदान को सील कर दिया गया है। वहीं हरदीडीह क्षेत्र में अवैध खनन में संलिप्त दो हाइवा वाहनों को जब्त कर आरंग थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है।

वहीं मामले में खनन से जुड़े लोगों और खदान संचालक को नोटिस जारी कर खान एवं खनिज तथा पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन और परिवहन पर कड़ी नजर रखी जा रही है और इस तरह की गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

'ब्लू वाटर' खदान में तैरती मिली बिना सिर की लाश

रायपुर/नवप्रदेश। नवा रायपुर स्थित प्रसिद्ध 'ब्लू वाटर' खदान में शनिवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। हत्या की यह वारदात इतनी खौफनाक है कि हत्यारे ने शव का सिर और हाथ के पंजे काटकर अलग कर दिए हैं, जो मौके पर नहीं मिले हैं। स्थानीय लोगों ने जब खदान के पानी में एक मानव शरीर को तैरते देखा, तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची माना थाना पुलिस ने जब शव को बाहर निकाला, तो स्थिति देख पुलिस अधिकारी भी दंग रह गए। मृतक का सिर धड़ से गायब था और हाथ के पंजे भी बेरहमी से काट दिए गए थे। शव की इस भयावह स्थिति को देखते हुए पुलिस इसे सोची-समझी साजिश और नृशंस हत्या मान रही है।

भिनोदा में गुरु घासीदास जयंती पर सेवा संस्कार और स्वास्थ्य का संगम

सरसींवा /नवप्रदेश। ग्राम पंचायत भिनोदा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा और सेवा भावना के साथ मनाई गई। आयोजन में पूरे गांव का उत्साह देखते ही बन रहा था, जहां सामाजिक समरसता, संस्कृति और जनसेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा गुरु घासीदास जी के आदर्शों को समर्पित पंथी नृत्य से हुई, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर गांव के युवाओं द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए शिक्षा को प्रोत्साहन देने का अनुकरणीय कदम उठाया गया। शासकीय विद्यालय भिनोदा में कक्षा 1 से 8वीं तक अध्ययनरत उन विद्यार्थियों को, जिन्होंने पिछले सत्र में अपनी-अपनी कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया था उन्हें प्रोत्साहन राशि प्रदान करने का भी कार्यक्रम रखा गया है । यह पहल न केवल बच्चों में प्रतिस्पर्धा और पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाएगी, बल्कि विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को भी सशक्त करेगी। इस प्रेरक कार्य में सहयोग देने वालों में गोपी अजय, जवाहिर लहरे, पारस जांगड़े, नीलेश सोनवानी, हरीश निराला एवं रविंद्रनाथ निराला का विशेष योगदान रहा जिनकी सामाजिक सहभागिता की ग्रामीणों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।

कार्यक्रम की एक और महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में, पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी गांव में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से सैकड़ों ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें मुफ्त दवाइयां भी वितरित की गईं।

कान्हा क्लब की वॉलीबॉल स्पर्धा के फाइनल में रायपुर का दबदबा

रोमांचक पा3च सेट के मुकाबले में साईं रायपुर को 3-2 से हराकर भव्य ट्रॉफी पर जमाया कब्ज़ा

गरियाबंद/नवप्रदेश। कान्हा क्लब गरियाबंद द्वारा आयोजित भव्य दो दिवसीय ओपन वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन देर रात अत्यंत रोमांचक फाइनल मुकाबले के साथ हुआ। इस फाइनल मुकाबले में SAI रायपुर और डिस्टिक रायपुर की टीमें आमने-सामने रहीं।

पाँच सेट तक चले इस संघर्षपूर्ण मुकाबले में पहले दो सेट SAI रायपुर ने अपने नाम किए, लेकिन इसके बाद डिस्टिक रायपुर ने जबरदस्त खेल का प्रदर्शन करते हुए लगातार तीन सेट जीतकर मुकाबले पर कब्ज़ा जमाया और भव्य ट्रॉफी के साथ 21,000 रुपये की नकद पुरस्कार राशि अपने नाम कर ली। मुकाबला इतना रोमांचक रहा कि एक-एक अंक के लिए दोनों टीमों के खिलाड़ी आख़िरी दम तक जूझते नजर आए। कड़ाके की ठंड के बावजूद दर्शकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। अंतिम पॉइंट तक हजारों की संख्या में दर्शक मैदान में डटे रहे और जैसे ही विजेता घोषित हुआ, पूरा मैदान तालियों और जयघोष से गूंज उठा।

गरिमामयी अतिथियों की रही विशेष उपस्थिति- इस भव्य फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्रकार उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गफ़्फ़ू मेमन ने की।विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कोषाध्यक्ष अजय रोहरा, जिला मंत्री सुरेंद्र सोनटेके, जिला वॉलीबॉल सचिव हरमेश चवाड़ा, डीएफओ वरुण जैन,थाना प्रभारी ओम प्रकाश यादव,जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष ज्ञानेश तिवारी,अश्वनी वर्मा, अतिथि के रूप में सुनील यादव, भाईजान रिजवान मेमन, विनय दासवानी, सुब्रत पात्र, दीपक सरवैया, विकास रोहरा, अमित ठक्कर, पप्पू ठाकुर, आशीष ठक्कर, सलीम मेमन की विशेष उपस्थिति रही।

अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं युवाओं को खेलों से जोड़ने के साथ-साथ जिले की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती हैं।

सेमीफाइनल मुकाबलों में भी दिखा दमदार खेल: प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबलों में भी दर्शकों को शानदार खेल देखने को मिला। पहले सेमीफाइनल में डिस्टिक रायपुर की टीम ने खेलो इंडिया को 25-15, 25-18 से सीधे सेटों में पराजित किया। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में साईं रायपुर ने कवर्धा की टीम को 25-20, 25-18 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

आयोजन को सफल बनाने में इनका रहा महत्वपूर्ण योगदान

कार्यक्रम को सफल बनाने में छगन यादव, प्रकाश सरवैया, ललित साहू, प्रकाश सोनी, सूरज सिन्हा, अनुराग केला, क्षितिज गुप्ता, वैभव ठक्कर, बाबू भोसले, गुंचू यादव, कादर अली, नमन सेन, कृष्णा कश्यप, जय मुनि, मनोज भगत, लच्छी यादव, संतोष यादव, जगदीश यादव, कमलेश यादव, कार्तिक यादव, सुनील यादव, शुभम यादव, अमान मेमन, कृष्ण ठाकुर, चीनू ठाकुर, अंकित सिन्हा, शिवा सुमन, चंदन मलय, चंद्रशेखर, लोकू सिन्हा, भूपेंद्र कश्यप, आकाश तिवारी, निक्की रावत एवं वीर का सराहनीय सहयोग रहा।

शिकायतकर्ता के साथ मारपीट के बाद भी कार्रवाई नहीं, शुष्क दिवस पर भी बेची गई शराब

गंज मंडी में पुलिस-आबकारी के 'साये' में अवैध शराब का कारोबार

वीडियो सबूत सौंपने के बाद भी अफसर मौन

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के व्यस्ततम इलाके गंज मंडी में अवैध शराब बिक्री का कारोबार पुलिस और आबकारी विभाग की नाक के नीचे धड़ल्ले से जारी है। स्थानीय रहवासियों का आरोप है कि वर्दीधारियों के कथित संरक्षण के चलते शराब माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि गुरु घासीदास जयंती जैसे 'शुष्क दिवस' पर भी यहां खुलेआम जाम छलकते रहे। शिकायतकर्ताओं द्वारा आबकारी अफसरों को वीडियो सबूत सौंपने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

विरोध करने पर कारोबारी और सुपरवाइजर पर हमला मामले की गंभीरता तब और बढ़ गई जब अवैध कारोबार का विरोध करने पर स्थानीय नागरिकों के साथ मारपीट की गई। गंज इलाके के निवासी और कारोबारी समीर खान ने बताया कि 13 दिसंबर को वह अपने सुपरवाइजर जितेंद्र श्रीवास्तव के साथ अपनी दुकान को किराए पर देने के सिलसिले में गंज मंडी पहुंचे थे।

वहां उनकी दुकान के पास ही शराब माफिया दीपक मुदलियार और मनोज मानिकपुरी के गुर्गे अवैध रूप से शराब बेच रहे थे। सुपरवाइजर जितेंद्र ने जब आरोपियों को दुकान से दूर जाकर शराब बेचने को कहा, तो विवाद शुरू हो गया। कुछ ही देर में दीपक मुदलियार, मनोज मानिकपुरी, राजेंद्र नाग, जामिल, त्रिपाल, दीपमाला और 8-10 अन्य लोग वहां आ धमके और जितेंद्र के साथ मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने आए समीर खान के साथ भी धक्का-मुक्की और मारपीट की गई। 10 दिन बीते, पुलिस के हाथ अब भी खाली पीड़ित पक्ष का आरोप है कि घटना के तत्काल बाद गंज थाने में नामजद शिकायत दर्ज कराई गई थी। बावजूद इसके, घटना के 10 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोई सख्त कदम नहीं उठाया है। कार्रवाई न होने से आरोपी बेखौफ होकर इलाके में घूम रहे हैं और अपना कारोबार चला रहे हैं।

सुबह 4 बजे से शुरू हो जाता है 'मयखाना'

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, गंज मंडी में सुबह 4 बजे से ही 'शोले' ब्रांड की अवैध शराब की बिक्री शुरू हो जाती है जो देर रात तक चलती है। पुलिस की भूमिका पर सवाल तब और गहरे हो गए जब बीते दिनों पुलिस ने 70 क्वार्टर शराब जब्त करने का दावा किया, लेकिन यह शराब किससे जब्त की गई और आरोपी कौन है, इसका जवाब जिम्मेदार अधिकारी नहीं दे पा रहे हैं। यह पूरी कवायद केवल खानापूर्ति नजर आ रही है।

48 करोड़ का फर्जीवाड़ा उजागर, दो अरेस्ट

मैग्नेटो मॉल के दफ्तर से चल रहा था फर्जी जीएसटी फर्मों का काला खेल

रायपुर/नवप्रदेश। वस्तु एवं सेवा कर खुफिया महानिदेशालय (डीजीजीआई) की रायपुर इकाई ने फर्जी इनवॉइस और जीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में पुलिस ने अमन कुमार अग्रवाल और विक्रम मंधानी को गिरफ्तार किया है। आरोपी रायपुर के मैग्नेटो मॉल स्थित एक दफ्तर से फर्जी फर्मों का जाल बुनकर सरकार को करोड़ों की चपत लगा रहे थे।

9 करोड़ की टैक्स चोरी, आंकड़ा बढ़ने की उम्मीद: प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने बिना किसी वास्तविक माल की सप्लाई के लगभग 48 करोड़ रुपये के फर्जी इनवॉइस जारी किए। इसके जरिए करीब 9 करोड़ रुपये का अवैध इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) पास किया गया। अधिकारियों का मानना है कि जांच आगे बढ़ने पर फर्जीवाड़े का यह आंकड़ा और भी बड़ा हो सकता है।

20 सिम और 50 से ज्यादा आईडी बरामद

डीजीजीआई की टीम ने 19 दिसंबर को मैग्नेटो मॉल की तीसरी मंजिल पर स्थित 'मेसर्स प्रेम एंटरप्राइजेज' के परिसर में तलाशी ली। इस दौरान चौंकाने वाले साक्ष्य मिले।

फर्जी सिम कार्ड: मौके से लगभग 20 सिम कार्ड बरामद हुए, जिनका इस्तेमाल फर्जी जीएसटी रजिस्ट्रेशन के लिए किया जाता था।

लॉगिन-पासवर्ड का जखीरा: आरोपी विक्रम मंधानी के पास 50 से अधिक फर्जी फर्मों के जीएसटी लॉगिन-आईडी और पासवर्ड मिले हैं। इन फर्मों से जुड़े सभी ईमेल आईडी वही संचालित कर रहा था।

आदतन अपराधी है अमन अग्रवाल, पहले भी जा चुका है जेल: गिरफ्तार आरोपियों में से अमन कुमार अग्रवाल एक आदतन अपराधी है। उसे पहले भी छत्तीसगढ़ राज्य जीएसटी द्वारा 10 जून 2025 को इसी तरह के फर्जीवाड़े के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। जेल से बाहर आते ही उसने फिर से फर्जी फर्मों का रैकेट शुरू कर दिया।

2 जनवरी तक न्यायिक हिरासत में भेजे गए आरोपी: डीजीजीआई के अधिकारियों ने दोनों आरोपियों को 20 दिसंबर को गिरफ्तार किया और 21 दिसंबर को कोर्ट में पेश किया। अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अमन अग्रवाल और विक्रम मंधानी को 02 जनवरी तक के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

राजधानी में शुरु होगी ड्रोन पेट्रोलिंग

नशे के खिलाफ अभियान और तेज होगा: गृहमंत्री विजय शर्मा

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में अपराधियों की धरपकड़ करने ड्रोन पेट्रोलिंग की योजना बनाई गई है। जल्दी ही इस पर अमल किया जायेगा। इस सम्बंध में जानकारी देते हुए सोमवार को गृहमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि नशेड़ियों के खिलाफ पुलिस का अभियान और सख्ती से चलेगा और दोषी पाए जाने पर प्रापर्टी सीज की जाएगी।

गौरतलब है कि राजधानी रायपुर में पिछले कुछ समय से सूखे नशे का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। राजधानी बड़ी ही आसानी से गांजा और ड्रग्स समेत नशे के अन्य सामान मिल रहे हैं। राजधानी पुलिस ने अब तक सूखे नशे से जुड़े करीब 79 पैडलर्स को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसके बाद भी पैडलर्स पुलिस की नाक के नीचे से अपने खास ग्राहकों को चोरी-छिपे नशे का सामान सप्लाई कर रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि दो साल में मुख्यमंत्री श्री साय विकास का प्रतिमान बने हैं। मोदी की गारंटी में हमने प्रधानमंत्री आवास को स्वीकृति और नक्सलवाद के खात्मे का जो वादा किया था, प्रदेश सरकार उसमें खरी उतरी है। सन् 2011 की प्रतीक्षा सूची के 6.99 लाख आवास बनाकर सौंपे जा चुके हैम और 18 लाख आवासों के लिए स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। प्रदेश में रोज 1985 आवास बन रहे हैं, जो एक रिकॉर्ड है। प्रदेश की जनता की आकांक्षा के अनुरूप प्रदेश में 31 मार्च तक नक्सलवाद खत्म होकर रहेगा।

सरकारी संपत्ति को गंदा करने वाले 7 संस्थानों पर जुर्माना

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी की दीवारों और सरकारी संपत्तियों को अवैध विज्ञापनों से बदरंग करने वालों के खिलाफ नगर पालिक निगम ने सख्ती शुरू कर दी है। नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन-3 की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 7 विभिन्न संस्थानों के संचालकों पर जुर्माना ठोंका है। जोन कमिश्नर प्रीति सिंह के मार्गदर्शन में नगर निवेश विभाग की टीम ने क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान पाया गया कि कई निजी संस्थानों ने बिना अनुमति के शासकीय संपत्तियों पर अपने पोस्टर और विज्ञापन चस्पा कर रखे थे।

सांसद खेल महोत्सव: मेगा फाईनल राउंड आज से

- मनोज तिवारी होंगे फाईनल के मुख्य अतिथि

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा क्षेत्र में आयोजित सांसद खेल महोत्सव अब अपने अंतिम एवं निर्णायक चरण में प्रवेश कर चुका है। इस महोत्सव का मेगा फाईनल एवं समापन समारोह 23 से 25 दिसंबर तक विभिन्न खेल स्थलों पर आयोजित किया जाएगा। सोमवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल ने बताया कि यह महोत्सव यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फिट इंडिया खेलो इंडिया की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल बन चुका है। रायपुर लोकसभा क्षेत्र की 9 विधानसभाओं–रायपुर दक्षिण, रायपुर पश्चिम, रायपुर उत्तर, रायपुर ग्रामीण, आरंग, अभनपुर, धरसीवा, भाटापारा एवं बलौदा बाजार से 85 हजार से अधिक खिलाड़ियों की सहभागिता ने इस आयोजन को अभूतपूर्व जनसमर्थन प्रदान किया और देशभर में पहचान दिलाई है। उन्होंने बताया कि, 21 सितंबर से संकुल, जोन एवं ब्लॉक स्तर पर प्रारंभ हुई प्रतियोगिताओं के पश्चात अब 23 एवं 24 दिसंबर को मेगा फाईनल आयोजित किया जा रहा है। 24 दिसंबर को नेताजी सुभाष स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली के सांसद एवं लोकप्रिय गायक मनोज तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, जिससे युवाओं एवं आमजन में विशेष उत्साह का संचार होगा। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने बताया कि प्रतियोगिता के तीनों दिन विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान राज्य का नाम देश-विदेश में रोशन करने वाले खिलाड़ियों एवं खेल अधिकारियों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही प्रतिदिन छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाने हेतु रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

छात्रा को वीडियो वायरल की धमकी

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के कबीर नगर इलाके में एक कॉलेज छात्रा को डरा-धमकाकर छेड़छाड़ करने और अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर कबीर नगर थाना पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कबीर नगर गुरुनानक चौक निवासी एक छात्रा, जो मैट्स कॉलेज में बी.कॉम प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही है, ने पुलिस को दी लिखित शिकायत में बताया कि आरोपी आरव रॉय, निवासी टीचर्स कॉलोनी अक्टूबर 2025 से उसे लगातार प्रताड़ित कर रहा है।

सुविचार

मुर्दो की न तो बुराई होती है न उनका विरोध होता है और न ही उसके दुश्मन होते हैं। यदि ये तीन बातें आपके साथ भी हैं तो आप भी मुर्दा हो। - अज्ञात

बांग्लादेश में फिर हिंसा का तांडव

बांग्लादेश में एक बार फिर हिंसा का तांडव शुरू हो गया है। इस बार भी कट्टर पंथी ताकतें हिंदुओं को निशाना बना रहे हैं। जमात ए इस्लामी नामक संगठन के सामने वहां की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद युनूस ने या तो घुटने टेक दिए हैं या फिर वे भी कट्टरपंथी ताकतों के साथ हैं। तभी तो कट्टरपंथियों ने एक हिन्दू युवक को पुलिस हिरासत से छुड़ाकर उसकी नृशंस हत्या कर दी। हिंदुओं के घरों को जलाया जा रहा है। लूटपाट की जा रही है। हिन्दू महिलाओं को हिजाब पहनने के लिए बाध्य किया जा रहा है। मीडिया संस्थानों पर भी हमले हो रहे हैं। अराजकता फैलाई जा रही है और मोहम्मद युनूस सरकार मूकदर्शक बनकर तमाशा देख रही है। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा कोई नई बात नहीं है। जब से शेख हसीना की सरकार का तख्ता पलट हुआ है और उन्होंने भारत में शरण ली है तभी से लगातार बांग्लादेश में हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। किन्तु अब पानी सिर से ऊंचा हो गया है अब तो वहां भारत विरोधी नारे लग रहे हैं और कट्टरपंथी नेता भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को बांग्लादेश में मिलाने की धमकी दे रहे हैं। अब भारत सरकार को बांग्लादेश को सबक सिखाने में देर नहीं करनी चाहिए। भारत में लोगों ने बांग्लादेश के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया है। वकीलों ने देश के कई स्थानों पर प्रदर्शन किया है। कांग्रेस की सांसद प्रियंका गांधी ने भी बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए इसे मानवता के खिलाफबताया है और केन्द्र सरकार से मांग की है कि वो बांग्लादेश को सबक सिखाए। भारत ने बांग्लादेश को हिंदुओं पर अत्याचार रोकने की चेतावनी दी है और भारत बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा कड़ी की है लेकिन बांग्लादेश भी पाकिस्तान की तरह ही लातों का भूत है जो बातों से नहीं मानने वाला है। भारत में बंगाल और असम में जल्द चुनाव होने जा रहे हैं और इन दोनों राज्यों की सीमा बांग्लादेश से लगी हुई है। इसलिए अतिरिक्त सतर्कता बरतने की जरूरत है। उम्मीद की जानी चाहिए कि भारत सरकार बांग्लादेश के खिलाफ कूटनीतिक प्रयास करने के साथ ही उसे उसी की भाषा में जवाब देने में और देर नही करेगी।

टी-20 वर्ल्ड कप टीम से शुभमन गिल की छुट्टी

टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए टीम इंडिया का ऐलान हो गया है। टीम से उप कप्तान शुभमन गिल की छुट्टी कर दी गई है। उनकी जगह विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन अब टीम इंडिया के ओपनर बल्लेबाज के रुप में खेलेंगे जिन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ आक्रामक पारी खेली थी। इसके साथ ही लंबे समय बाद एक और विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन को भी टीम इंडिया का हिस्सा बनाया गया है। गौरतलब है कि शुभमन गिल खराब फार्म से जूझ रहे हैं। इस बारे में मुख्य चयनकर्ता अजीत आगरकर ने कहा है कि शुभमन गिल के खराब प्रदर्शन और टीम के संतुलन को ध्यान में रखते हुए गिल को हटाने का निर्णय लिया गया है। अब उनकी जगह अक्षर पटेल टीम इंडिया के उप कप्तान होंगे। बहरहाल टीम इंडिया अब संतुलित नजर आ रही है और उसने साउथ अफ्रीका के खिलाफ जो बेहतरीन प्रदर्शन किया है उसे मद्देनजर रखकर यह उम्मीद की जा सकती है कि सूर्य कुमार यादव की कप्तानी में टीम इंडिया इस बार भी विश्व कप जीतने में निश्चित रूप से सफल होगी।

परमाणु ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य

आर.बी. ग्रोवर

मानव विकास का संबंध ऊर्जा खपत से है। 1971 में साइंटिफिक अमेरिकन में प्रकाशित एक महत्वपूर्ण शोध पत्र में, अर्ल कुक ने बताया कि आदिम मानव से लेकर आधुनिक तकनीकी मानव तक, प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत कैसे बढ़ती गई। आदिम मानव को केवल भोजन के लिए ऊर्जा चाहिए होती थी। शिकार के दौर में घर और व्यापार से जुड़ी ऊर्जा जरूरतें भी जुड़ गईं। जब मानव कृषि करने लगा, तो उद्योग, खेती और परिवहन के लिए भी ऊर्जा की मांग पैदा हुई।

> न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) ने अलग-अलग क्षमता वाले पीएचडब्ल्यूआर के डिजाइन और संचालन में महारत हासिल कर ली है, जिनमें सबसे बड़ी क्षमता 700 मेगावाट की है। 700 मेगावाट की तीन इकाइयां पहले से ही काम कर रही हैं और चौथी इकाई लगभग पूरी होचुकी है। दो और इकाइयां निर्माण के उन्नत चरण में हैं। वर्ष 2017 में केंद्र सरकार ने 700 मेगावाट क्षमता के दस पीएचडब्ल्यूआर के निर्माण को मंजूरी दी थी, और इन परियोजनाओं पर काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। 1980 के दशक में एक नियामक निकाय की स्थापना की गई थी, जिसने परमाणु ऊर्जा संयंत्रों को विनियमित करने की क्षमता विकसित की है। भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र ने मूल्यवान सामग्रियों की पुनर्प्राप्ति के लिए प्रयुक्त परमाणु ईंधन के पुनर्संसाधन और परमाणु अपशिष्ट प्रबंधन के लिए प्रौद्योगिकियां विकसित की हैं। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप, परमाणु ऊर्जा उत्पादन भारत के लिए तकनीकी रूप से व्यवहार्य, किफायती और सुरक्षित विकल्प है।

औद्योगिक और तकनीकी चरणों में भोजन, घर, व्यापार, कृषि और परिवहन के लिए ऊर्जा की जरूरत लगातार बढ़ती गई। वर्तमान समय डिजिटल तकनीकों का युग है, और अर्थव्यवस्था का डिजिटलीकरण अतिरिक्त ऊर्जा की मांग करता है। मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) मानव विकास का सटीक आकलन प्रस्तुत करता है। इसमें प्रति व्यक्ति आय, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे तीन महत्वपूर्ण संकेतक शामिल हैं। एचडीआई और प्रति व्यक्ति अंतिम ऊर्जा खपत (एफईसी) के बीच संबंध का उपयोग करके यह तय किया जा सकता है कि किसी खास एचडीआई स्तर तक पहुंचने के लिए कितनी ऊर्जा की जरूरत होगी। जी20 समूह का सदस्य होने के नाते भारत उन देशों के साथ खड़ा है, जिनका एचडीआई 0.9 से अधिक है।

हमारे अनुमानों के अनुसार, ऊर्जा दक्षता और अंतिम उपयोगों के विद्युतीकरण में और सुधार को ध्यान में रखते हुए, 0.9 तक पहुंचने के लिए भारत को प्रति वर्ष लगभग 24,000 टेरा-वाट-घंटे (टीडब्ल्यूएच) ऊर्जा उत्पन्न करने की आवश्यकता होगी (करंट साइंस, 2022, 122(5), 517ङ्क527)। इसमें से लगभग 60 प्रतिशत बिजली के रूप में इस्तेमाल होगी, जबकि शेष भाग का उपयोग इलेक्ट्रोलाइज़र में हाइड्रोजन बनाने के लिए किया जाएगा। हाइड्रोजन की जरूरत स्टील, उर्वरक, प्लास्टिक जैसे क्षेत्रों को कार्बन मुक्त करने के लिए होती है। जब हाइड्रोजन उत्पादन की वैकल्पिक तकनीकें बड़े पैमाने पर विकसित हो जाएंगी, तो बिजली की आवश्यकता भी कम हो जाएगी। 2023-24 में बिजली उत्पादन लगभग 1950 टेरा-वाट-घंटे था, और हाल के वर्षों में सीएजीआर लगभग 4.8 प्रतिशत रहा है। इस स्तर पर विकास दर बनाए रखते हुए, चार से पांच दशकों में प्रति वर्ष 24,000 (टीडब्ल्यूएच) बिजली का उत्पादन संभव होगा। हालांकि, इसमें दो जटिलताएं हैं।

सबसे पहले, भारत को अपने ऊर्जा मिश्रण को कार्बन-मुक्त बनाना होगा। इसलिए बिजली उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ अंतिम उपयोगों का विद्युतीकरण और ऊर्जा मिश्रण का पुनर्गठन भी जरूरी है। वर्तमान में अंतिम ऊर्जा खपत (एफईसी) में बिजली की हिस्सेदारी लगभग 22 प्रतिशत है, जिसे काफी बढ़ाना होगा। आज का ऊर्जा मिश्रण मुख्य रूप से जीवाश्म ईंधनों पर निर्भर है, जबकि इन्हें ऐसे ऊर्जा स्रोतों से बदलना होगा जिनसे कार्बन उत्सर्जन न हो। इसका

मतलब है कि भारत को जलविद्युत, परमाणु, सौर और पवन ऊर्जा से अधिक बिजली पैदा करनी होगी।भारत में जलविद्युत और पवन ऊर्जा की क्षमता सीमित है। देश की आबादी घनी है, इसलिए सौर फोटोवोल्टिक रियोजनाओं के लिए बहुत बड़े भू-भाग को अलग करना आसान नहीं है। हालांकि जल, सौर और पवन ऊर्जा की पूरी क्षमता का उपयोग किया जाना चाहिए, लेकिन केवल ये स्रोत मिलकर भी 0.9 से अधिक एचडीआई हासिल करने के लिए जरूरी ऊर्जा स्तर उपलब्ध कराने में पर्याप्त नहीं हैं। इसलिए परमाणु ऊर्जा उत्पादन को तेजी से बढ़ाना होगा।

जब तक यह लक्ष्य पूरा नहीं होता, तब तक भारत को कुछ हद तक जीवाश्म ईंधनों का उपयोग जारी रखना पड़ेगा। दूसरे, सौर और पवन ऊर्जा अनियमित (अस्थिर) स्रोत हैं। सौर पैनलों और पवन चक्कियों से बनने वाली बिजली समय और मौसम के अनुसार बदलती रहती है। इसलिए बिजली की आपूर्ति को मांग के अनुरूप रखने के लिए, अधिक उत्पादन होने पर बिजली को संग्रहित करना और उत्पादन कम होने पर आपूर्ति बढ़ाना जरूरी होता है। बिजली का भंडारण महंगा है, और सौर व पवन ऊर्जा में मौसमी उतार-चढ़ाव को संभालने के लिए बड़े पैमाने पर भंडारण व्यवस्था करना बेहद खर्चीला है। उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली उपलब्ध कराने के लिए बिजली के मिश्रण में पर्याप्त बेस-लोड उत्पादन क्षमता होनी चाहिए, यानी ऐसी बिजली जो मौसम या दिन-रात पर निर्भर न हो।

परमाणु बिजलीघर निरंतर बेस-लोड बिजली देते हैं, इसलिए कार्बन-मुक्त ऊर्जा मिश्रण में उनका शामिल होना आवश्यक है। इस आवश्यकता को समझते हुए, परमाणु ऊर्जा विभाग की इकाइयां भारतीय उद्योग के सहयोग से परमाणु ऊर्जा का उपयोग इस तरह करने पर काम कर रही हैं कि पूरी आपूर्ति श्रृंखला देश में ही विकसित हो। भारत में पर्याप्त यूरेनियम नहीं है, इसलिए केवल यूरेनियम का आयात करना पड़ता है। भारत ने परमाणु ईंधन तैयार करने, भारी नी (हेवी वॉटर) बनाने और दाबित भारी जल रिएक्टर (पीएचडब्ल्यूआर) के निर्माण के लिए जरूरी सभी उपकरणों की तकनीक विकसित कर ली है।

बदलती व्यापक अर्थव्यवस्था में ग्रामीण रोजगार पर पुनर्विचार

प्रो. ज्योतिष सत्यापालन

भारत की ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना को ऐसे समय में स्वरुप दिया गया था, जब ग्रामीण अर्थव्यवस्थाएं गंभीर आर्थिक संकट, सीमित गैर-कृषि अवसरों और कमजोर बुनियादी ढांचे से जूझ रहीं थीं। दो दशक बाद, व्यापक आर्थिक परिदृश्य बदल चुका है। गरीबी कम हुई है, ग्रामीण संपर्क में सुधार हुआ है और वित्तीय समावेशन का भी विस्तार हुआ है। इसके बावजूद, सार्वजनिक रोजगार की मांग लगातार बनी हुई है, जिसका मुख्य कारण पूर्ण अभाव नहीं बल्कि आजीविका का जोखिम, जलवायु अस्थिरता और असमान क्षेत्रीय विकास है। यही बदलाव रोजगार गारंटी ढांचे में सुधार की मांग करता है।

> पहले के कार्यान्वयन में एक और बाधा टुकड़ों में बंटी योजनाएं थी। अलग-थलग, योजना-आधारित कार्यों ने पैमाने को सीमित कर दिया और संपत्तियों की गुणवत्ता को कमजोर कर दिया। विकसित ग्राम पंचायत योजनाओं की शुरुआत ने रोजगार कार्यों को एकीकृत, ग्राम-स्तरीय विकास योजनाओं के तहत रखकर इस समस्या का समाधान किया है। स्थानिक उपकरणों का उपयोग करके तैयार की गई और राष्ट्रीय योजना प्लेटफार्मों के अनुरूप बनाई गई ये योजनाएं बुनियादी ढांचे, जल, आवास और आजीविका निवेशों में समन्वय को बेहतर बनाती हैं। कार्यों को एक एकीकृत ग्रामीण बुनियादी ढांचे के ढांचे में समेकित करने से दोहराव कम होता है और सार्वजनिक निवेश की दक्षता में सुधार होता है। इससे ग्रामीण रोजगार को एक समानांतर प्रणाली के रूप में मानने के बजाय व्यापक विकास प्रक्रिया के तहत रखा जाता है।

व्यापक आर्थिक नज़रिए से देखें तो, मजदूरी-आधारित रोजगार कार्यक्रम ग्रामीण अर्थव्यवस्था में स्थिरता लाने में लंबे समय से अहम भूमिका निभाते रहे हैं। ये मंदी के दौरान उत्पादों के उपभोग को सुचारू बनाते हैं, संकटग्रस्त पलायन को कम करते हैं और उन क्षेत्रों में मांग के लिए मददगार साबित होते हैं, जहां रोजगार के अवसर स्थिर नहीं रहते। भले ही सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कृषि की हिस्सेदारी कम हुई है, फिर भी यह कार्यबल के एक बड़े हिस्से को रोजगार प्रदान करती है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में गैर-कृषि रोजगार सृजन में स्थिर विकल्प प्रदान करने के लिए पर्याप्त तेजी से वृद्धि नहीं हुई है। यही संरचनात्मक असंतुलन बताता है कि सार्वजनिक रोजगार आज भी क्यों ज़रुरी है। विकसित भारतङ्करोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक, 2025 ग्रामीण रोजगार को एक व्यापक राजकोषीय ढांचे में एकीकृत करने का प्रयास करता है। इसे केवल कल्याणकारी व्यय के रूप में मानने के बजाय, विधेयक आजीविका सुरक्षा को उत्पादकता, संपत्ति सृजन और योजनाओं के समन्वय से जोड़ता है, जो विकसित भारत, 2047 के दीर्घकालिक विकास दृष्टिकोण के अनुरूप है।

पिछले करीब दो दशकों के अनुभव से पता चलता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में वेतनभोगी रोजगार की ज़रुरत खत्म नहीं हुई है। हालांकि दीर्घकालिक गरीबी में कमी आई है, फिर भी ग्रामीण परिवारों का एक बड़ा हिस्सा जलवायु परिवर्तन, स्वास्थ्य आपात स्थितियों और बाजार में उतार-चढ़ाव से प्रभावित होता रहता है। वर्षा आधारित, जनजातीय और सूखाग्रस्त क्षेत्रों में सार्वजनिक रोजगार की तेज़ मांग बनी हुई है। यह स्थायी गरीबी

के बजाय आय में अस्थिरता को दर्शाता है। साथ ही, कार्यान्वयन के नतीजे वैधानिक पात्रता और वास्तविक उपलब्धता के बीच लगातार अंतर को दर्शाते हैं। हालांकि कानून प्रति परिवार 100 दिनों के रोजगार की गारंटी देता है, लेकिन अधिकांश वर्षों में प्रदान किए गए कार्य दिवसों की औसत संख्या इस सीमा से काफी कम रही है। इससे स्वतः स्थिरीकरण के रूप में सार्वजनिक रोजगार की भूमिका कमजोर होती है और मंदी के दौरान ग्रामीण मांग को समर्थन देने की इसकी क्षमता भी कम हो जाती है। इस लिहाज़ से प्रति परिवार वैधानिक गारंटी को 100 से बढ़ाकर 125 दिन करना एक ज़रुरी व्यापक आर्थिक फैसला है। यह कमजोर परिवारों के लिए आय की पूर्वानुमान्यता में सुधार करता है और सार्वजनिक व्यय की प्रतिचक्रीय भूमिका को मजबूत करता है। जलवायु संबंधी मुश्किलों या कृषि में मंदी के दौर में, इस तरह का विस्तार उपभोग को बनाए रखने और स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं में समस्याओं को सीमित करने में मदद कर सकता है।

पिछले अनुभवों से मिला एक अहम वित्तीय सबक यह है कि संपत्ति सृजन से जुड़ा ग्रामीण रोजगार अधिक प्रभावी परिणाम देता है। समय के साथ, जल संरक्षण, भूमि विकास और प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन कार्यों के ज़रिए रोजगार का एक बड़ा हिस्सा सृजित हुआ है। इन निवेशों से कई लाभ मिले हैं, जिनमें फसल सघनता में सुधार, भूजल स्तर में स्थिरता और सूखे के प्रति जोखिम में कमी शामिल है। नए ढांचा के तहत जल सुरक्षा, मूलभूत ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका संबंधी संपत्तियों और जलवायु के लिहाज़ से कार्यों को रोजगार नियोजन के केंद्र में रखा गया है। यह रोजगार व्यय को मुख्य रूप से राजस्व व्यय के रूप में देखने से हटकर, इसे एक विकेंद्रीकृत सार्वजनिक निवेश के रूप में मान्यता देने की दिशा में बदलाव का संकेत है। वित्तीय नज़रिए से, यह सार्वजनिक व्यय के उत्पादन मूल्य में सुधार करता है और मध्यम अवधि के विकास को बढ़ावा देता है। संपत्ति-केंद्रित रोजगार संवेदनशील क्षेत्रों में राहत व्यय पर बार-बार निर्भरता को कम करके भविष्य के वित्तीय दबावों को भी कम करता है। इन मायनों में, विधेयक अल्पकालिक आय सहायता को दीर्घकालिक उत्पादकता लाभों के साथ संरेखित करता है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 23 दिसंबर की महत्वपूर्ण घटनाएं। 2008- सॉफ्टवेयर कम्पनी सत्यम पर विश्व बैंक ने प्रतिबंध लगाया। विख्यात कथाकार गोविन्द मिश्र को उनके उपन्यास कोहरे के क़ैद रंग के लिए हिन्दी भाषा के साहित्य अकादमी पुरस्कार 2008 से नवाज़ा गया। 2007 - पाकिस्तान में लगे आपातकाल को वहाँ की अदालत ने सही ठहराया। 2005 - वामपंथी विरोधी लेक काकजिंस्की ने पौलैंड के राष्ट्रपति का पद भार ग्रहण किया। 2003 - इस्रायल ने गाजा पट्टी पर हमला किया। 2002 - इस्रायली सेना के हटने तक फ़िलिस्तीन का चुनाव स्थगित। 2000 - न्यूज़ीलैंड ने आस्ट्रेलिया को हराकर विश्व महिला क्रिकेट ख़िताब जीता। पश्चिम बंगाल की राजधानी कलकत्ता का नाम आधिकारिक तौर बदलकर कोलकाता किया गया। 1995 - हरियाणा के मंडी डाबवाली इलाके में स्थित एक स्कूल में कार्यक्रम के दौरान आग लगने से 360 लोगों की मौत। 1969 - चांद पर से लाए गए पत्थरों को राजधानी में आयोजित एक प्रदर्शनी में रखा गया। 1976 - सर शिवसागर रामगुलाम द्वारा मॉरिशस में मिली जुली सरकार का गठन।

आज का पश्चाङ्ग

सूर्योदयः 07:02, सूर्यास्तः 05:29, चन्द्रोदयः 09:01, चन्द्रास्तः19:20, अयन उत्तरायणे (दक्षिण गोले), ऋतुः- शिशिर, शक सम्वतः 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वतः2082 (सिद्धार्थी) मास पौष, पक्ष शुक्ल, तिथि ग तृतीया, नक्षत्र श्रवण, योग व्याघात, प्रथम करण कौलव (10:51 तक), द्वितीय कारण तैतिल (23:34 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य- धनु, चंद्र - मकर, मंगल -धनु (अस्त, पश्चिम , मार्गी), बुध -वृश्चिक (उदित, पूर्व, मार्गी), गुरु -मिथुन (उदित, पूर्व, वक्री), शुक्र-धनु (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि- मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), राहु-कुम्भ, केतु - सिंह, शुभाशुभ मुहूर्त विचार। अभिजित मुहूर्त - 11:55 से 12:36, अमृत काल - 22:37 से 24:21, सर्वार्थ सिद्धि योग - 29:32 से 31:10, रवि योग -29:32 से 31:10, विजय मुहूर्त - 13:58 से 14:38, गोधूलि मुहूर्त - 17:19 से 17:47, सायाह्न सन्ध्या - 17:22 से 18:45, निशिता मुहूर्त -23:48 से 24:43, राहुकाल 15:00 से 16:30 राहुवास- उत्तर-पश्चिम, यमगण्ड -10:59 से 12:16 दुर्मुहूर्त 12:36 से 13:17 होमाहुति -सूर्य (29:32 से बुध) दिशा शूल -पूर्व अग्निवास आकाश। चन्द्रवास पूर्व (दक्षिण 10:07 से) शिववास-गौरी के साथ (10:51 से सभा में)।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मैं चाहती हूँ जीवन का अंतिम श्वाँस

मैं चाहती हूँ जीवन का अंतिम श्वाँस या अंतिम श्वाँस के बाद ज़ब मुझे पंचतत्व में विलीन किया जाये तब लकड़ियाँ भी उस घाट की हो जहाँ निरंतर जीवन का अंतिम सत्य प्रज्वलित रहता है जहाँ माँ गंगा की गोद में मनुष्य के सुख, दुख पाप, पुण्य, प्रेम, अहंकार सब विलीन हो जाता है मैं भी उस राख के ढेर का एक हिस्सा बनना चाहती हूँ जिसे गंगा अपने जल में समाहित कर लेती हैं सुना है उस घाट में जलकर लोग मोक्ष को प्राप्त करते हैं स्वयं शिव जहाँ कानों में मंत्र कहते हैं मैं चाहती हूँ उस घाट का बस एक कोना, बाबा विश्वनाथ का दरबार, माँ गंगा की गोद, मणिकर्णिका की चिता और जीवन से मोक्ष। **माया देवांगन**

आज कल, क्या?

आज कल ,क्या? क्या? न जाने लोग लिखते जा रहे हैं मंचों पर जमने की ख़ातिर कितना गिरते जा रहे हैं? एक मुक्तक ठीक से लिखना जिन्हें आता नहीं, वो दूसरों के जो चुरा कर खूब पढ़ते जा रहे हैं। **संजय कुमार गिरि**

सोन पाँखी के फाँफा-मिरगा

सोन पाँखी के फाँफा-मिरगा या बिखहर हो जीव सब के भीतर बन के बइठे हे एकेच आत्मा शिव तब कइसे हे कोनो छोटे या बड़े या उँचहा या नीच सब वोकरेच संतान ए संगी जितका जीव-सजीव। **सुशील भोले**

हिंदू इतने बेवकूफ हैं कि धुरंधर

हिंदू इतने बेवकूफहैं कि धुरंधर फिल्म देखने के बाद वे सिर्फ अक्षय खन्ना की उस भूमिका के बारे में चर्चा कर रहे हैं,जिसका हाथ 26/11 बम ब्लास्ट में था लेकिन लोग यह चर्चा नहीं कर रहे हैं की उस समय की सरकार कितनी निकम्मी थी और पाकिस्तान के मुसलमान ने हिंदुओं को काफिर कहकर मारा था. धुरंधर फ़िल्म में 26-11 आतंकी हमले और कांग्रेस की निकम्मेपन की पोल खोल दी। **मुकेश निषाद मुक्कू**

मैंने जब भी निराशाओं से घिरा

मैंने जब भी निराशाओं से घिरा हुआ पाया खुद को तब अपने अबोले शब्दों और पिड़ाओं को दिया कविताओं का रूप और जब भी मैंने लिखा अपने मौन को पन्नों पर तब-तब महसूस किया मैंने कि लिखना न लिख पाने से ज्यादा पीड़ादायक है! **रूबी प्रसाद**

चोरन के सरदार तुम्हारी

चोरन के सरदार तुम्हारी जय जय हो! धन्य है चौकीदार तुम्हारी जय जय हो रुपिया गिरा देश म कोऊ देख न पाइस, डालर नब्बे पार तुम्हारी जय जय हो! धान निपुरगय सब किसान के घुटकी म, लटकी है तलवार तुम्हारी जय जय हो! ताये रहे जे सबदिन मुँह कुठली के नाई, बोलय लगे गमार तुम्हारी जय जय हो! लाइट,पानी, सड़क और कुछ नाम गिनाई, सगळे भ्रष्टाचार तुम्हारी जय जय हो! अपने मुहे बखान करा खूब अपने घर म, है तोहरय सरकार तुम्हारी जय जय हो! **कवि आशीष तिवारी जुगनू**

मन बावरे का चैन तुम्हीं हो।

मन बावरे का चैन तुम्हीं हो। मन बावरे का चैन तुम्हीं हो।। ओस सुबह सी ताजगी तुमसे, शाम सी है आवारगी तुमसे, राह ना सूझे मुझको कभी तो, तम घनघोर में नैन तुम्हीं हो।। मन बावरे का चैन तुम्हीं हो।। बात कोई जब ठेस लगाये, भरमाने दो भेष बनाये। मरणासन्न हो जाए भाव तो, शुष्क हृदय में रैन तुम्हीं हो।। मन बावरे का चैन तुम्हीं हो।। मौन नहीं हल प्रश्न कठिन के, गौण हुए मत द्रोह नवीन के। वचन फंसे भ्रमजाल कहीं तो-रुष्ट अधर के बैन तुम्हीं हो।। मन बावरे का चैन तुम्हीं हो।। **गजेन्द्र द्विवेदी गिरीश**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज के दिन आप अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति कर सकेंगे कार्य व्यवसाय में सरकारी सहयोग मिलने की संभावना अधिक रहेगी।

वृषः आज का दिन शुभफलदायी रहेगा सेहत छोटी मोटी व्याधि को छोड़ सामान्य रहेगी लेकिन फिर भी कार्यो में आलस्य करने से विलम्ब होगा।

मिथुनःआज दिन का पूर्वार्ध आपकी आशाओं से थोड़ा कम लाभ देगा फिर भी कार्यो को बेहतर रूप से करने की कोशिश करेंगे। धन लाभ के लिए अधिक परिश्रम करना पड़ेगा ।

कर्कः आज का दिन आपके लिए प्रत्येक कार्यो में विजय दिलाने वाला रहेगा परन्तु विरोधी भी प्रबल रहने से सफलता आसान नहीं रहेगी।

सिंहः आज का दिन मिश्रित फलदायक रहेगा। शारीरिक रूप से चुस्त रहेंगे लेकिन असमय क्रोध आने से रक्तचाप अनियंत्रित हो सकता है।

कन्याःआज आप अपनी मनमानी नीति के चलते सार्वजानिक क्षेत्र पर आलोचना के शिकार होंगे। कार्य व्यवसाय में अधिकांश समय आश्वासनो से ही काम चलाना पड़ेगा।

तुलाः आज के दिन आप पूर्वाग्रह से ग्रसित रहेंगे। अपने जिद्दी स्वभाव के कारण आसपास का वातावरण अशान्त बनाएंगे। मनमानी के चलते घर में भी तनाव का वातावरण बनेगा।

वृश्चिकः आज का दिन आपको अवश्य धन लाभ कराएगा। सेहत भी साथ देने से कार्यो में उत्साह बना रहेगा। लेकिन कार्य क्षेत्र पर लेन देन में स्पष्टता रखें विवाद के साथ सम्मान हानि हो सकती है।

धनुः आज दिन का अधिकांश समय शांति से व्यतीत करेंगे परन्तु बीच-बीच में पारिवारिक उलझने परेशान करेंगी। लाभ के लिए अधिक इन्तजार करना पड़ेगा।

मकरः आज आप अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु कुछ भी करने के लिए तैयार रहेंगे परंतु ध्यान रहे अनैतिक कार्य एवं प्रलोभन के अवसर मिलने मान हानि का कारण बन सकते है।

कुंभःआज परिस्थितिया प्रतिकूल रहने से कोई राहत की उम्मीद नहीं दिखेगी। लोग आपके हर निर्णय को गलत साबित करेंगे। पारिवारिक सदस्य के जिद्दी व्यवहार के कारण घरेलु वातावरण गर्म हो सकता है।

मीनःआज आप पूर्वनियोजित कार्यो को आगे बढ़ाएंगे इसमें सहकर्मी एवं परिजनों का भी महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) अदिति अशोक का संबंध किस खेल से है?

2) हाल ही में असम की इलेक्ट्रॉनिक्स सिटी का नाम बदलकर किसके नाम पर रखा गया है?

3) 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत का सबसे अधिक आबादी वाला महानगरीय शहर कौन सा है?

4) भारत के किस राज्य नंटजलि उत्सव मनाया जाता है?

5) हाल ही में अज्ञेय स्मृति सम्मान 2025 से किसे सम्मानित किया गया है?

उत्तरमाला- (1) गोल्फ (2) रतन टाटा (3) मुंबई (4) नागालैंड (5) उदय प्रकाश

शब्द सागर

न्यूज गैलरी

भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष से मिले विधायक रिकेश सेन

भिलाई नगर। आज नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन से वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने शिष्टाचार भेंट की और हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ दीं। इस दौरान उन्होंने संगठन के कार्यों में और अधिक ऊर्जा, गति व समर्पण के साथ कार्य करने का मार्गदर्शन दिया। सेन ने क्षेत्र में संगठन की गतिविधियों और वैशाली नगर विधानसभा में विकास कार्यों से उन्हें अवगत कराया।

नशेड़ियों ने प्रधान आरक्षक को पीटा, 4 गिरफ्तार

भिलाई। जामुल थाना क्षेत्र के ग्राम खेरधा में प्रधान आरक्षक पर नशे में धुत युवकों ने हमला कर दिया। यहां गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम के दौरान आपसी विवाद शांत कराने पहुंचे प्रधान आरक्षक की पिटाई कर दी गई। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। गत दिवस जामुल थाने के प्रधान आरक्षक जयप्रकाश सूर्यवंशी (42) समेत अन्य पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी। गांव के सतनाम भवन के पास कुछ युवक नशे की हालत में आपस में झगड़ने लगे। हाथापाई होने लगी। इसी दौरान नशेड़ी युवकों ने प्रधान आरक्षक पर हमला कर दिया। पुलिस ने देर रात दबिश देकर सहवाग बंजारे उर्फ भगत, भूपेंद्र, जितेश और चंदन बंजारे को गिरफ्तार कर लिया। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

आज निगम भिलाई में सुशासन सप्ताह शिविर

भिलाई नगर। भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) द्वारा सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव/शहर की ओर अभियान के उपलक्ष्य में 19 से 25 दिसम्बर तक सुशासन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य केन्द्र और राज्य सरकार के विभागों की सक्रिय भागीदारी और सहयोग से सुशासन को बढ़ावा देना है। विशेष शिविर का आयोजन 23 दिसंबर को मुख्य कार्यालय नगर पालिक निगम भिलाई में सुबह 10 बजे से संपन्न होगा। शिविर में केन्द्र शासन एवं राज्य शासन से संबंधित हितग्राही मूलक योजनाओं का टेबलवार स्टॉल सुविधा हितग्राहियों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। शिविर के लिए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी की डयूटी आदेश जारी किये है। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, नामांतरण लीज होल्ड, फ्री होल्ड, हेल्प डेस्क, राष्ट्रीय पेंशन योजना, राशन कार्ड एवं उज्जवला योजना, संपत्तिकर एवं अनुज्ञप्ति लाईसेंस, एम.एम.यू., जैसे सरकारी सुविधाओं का लाभ हितग्राहियों को उपलब्ध कराया जाएगा।

परिजनों को मिली आर्थिक सहायता

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दुर्घटना में मृतक के परिजन को 4 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। ग्राम असोगा निवासी जागेश्वर साहू की दर्री तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर ने रामबाई साहू 2 लाख और ग्राम खपरी तहसील भखारा जिला धमतरी को 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

डायरेक्टर इंचार्ज से बातचीत नहीं हुई, जारी रहेगा विधायक देवेंद्र का सत्याग्रह

बीएसपी अफसर चर्चा करने पहुंचे, स्पष्ट जवाब न मिलने पर उपवास दो दिनों के लिये बढ़ाया

■ **प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष महंत सहित कई विधायकों, पूर्व विधायकों ने दिया समर्थन**

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी प्रबंधन के फैसलों के खिलाफ कर्मचारियों-अधिकारियों के हक के लिए विधायक देवेंद्र यादव का लगातार तीसरे दिन उपवास जारी रहा। अनशन समाप्त कराने जिला प्रशासन और बीएसपी प्रबंधन की ओर से अधिकारी आज सत्याग्रह स्थल पर पहुंचे। शाम को बीएसपी के जीएम आइआर जेएन ठाकुर, अतुल नौटियाल, श्रीनिवास के अलावा पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी बैठक में मौजूद रहे। बैठक के बाद विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि बीएसपी के प्रतिनिधियों ने कहा है कि डायरेक्टर इंचार्ज मिलना चाहते हैं। अभी उनका ऑपरेशन हुआ है। दो दिन के भीतर मुलाकात करेंगे। डायरेक्टर इंचार्ज से मुलाकात होने तक सत्याग्रह आंदोलन को बढ़ाया जा रहा है।

उनका अनशन अगले दो दिन और जारी रहेगा। इसके बाद आगे की रणनीति तय की जाएगी। देवेंद्र ने कहा कि भिलाई शहर को बचाने के लिये जरूरत पड़ने पर अनशन और भी बढ़ाया जाएगा। उनका स्वास्थ्य बिगड़े या जान चली जाए, भिलाई की बसाहट के लिये उनका आंदोलन जारी रहेगा। देवेंद्र ने कहा कि हमारा झगड़ा बीएसपी से नहीं है, बल्कि पॉलिसी से है। इस शहर की पहचान को मिटने नहीं देंगे और न शहर को बिकने देंगे। विधायक ने कहा कि से-9 हॉस्पिटल निजीकरण, स्कूल, मैत्रीबाग, टाउनशिप के व्यापारी, रिटेंशन स्कीम के मुद्दों पर क्या प्लान है? बीएसपी प्रबंधन को यह बताना होगा।

बढ़ने लगा आक्रोश

सत्याग्रह आंदोलन दो दिनों के लिये किया गया था। इस दौरान बीएसपी प्रबंधन और प्रशासन द्वारा विधायक देवेंद्र यादव से कोई चर्चा नहीं की गई। इसके बाद अनशन तीसरे दिन भी जारी रहा। आज बीएसपी मैनेजमेंट और प्रशासनिक अफसरों की मौजूदगी में बातचीत हुई लेकिन कोई प्रगति न होने के कारण अनशन अगले दो दिनों के लिये जारी रखने का ऐलान किया गया। अनशन जारी रहने से विधायक देवेंद्र यादव के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए बीएसपी के कर्मचारियों-अधिकारियों सहित टाउनशिपवासियों में आक्रोश बढ़ रहा है। आज सत्याग्रह स्थल पर दिन भर भारी भीड़ जुटती रही। यहां आए लोग रिटेंशन स्कीम, निजीकरण, अस्पताल, स्कूल, मैत्रीबाग, लीज, आवास आदि विषयों को लेकर आक्रोश जताते रहे। भिलाई स्टील प्लांट प्रबंधन के खिलाफ चल रहे आंदोलन का ट्रेड यूनियन नेताओं ने समर्थन किया है। शहर के कई धार्मिक, सामाजिक संगठनों ने भी खुलकर समर्थन कर दिया है।

मेडिकल टीम ने चेकअप किया

मेडिकल विभाग की टीम ने आज सत्याग्रह स्थल पर उपवास पर बैठे विधायक का चेकअप किया। विधायक के साथ दो अन्य लोग भी उपवास पर बैठे हैं। मेडिकल रिपोर्ट अच्छी न होने से आक्रोश बढ़ने लगा है। बीएसपी प्रबंधन ने हालात को भांपते हुए सुरक्षा बढ़ा दिया है। मेन गेट से पहले ही बैरियर पर चेकिंग शुरू कर दी गई है। सीआईएसएफजवानों को मुस्तैद किया गया है, ताकि किसी तरह के हालात से निपटा जा सके।

सत्याग्रह स्थल पर जुटे कई प्रमुख जनप्रतिनिधि

विधायक देवेंद्र यादव के सत्याग्रह को समर्थन देने पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष धमतरी निशु चंद्राकर, पूर्व विधायक ममता चंद्राकर, पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर, पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय पांडे, महापौर नीरज पाल, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, लालचंद वर्मा, राजेंद्र सिंह परगनिहा, योगेश सोनी, टी. जोगा राव, लक्ष्मीपति राजू, राजेंद्र शर्मा, रमेश पाल, मनोज पांडे, श्याम लाल साहू, जय प्रकाश नायर, संजय साहू इंटक ठेका श्रमिक, फौजी अरुण सिसोदिया, गुरलीन सिंह, लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, बंटी साहू, डी कामराजू, शीजू एंथनी, गुड्डू खान, भोलू श्रीवास्तव, अली हुसैन सिद्दीकी, साकेत चंद्राकर, एकांश बंछोर, आदित्य सिंह, सुमित पवार, आशीष यादव, शरद मिश्र, हरीश सिंह, अभय सिंह आदि मौजूद रहे। आज भी शहर के अलग-अलग क्षेत्र से महिलाओं का जत्था आंदोलन को समर्थन देने पहुंचा।

पूरे प्रदेश से मिलने लगा समर्थन

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने विधायक देवेंद्र यादव का समर्थन किया है। महंत ने प्रबंधन से अपील की है कि शहर को बर्बाद न होने दें। उनके अलावा प्रदेश भर के जनप्रतिनिधियों ने भिलाई सत्याग्रह का समर्थन किया है। विधायक द्वारकाधीश यादव, विधायक रामकुमार यादव, विधायक कविता लहरे, विधायक उत्तरी गणपत जांगड़े, विधायक विद्यावती सिधार, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, पूर्व विधायक गुलाब कमरो, मुंगेली से प्रत्याशी रहे संजीत बनर्जी, लोकसभा प्रत्याशी वीरेश ठाकुर, विधायक बालेश्वर साहू, विधायक चतुरी नंद, विधायक दिलीप लहरिया, पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा, विधायक कुंवर सिंह निषाद, विधायक राघवेंद्र सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश लखमा, विधायक व्यास कश्यप, विधायक शेषराज हरवंश ने भिलाई को नहीं बिकने देंगे का नारा बुलंद किया।

कथावाचक प्रदीप मिश्रा, धीरेंद्र शास्त्री फैला रहे अंधविश्वास : भूपेश

हिंदुओं को खतरे में होने का डर दिखाकर आरएसएस-बीजेपी ने 3 बार जीता चुनाव

■ **मुगल शासन में भी हिंदू खतरे में नहीं था**

दुर्ग/नवप्रदेश। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बीजेपी और आरएसएस पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि देश में कभी हिंदू खतरे में नहीं था। आज भी खतरे में नहीं है। जब से बीजेपी-आरएसएस सत्ता में आई है, तब से हिंदुओं को डराया जा रहा है। इसी डर का माहौल बताकर तीन बार चुनाव जीत चुके हैं।

अखिल भारतीय एससी, एसटी, ओबीसी संयुक्त मोर्चा छत्तीसगढ़ द्वारा शंकर नगर में संविधान पर्व और राज्य स्तरीय सम्मेलन के आयोजन के दौरान भूपेश ने कहा कि आज न अनुसूचित जाति खतरे में है, न जनजाति, न पिछड़ा वर्ग और यहां तक की अल्पसंख्यक भी खतरे में नहीं है। बीजेपी केवल डर फैलाकर राजनीति कर रही है।

भूपेश बघेल ने कहा कि आजादी की लड़ाई के दौरान भी हिंदू खतरे में नहीं था। देश आजाद हुआ, तब भी कोई खतरा नहीं था। मुगलों का शासन रहा, सुल्तानों का शासन रहा, मुसलमान सत्ता में रहे, लेकिन तब भी हिंदू को कोई खतरा नहीं था। बघेल ने तंज कसते हुए कहा कि अब ये खुद को हिंदू नहीं, बल्कि सनातनी कहने लगे हैं। बघेल ने कहा कि कथावाचक भगवान के बारे में कथा वाचन नहीं करते बल्कि नए-नए टोटके बताते हैं। आज समाज जितना पढ़ा-लिखा होता जा रहा है, उतना ही अंधविश्वासी भी होता जा रहा है। लोग खुद इन कथावाचकों से ज्यादा जानते हैं कि शिव कौन हैं, हनुमान कौन हैं और पूजा कैसे की जाती है। प्रदेश में दो महाराज आ रहे हैं। एक प्रदीप महाराज और दूसरे धीरेंद्र शास्त्री महाराज। ये न तो भगवान शिव के बारे में बताते हैं और न ही हनुमान के बारे में, केवल टोटका और अंधविश्वास की बातें करते हैं।

भूपेश बघेल ने कहा कि श्रद्धालु कथा सुनने जाते हैं और इतना पैसा चढ़ाते हैं, इतनी विधि-विधान करते हैं। श्रद्धालुओं की स्थिति सुधरी है या नहीं, इसका पता नहीं है। लेकिन इन दोनों महाराज की हालत बहुत सुधर गई है। हमारे सभी महापुरुषों ने समाज से अंधविश्वास को दूर किया है। लेकिन आज लोगों को अंधविश्वास की ओर धकेला जा रहा है।

आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान : दुर्ग में पदयात्रा

दुर्ग/नवप्रदेश। आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय मध्य मंडल द्वारा पदयात्रा का आयोजन किया गया। पदयात्रा के दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि किसी भी देश की आत्मनिर्भरता और विकास देश के आम जनमानस मानस की सहभागिता से सुनिश्चित होता है। आम जनमानस द्वारा स्वदेशी वस्तुओं को अपनाकर वोकल फॉर लोकल का इस्तेमाल कर देश को आत्मनिर्भर भारत बनाने का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। पदयात्रा में मंडल भाजपा अध्यक्ष हरीश चौहान, जिला भाजपा नेता विनोद अरोरा, आर्थिक प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक शिव चंद्राकर, राजीव पांडेय, अशोक राठी, गायत्री वर्मा, गिरेश साहू, ध्रुव सचदेव उपस्थित रहे। सिंधु भवन से प्रारंभ पदयात्रा शहीद चौक, स्टेशन रोड होते हुए स्टेशन पहुंची और स्वदेशी वस्तुओं का स्टाल लगाकर आवागमन करने वाले यात्रियों को स्वदेशी वस्तु अपनाने का आह्वान किया गया। पदयात्रा के दौरान व्यापारियों, आम जनता से स्वदेशी वस्तुओं अपनाने और विक्रय करने का आह्वान किया गया।

अधिरथ टीम ने एनसीक्यूसी 2025 में पार एक्सीलेंस अवॉर्ड जीतकर रचा इतिहास

भिलाई/नवप्रदेश। अधिरथ टीम ने 39 वें राष्ट्रीय गुणवत्ता अवधारणा सम्मेलन (एनसीक्यूसी 2025) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रतिष्ठित पार एक्सीलेंस अवॉर्ड प्राप्त किया। यह सम्मेलन 19 से 22 दिसंबर तक जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, ग्रेटर नोएडा (उत्तर प्रदेश) में आयोजित किया गया। टीम का नेतृत्व जय कुमार पाटवर्धन (बीएसपी) ने किया। टीम को फैसिलिटेटर भवनीत कृष्णा (बीएसपी) का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, जबकि उप-टीम लीडर धनिराम (बीएसपी) ने टीम समन्वय व प्रस्तुतीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम के अन्य सदस्य पारस (प्रोटेक्टिव जनरल इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड) और सौरभ साहू (प्रोटेक्टिव जनरल इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड) रहे। क्वालिटी सर्कल फोरम ऑफ इंडिया (एनसीक्यूसी) द्वारा दिल्ली, लखनऊ व ग्वालियर चैप्टर के सहयोग से आयोजित राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन में देश भर से 12,000 से अधिक प्रतिनिधियों और लगभग 2,000 चयनित टीमों ने भाग लिया। सम्मेलन में क्वालिटी सर्कल व संबद्ध अवधारणाओं जैसे टीपीएम, 5 एस और काइज़न पर आधारित नवाचारी परियोजनाओं का प्रदर्शन किया गया।

सम्मेलन के दौरान प्रत्येक चयनित टीम को 15 मिनट का केस स्टडी प्रस्तुतीकरण और उसके बाद 5 मिनट का प्रश्न-उत्तर सत्र प्रदान किया गया। अधिरथ टीम ने सुव्यवस्थित समस्या-समाधान दृष्टिकोण, प्रभावशाली परिणामों एवं गुणवत्ता सुधार के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता से निर्णायक मंडल को अत्यंत प्रभावित किया, जिसके परिणामस्वरूप टीम को पार एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया, जो एनसीक्यूसी के सर्वोच्च सम्मानों में से एक है।

गुरु घासीदास के आदर्शों पर चलकर ही सशक्त, शिक्षित और समृद्ध समाज का निर्माण संभव : विधायक ललित

भिलाई/नवप्रदेश। विधायक ललित चंद्राकर ने उतई, सुभाष चौक डुंडेरा, कसारीडीह दुर्ग, पोटियाकला में आयोजित मनखे मनखे एक समान का संदेश देने वाले सतनाम पंथ के संस्थापक बाबा गुरु घासीदास की 269 वीं जयंती समारोह में शामिल होकर बधाई दी। विधायक ललित ने जैतखाम गुरु गद्दी व बाबा गुरु घासीदास के तैल चित्र पर पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रदेशवासियों को गुरु घासीदास जयंती की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उतई मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर, उतई सरपंच डोमार साहू,, छबि लाल साहू, सतनामी समाज अध्यक्ष बीआर मौर्य, पार्षद विक्की चंद्राकर, हरीश नायक, विधायक प्रतिनिधि रिसाली निगम गोविन्द साहू, केशव महिपाल, राजूराम, पूर्व सभापति लुमेश्वर चंद्राकर, पार्षद रोहित धनकर, योगेश महिपाल, महिला अध्यक्ष शिवकुमारी जोशी, इंद्रजीत सोनवानी, परम परमेश्वर देशलहरे व समस्त सतनामी समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि गुरु घासीदास केवल एक संत ही नहीं, बल्कि सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे। उन्होंने ऐसे समय में समाज को सत्य, अहिंसा और समानता का मार्ग दिखाया, जब समाज अनेक प्रकार की कुरीतियों और भेदभाव से ग्रस्त था। गुरु घासीदास का अमर संदेश मनखे-मनखे एक समान आज भी समाज को जोड़ने और मानवता की रक्षा करने का सशक्त सूत्र है। गुरु घासीदास ने जाति, ऊँच-नीच और छुआछूत जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज बुलंद कर समाज को नई दिशा दी। चंद्राकर ने युवाओं से आह्वान किया कि वे गुरु घासीदास के विचारों से प्रेरणा लेकर शिक्षा, सेवा और संस्कार के मार्ग पर आगे बढ़ें और समाज और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं।

सेक्टर-9 हॉस्पिटल में पल्स पोलियो अभियान शुरू

भिलाई/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को पोलियो जैसी घातक बीमारी से सुरक्षित रखने बीएसपी के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ 21 दिसंबर को किया गया। अभियान के उद्घाटन समारोह के अवसर पर 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान को औपचारिक रूप से आरंभ किया गया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन पवन कुमार ने बच्चों को पल्स पोलियो की पहली खुराक पिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को समय पर पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएं, ताकि देश को पोलियो मुक्त बनाए रखने के लक्ष्य को सुदृढ़ किया जा सके। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ विनीता द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कौशलेंद्र ठाकुर व डॉ उदय कुमार, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सम्बिता पंडा व डॉ सुबोध साहा, महाप्रबंधक एम एंड एचएस शाहिद अहमद जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ दिव्या श्रीवास्तव, डब्ल्यूएचओ सर्विलांस मेडिकल ऑफिसर डॉ आसिम रियाज़ खान सहित अस्पताल के बाल रोग विभाग के चिकित्सकगण व स्वास्थ्यकर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

दिव्यांगजनों के लिए प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन आज

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के दिव्यांगजनों के लिए प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 23 दिसम्बर को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे विशेष रोजगार कार्यालय (दिव्यांगजनों के नियोजन हेतु) पुराना पुलिस परिसर, राजभवन के बाजू सिविल लाइंस रायपुर में किया जा रहा है। इच्छुक मूक बधिर, श्रवण बधिर दिव्यांगजन आयु सीमा 18 वर्ष से 45 वर्ष तक है। प्लेसमेंट कैम्प में फ्लिपकार्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड रायपुर द्वारा एक्सीक्यूटिव असिस्टेंट के 10 पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से भर्ती की जाएगी। चयनित आवेदकों को स्कैनिंग, लोडिंग, अनलोडिंग, पैकिंग, पीकिंग, शॉटिंग का कार्य करना होगा। उपसंचालक समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के समस्त इच्छुक मूकबधिर/ श्रवणबधिर दिव्यांगजन अपने सभी प्रमाण-पत्रों 10वी, 12वीं, स्नातक उत्तीर्ण की अंकसूची, दिव्यांगता, स्थानीय निवासी, रोजगार पंजीयन प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड आदि के मूल व फोटो कॉपी और दो पासपोर्ट फोटो के साथ उपस्थित हो सकते है।

सड़क हादसे में युवक की मौत

भिलाई। नंदिनी-खुंदनी मार्ग पर सूमो और सब्जी से भरे पिकअप वाहन की टक्कर में सूमो ड्राइवर की मौत हो गई। हादसे में ड्राइवर वाहन में ही फंस गया। मृतक की पहचान गिरहौला निवासी अमन कुमार बंधे (23) के रूप में हुई है। अमन रविवार की शाम सूमो वाहन से अहिवारा से धमधा की ओर जा रहा था। नंदिनी-खुंदनी के पास तेज रफ्तार पिकअप (सब्जी वाहन) से सूमो की सीधी टक्कर हो गई। दोनों वाहनों की रफ्तार काफी तेज थी। सूमो के आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

छात्रों ने सुलझाई मर्डर मिस्ट्री | डमी के जरिए क्राइम सीन क्रियेट किया गया

फॉरेंसिक लैब के विशेषज्ञ ने रूंगटा यूनिवर्सिटी के छात्रों को दी हैंड्स ऑन ट्रेनिंग

भिलाई/नवप्रदेश। रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी के डिपार्टमेंट ऑफ फॉरेंसिक साइंस में सोमवार को छात्रों के लिए क्राइम सीन इनवेस्टिगेशन की हैंड्स ऑन ट्रेनिंग रखी गई। कैंपस में एक क्राइम सीन क्रियेट किया गया। एक डमी मॉडल के जरिए सीन ऑफ क्राइम यूनिट दुर्ग सीनियर साइंटिफिक ऑफिसर डॉ. मोहन पटेल ने छात्रों को बताया कि किसी मर्डर केस को कैसे सुलझाया जाता है। यह सत्र पूरी तरह वास्तविक अपराध मामलों पर आधारित था, जिसमें एक्सपर्ट्स ने उसी अंदाज में समझाया, जैसे वे किसी हत्या की जांच के दौरान पुलिस के साथ काम करते हैं। विशेषज्ञों ने कहा कि जब किसी व्यक्ति की हत्या होती है, तो अपराध स्थल सबसे बड़ा गवाह होता है। वहां मौजूद हर चीज खून के छींटे, टूटा हुआ सामान, शव की स्थिति, सब कुछ एक कहानी बयान करता है। उन्होंने बताया कि फॉरेंसिक टीम जब मर्डर सीन पर पहुंचती है, तो सबसे पहले यह देखा जाता है कि हत्या कब, कैसे और किस दिशा से की गई। सत्र के दौरान एक्सपर्ट ने बताया कि अगर किसी कमरे में शव पड़ा हो और खून जमीन पर फैला हो, तो ब्लड स्पैटर पैटर्न से यह पता लगाया जा सकता है कि हमला खड़े होकर किया गया या बैठकर किया गया। हथियार क्या था और वार कितनी बार किए गए। अगर खून दीवार तक पहुंचा हो, तो उससे अपराधी और पीड़ित के बीच की दूरी का अंदाजा लगाया जाता है। उन्होंने आगे बताया कि शव की जांच भी बेहद अहम होती है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से यह पता चलता है कि मौत की असली वजह क्या है। गला दबाना, चाकू से वार या किसी भारी वस्तु से हमला। शरीर का तापमान, चोटों के निशान और शव की कठोरता से मौत का समय तय किया जाता है, जिससे आरोपी की टाइमलाइन बनाई जाती है।

फिंगरप्रिंट और डीएनए जांच

एक्सपर्ट्स ने बताया कि कई बार मर्डर को हादसा या आत्महत्या दिखाने की कोशिश की जाती है, लेकिन फॉरेंसिक साइंस के एक्सपर्ट ऐसे झूठ को पकड़ लेते है। अगर फांसी का मामला हो, तो गर्दन पर निशान देखकर यह समझा जा सकता है कि यह आत्महत्या है या हत्या। इसी तरह जहर देकर मारने के मामलों में विसरा जांच से सच्चाई सामने आती है। कार्यक्रम में फिंगरप्रिंट और डीएनए जांच पर भी विस्तार से चर्चा हुई। विशेषज्ञ ने बताया कि अपराधी चाहे कितना भी चालाक क्यों न हो, वह कोई न कोई निशान जरूर छोड़ जाता है। बाल, पसीना, खून या त्वचा के कण भी मामले का खुलासा कर सकते हैं। डीएनए मिलान से आरोपी की पहचान लगभग पक्की हो जाती है और कोर्ट में यह सबसे मजबूत सबूत माना जाता है।

नए कानूनों की जानकारी दी

कार्यक्रम में क्राइम सीन टू कोर्ट विषय पर पं. किशोरीलाल शुक्ल विधि महाविद्यालय राजनांदगांव की प्राचार्य डॉ. मिनिशा मिश्रा ने छात्रों को नए आपराधिक कानूनों के तहत फॉरेंसिक साइंस की कानूनी प्रासंगिकता समझाई। उन्होंने बीएनएस, बीएनएसएस और बीएसए जैसे नए कानूनों के माध्यम से न्याय प्रणाली को अधिक पीड़ित केंद्रित और तकनीक आधारित बनाने पर प्रकाश डाला। नए कानूनों में फॉरेंसिक साक्ष्यों की भूमिका को पहले से अधिक सशक्त किया गया है।

डिजिटल साक्ष्य, ई-एफआईआर, घटनास्थल की अनिवार्य वीडियोग्राफी और वैज्ञानिक जांच प्रक्रिया से पारदर्शिता पर भी चर्चा की। संगठित अपराध, आतंकवाद और मॉब लिंचिंग जैसे नए परिभाषित अपराधों की जानकारी भी दी।

डिजिटल सबूत भी अहम

एक्सपर्ट ने कहा कि आज के दौर में मर्डर केस मोबाइल और तकनीक के बिना अधूरे हैं। कॉल डिटेल्स, लोकेशन, सीसीटीवी फुटेज और सोशल मीडिया चैट से पता लगाया जाता है कि आरोपी घटना के समय कहां था और किससे संपर्क में था।

छात्रों ने इस सत्र को बेहद रोमांचक और आंखें खोलने वाला बताया। उनका कहना था कि फिल्मों में दिखाए जाने वाले मर्डर सीन और असली जांच में जमीन-आसमान का फर्क होता है। कार्यक्रम में स्कूल ऑफ लाइफ साइंस की डायरेक्टर डॉ. नीमा एस बालन भी शामिल रहीं।

ट्रेनिंग के दौरान फॉरेंसिक साइंस विभाग की एचओडी निशा पटेल मौजूद रहीं।

महतारी वंदन योजना से हर माह मिल रही आर्थिक सहायता

घरेलू खर्चों की चिंता से मिली मुक्ति,योजना जीवन में खुशहाली और सुरक्षा लेकर आई

कवर्धा /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई महतारी वंदन योजना आज जमीनी स्तर पर सकारात्मक परिणाम दे रही है। योजना के अंतर्गत प्रतिमाह 1 हजार रुपये की निश्चित आर्थिक सहायता सीधे महिलाओं के बैंक खाते में जमा हो रही है, जिससे उनके दैनिक जीवन में आर्थिक स्थिरता और आत्मविश्वास बढ़ा है।

कबीरधाम जिले के ग्राम मझगांव की निवासी श्रीमती सतरूपा गंधर्व इस योजना से लाभान्वित होने वाली महिलाओं में से एक हैं। उनका परिवार मजदूरी पर निर्भर है और उनके तीन बच्चे–दो पुत्र और एक पुत्री–वर्तमान में अध्ययनरत हैं। श्रीमती सतरूपा गंधर्व बताती हैं कि महतारी वंदन योजना से उन्हें सीधा और नियमित लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि

योजना के अंतर्गत प्रतिमाह 1,000 रुपये की राशि समय पर सीधे बैंक खाते में जमा हो जाती है, जिससे उन्हें किसी प्रकार का इंतजार नहीं करना पड़ता। अब तक उन्हें 22 किस्तों के रूप में कुल 22,000 रुपये की सहायता राशि प्राप्त हो चुकी है। यह राशि उनके लिए बड़े संबल का काम कर रही है।

श्रीमती सतरूपा गंधर्व बताती हैं कि हर माह मिलने वाली यह राशि बच्चों की पढ़ाई से जुड़ी छोटी-छोटी आवश्यकताओं–जैसे कॉपी, पेन एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री–साथ ही घरेलू जरूरतों की पूर्ति में सहायक हो रही है। बच्चों की अपेक्षाओं को पूरा कर पाना उनके लिए आत्मसंतोष का विषय है। वे कहती हैं कि इस राशि से कई जरूरी काम पूरे हो जाते हैं। इसके साथ ही वे अपनी व्यक्तिगत आवश्यकताओं की वस्तुएँ भी खरीद पाती हैं। उन्होंने आगे बताया कि अब उनके खुद के पास हमेशा कुछ न कुछ पैसे बचत के रूप में रहते हैं। जिससे अचानक आने वाले छोटे मोटे खर्चों की चिंता और दूसरों पर निर्भरता नहीं रह गई है। जैसे ही राशि खर्च होती है, अगले माह फिर से खाते में सहायता राशि जमा हो जाती है। श्रीमती सतरूपा गंधर्व ने कहा कि महिलाओं के लिए इस प्रकार की कोई नियमित आर्थिक सहायता योजना उनके जीवन में खुशहाली और सुरक्षा लेकर आई है।

पायलट प्रोजेक्ट ऑन स्कूल स्वायल हेल्थ कार्यक्रम एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में आयोजित

कवर्धा / नवप्रदेश। कृषि विभाग द्वारा पायलेट प्रोजेक्ट ऑन स्कूल स्वायल हेल्थ कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 22 दिसंबर को पीएम श्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, तरेगांव जंगल में किया गया। उक्त कार्यक्रम अंतर्गत डिप्टी प्रोजेक्ट डायरेक्टर (आत्मा) श्री सुशील कुमार वर्मा के द्वारा बच्चों को स्वायल हेल्थ कार्ड के संबंध में व्याख्यान दिया गया जिसमें मृदा नमूना संग्रहण, नमूना विश्लेषण, संतुलित मात्रा में उर्वरक उपयोग एवं फसलों के चयन के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होने बताया कि मृदा में जैविक

खाद एवं संतुलित मात्रा में उर्वरकों का उपयोग कर फसल काश्त लागत में कमी लाते हुये उत्पादन में वृद्धि किस प्रकार की जा सकती है। कृषि विभाग से ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्री सौरभ झा द्वारा छात्रों को मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन एवं स्कूल स्वायल हेल्थ कार्ड के संबंध में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के दौरान छात्रों से कृषि के विषय पर चर्चा की गई एवं मृदा परीक्षण के महत्व के बारे में बताया गया साथ ही जिला कबीरधाम के भौगोलिक मृदा संरचना के विषय में स्कूली छात्र-छात्राओं से चर्चा किया गया। प्रयोगशाला सहायक के द्वारा बच्चों को मृदा नमूना विश्लेषण के संबंध में प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया, जिससे बच्चों ने मृदा पी.एच. विश्लेषण सहित 12 अन्य पैरामीटर का विस्तारपूर्वक अध्ययन किया। कार्यक्रम के दौरान, पीएमश्री एकलब्य आदर्श आवासीय विद्यालय, तरेगांव जंगल के प्राचार्य श्री जे.के.त्रिपाठी, शिक्षक श्री अशोक डड़सेना एवं अन्य शिक्षण तथा कृषि विभागीय दल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

जिला स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय समिति की त्रैमासिक बैठक 23 दिसंबर को होगी आयोजित

कवर्धा / नवप्रदेश। जिले में जन्मङ्कमृत्यु के प्रकरणों के विलंबित पंजीयन एवं पंजीयन के दौरान आ रही समस्याओं के निराकरण के संबंध में 23 दिसंबर 2025 को कलेक्ट्रेट भवन के सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक के तुरंत पश्चात जिला स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय समिति की त्रैमासिक बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में जन्मङ्कमृत्यु पंजीयन से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी तथा पंजीयन प्रक्रिया को सरल, सुगम एवं समयबद्ध बनाने हेतु संबंधित विभागों के मध्य समन्वय स्थापित करने पर चर्चा की जाएगी।

ठा.प्यारेलाल सिंह जी की जयंती महापौर ने किया माल्यार्पण

राजनांदगांव / नव प्रदेश । ठा.प्यारेलाल सिंह की जयंती के अवसर पर 21 दिसम्बर रविवार को ठा.प्यारेलाल सिंह स्कूल के पास नगर निगम द्वारा स्थापित प्रतिमा में महापौर मधुसूदन यादव ने माल्यार्पण कर उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा,महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य शैकी बग्गा, डीलेश्वर प्रसाद साहू, पार्षद संदीप बघेल व प्रियंका पंकज कुरंजेकर ने भी पुष्पाजंली अर्पित की।

महापौर यादव ने कहा कि ठा. प्यारेलाल सिंह का जन्म 21 दिसम्बर 1891 को राजनांदगांव जिले के दैहान ग्राम में हुआ था, इनकी शिक्षा राजनांदगांव तथा रायपुर में हुई। इन्होंने देश हित में अनेक आंदोलनों में महत्वपूर्वण भूमिका निभाई, 1920 में छत्तीसगढ़ में प्रथम मिल मजदूर आंदोलन की अगुवाई की। राजनांदगांव में मिल-मालिकों के शोषण के विरुद्ध आवाज उठाई, जिसमें मजदूरों की जीत हुई। वे छत्तीसगढ़ में श्रमिक आंदोलन के सूत्रधार तथा सहकारिता आंदोलन के प्रणेता थे।

कवर्धा में शहीदों की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन

कवर्धा। देश और धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले श्री गुरु तेगबहादुर साहिब, माता गुजर कौर, चारों साहिबजादों एवं समस्त शहीद सिंहों की पावन स्मृति में सिख समाज कवर्धा द्वारा एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।यह रक्तदान शिविर 26 दिसंबर (शुक्रवार) को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा। शिविर का आयोजन लंगर हॉल, गुरुद्वारा साहिब, कवर्धा में किया जाएगा।

वनांचल ग्राम तेलियापानी लेदरा की महिलाओं ने शासकीय योजना से पाया लखपति दीदी का दर्जा

■ **वनांचल क्षेत्रों में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़े समूह ने आजीविका के दिखये नय रास्ते**

कवर्धा / नवप्रदेश। कबीरधाम जिले के विकासखंड पंडरिया के वनांचल एवं दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र के ग्राम तेलियापानी लेदरा में रहने वाली विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय की महिलाओं ने शासकीय योजनाओं से मिल रहे लाभ से आजीविका के नय रास्ते दिखये है। प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना अंतर्गत वनांचल क्षेत्र में विशेष पिछड़ी जनजातिय समुदाय के लिए बनाए जा रहे पक्के आवासों से आजीविका के नय रास्ते खुले है। पक्के आवास में उपयोग होने वाले निर्माण सामग्रियां की आपूर्ति राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की महिला स्व सहायता समूह द्वारा डीलर दीदी के रूप में आवास हितग्राहियों को बहुत ही कम दर पर उपलब्ध करा रही है।समूह का यह व्यवसाय पूरे प्रदेश में अपनी अलग पहचान बना चुका है। डीलर दिदीयो द्वारा रेत गिट्टी सीमेंट ईंटे सेंट्रिंग प्लेट सप्लाई का व्यवसाय बिहान योजना की सहायता से शुरू करते हुए सफलता के नया आयाम स्थापित कर रही है। इस कार्य से जुड़कर समूह की महिलाएं लखपति दीदी का दर्जा भी प्राप्त कर रही है क्योंकि इनकी सालाना कमाई लाख रूपए से कही अधिक हो गई है।

श्रीमती सुकर्तिन बाई बैगा ने आगे बताया कि उनके द्वारा 15 आवासो के निर्माण में सेंट्रिंग प्लेट सप्लाई कर 1,50000 रूपए मिले है। 5 ट्रिप रेती बिका है जिससे 15 हजार रुपए मिला

डीलर दीदी सुकर्तिन बाई बैगा के अनुभव

ग्राम पंचायत तेलियापानी लेदरा के आश्रित ग्राम मराडबरा की रहने वाली दीदी श्रीमती सुकर्तिन बाई बैगा ने बताया कि वह अपने आजीविका के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन विहान योजना के द्वारा सूरज महिला स्व सहायता समूह से जुड़ी हु। समूह में हम 10 सदस्य हैं।हमारे क्षेत्र में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना से बैगा परिवारों के लिए आवास का निर्माण हो रहा है।ग्रामीणों को निर्माण सामग्री समय पर नहीं मिलने के कारण आवास बनाने में विलंब हो रहा था, तभी एनआरएलएम के कैडर ने मुझे डीलर दीदी के फायदे बताए और हमको इस व्यवसाय से जोड़कर चक्रीय निधि के रूप में 15 हजार रुपए एवं सामुदायिक निवेश कोष की राशि से 1 लाख 20 हजार रुपए सेंट्रिंग प्लेट एवं 2 लाख रुपए रेती गिट्टी हेतु आवंटित कर कुल 3 लाख 24 हजार रुपए की सहायता दी गई।

डीलर दीदी से समूह और हितग्राही दोनों को हो रहे फायदे: कलेक्टर

इस संबंध में चर्चा करते हुए कलेक्टर कबीरधाम श्री गोपाल वर्मा ने बताया कि हमारा प्रयास है की स्थानीय स्तर पर जनमन आवास में निर्माण सामग्रियों की आपूर्ति को आजीविका से जोड़ा जाए। इसी कड़ी में हमने जिले में डीलर दीदी के रूप में नए व्यवसाय को बढ़ावा देने का कार्य किया।बिहान योजना से 12 महिला स्व सहायता समूह डीलर दिदीयो के रूप में कार्य कर रही है और सभी लखपति दीदी के रूप में स्थापित हो चुकी है। सेंट्रिंग प्लेट सहित निर्माण सामग्रियों की आपूर्ति हितग्राहियों को स्थानीय स्तर पर समूह द्वारा कम दर में किया जा रहा है। इस प्रयोग से एक साथ दो फायदे हो रहे है। प्रथम जनमन आवास हितग्राहियों को निर्माण सामग्री कम दर पर गांव में मिल रहा है साथ ही निर्माण सामग्रियों की आपूर्ति कर महिला समूह को आर्थिक लाभ हो रहा है।

समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना से किसान आर्थिक रूप से हो रहे मजबूत

■ **किसान देवदास ने धान विक्रय की राशि से अपने सपनों के घर को करेंगे पूरा**

राजनांदगांव / नव प्रदेश । राज्य शासन की पारदर्शी और सुव्यवस्थित नीति से किसानों का जीवन बदल रहा है। शासन द्वारा समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना से किसान आर्थिक रूप से मजबूत हो रहे है। जिससे वे अपने सपनों को पूरा करने में समक्ष हो रहे हैं। किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी की जा रही है। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम खपरीकला के किसान श्री देवदास वर्मा ने धान उपार्जन केन्द्र भानपुरी में 146 क्विंटल धान का विक्रय किया है। किसान श्री देवदास बहुत खुश दिखाई दे रहे थे। उन्होंने कहा कि वे शासन द्वारा धान खरीदी कार्य का इंतजार कर रहे थे। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से उनका सपना पूरा होगा। उन्होंने कहा कि बहुत दिनों से इच्छा थी कि वे एक नया घर बनाएंगे। इस वर्ष की धान बिक्री से उनका नया घर का कार्य पूर्ण हो जाएगा। उन्होंने बताया कि उनके पास 18 एकड़ खेती जमीन है।

उन्होंने ऑनलाईन के माध्यम से घर बैठे टोकन तुंहर हाथ एप्प से दूसरी बार टोकन कटवाया था। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा 24 घंटे ऑनलाईन टोकन की सुविधा प्रदान की गई है, जिससे किसानों को बहुत अच्छा फायदा मिल रहा है। पिछले वर्ष की धान खरीदी से उन्हें अच्छा लाभ मिला था। किसान देवदास ने कहा कि शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से किसान आधुनिक और तकनीकी कृषि को अपना रहे हैं।

छग एपीकॉन में वर्टिगो के नए इलाज पर डॉ. प्रकाश खुंटे का महत्वपूर्ण संबोधन

■ **चक्कर के सटीक निदान और नवीन उपचार पद्धतियों पर प्रदेशभर के चिकित्सकों ने की सराहना**

राजनांदगांव / नव प्रदेश । रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय चिकित्सा सम्मेलन छत्तीसगढ़ एपीकॉन के 18वें संस्करण में राजनांदगांव के स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के मेडिसिन आंतरिक चिकित्सा विभाग के सह-प्राध्यापक एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रकाश खुंटे ने अपनी चिकित्सकीय विशेषज्ञता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर उन्होंने चक्कर आने की बीमारी (वर्टिगो/डिज़ीनेस) और उसके आधुनिक इलाज पर एक महत्वपूर्ण सत्र प्रस्तुत किया जिसे छत्तीसगढ़ भर से आए वरिष्ठ

चिकित्सकों ने अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक बताया। डॉ. प्रकाश खुंटे ने अपने संबोधन में बताया कि चक्कर की बीमारी एक सामान्य दिखने वाली लेकिन गंभीर रूप से व्यक्ति के दैनिक जीवन को प्रभावित करने वाली समस्या है। उन्होंने इसके सही कारणों की पहचान, आधुनिक जांच तकनीकों और नई उपचार विधियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कई बार लोग इसे सामान्य कमजोरी या थकान समझकर अनदेखा कर देते हैं जबकि समय पर इलाज न मिलने पर यह समस्या गंभीर रूप ले सकती है। वर्टिगो एक ऐसी स्थिति है जिसमें व्यक्ति को यह अनुभव होता है कि उसके चारों ओर की चीजें घूम रही हैं या वह स्वयं घूम रहा है जबकि वह स्थिर अवस्था में होता है। यह समस्या प्रायः आंतरिक कान या तंत्रिका तंत्र में गड़बड़ी के कारण उत्पन्न होती है।

डॉ. खुंटे के अनुसार वर्टिगो के सामान्य लक्षण इस प्रकार हैं अचानक चक्कर आना, संतुलन बिगड़ जाना और चलने या खड़े होने में कठिनाई मतली या उल्टी कानों में आवाज आना या घंटी बजने जैसा अनुभव सुनने की क्षमता में कमी अत्यधिक पसीना आना आंखों का अनियंत्रित रूप से हिलना सिरदर्द, विशेषकर माइग्रेन से जुड़े मामलों में उन्होंने सलाह दी कि यदि कोई व्यक्ति बार-बार इन लक्षणों का अनुभव कर रहा है तो उसे तुरंत नजदीकी चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए।

भिलाई सत्याग्रह में जनप्रतिनिधियों और युवाओं की मजबूत एकजुटता

विधायक देवेंद्र यादव से हुई मुलाकात

■ **दो दिवसीय उपवास में सहभागिता दर्ज कर आंदोलन को दिया नैतिक और राजनीतिक समर्थन**

राजनांदगांव / नव प्रदेश । भिलाई में आयोजित सत्याग्रह के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और युवाओं ने एकजुट होकर आंदोलन को मजबूती प्रदान की। इस अवसर पर विधायक देवेंद्र यादव से मुलाकात कर दो दिवसीय उपवास में सहभागिता निभाते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों और जनहित के मुद्दों पर अपना स्पष्ट पक्ष रखा गया।भिलाई सत्याग्रह के तहत आयोजित दो दिवसीय उपवास

कार्यक्रम में कांग्रेस संगठन से जुड़े नेताओं और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। इस दौरान विधायक देवेंद्र यादव से मुलाकात कर सत्याग्रह के उद्देश्य, जनसमस्याओं और आंदोलन की भावी दिशा पर सार्थक चर्चा की गई। उपवास में सहभागिता कर नेताओं ने यह संदेश दिया कि वे जनता की आवाज़ के साथ मजबूती से खड़े हैं। कार्यक्रम में प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस कमेटी के सचिव विशु अजमानी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री, एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष गरुण विक्रम सिंह, युवा नेता तौसिफ गोरी, अभि गुप्त, यश गरदे, प्रिंस पाल, अन्शे श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और युवा साथी मौजूद रहे।

पेज 1 का शेष

हम छाती ठोंककर...

गांव-गांव में हैं. सब्जी वाला भी क्तक्र कोड से पेमेंट ले रहा है। 92प्र. मोबाइल भारत में बन रहा है ये है बढ़ता भारत। केंद्रीय मंत्री नड्डा ने जनता को संबोधित करते हुए आगे बताया कि 4 मेडिकल कॉलेज जोड़े जा रहे हैं, जिनमें जांजगीर भी शामिल है। दंतेवाड़ा में मेडिकल कॉलेज खुल रहा है. छत्तीसगढ़ के मेडिकल कॉलेजों में कुल 2500 सीटें हैं. साथ ही बिलासपुर, राजनांदगांव में सुपर स्पेशालिटी हॉस्पिटल खुल चुके हैं। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कांग्रेस से कहा कि आप जिस तरह देश मे काम कर रहे हैं, आपको सफलता नहीं मिलेगी. जिस तरह पीएम मोदी, सीएम विष्णुदेव साय की सरकार काम कर रही है, हम काम कर रहे हैं, आपको सफलता नहीं मिलेगी। उन्होंने आमसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी पर भी निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि जब संसद चलती है, तो राहुल गांधी जर्मनी में बोल रहे होते हैं. मोदी को गाली देते हैं, ऐसा विपक्ष टिकेगा क्या..? उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी ये नहीं जानती की जनता क्या चाहती है।

बघेल को जन्मदिन ...

घोटाले के कारण प्रदेश के खजाने को भारी नुकसान हुआ और करीब 2,500 करोड़ रुपये की अवैध कमाई (पीओसी) घोटाले से जुड़े लाभार्थियों की जेब में पहुंचाई गई।

नए आईफोन असेंबली ...

शुरू हुआ था। वर्तमान में, प्लांट में नवीनतम आईफोन 17 प्रो मैक्स मॉडल असेंबल किए जा रहे हैं। उत्पादन का 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सा निर्यात बाजारों के लिए है। ताइवानी कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरिंग कंपनी इस प्रोजेक्ट में लगभग 20,000 करोड़ रुपए का निवेश कर रही है। लगभग 250,000 स्क्वायर फीट के प्रोडक्शन फ्लोर वाली यह फैसिलिटी प्रोडक्शन क्षमता और रोजगार दोनों के मामले में भारत में कंपनी की सबसे बड़ी मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी बन जाएगी।

अंजदीप: भारतीय...

सिस्टम से युक्त है। इनकी मदद से जहाज कम गहराई वाले समुद्री क्षेत्रों में भी पनडुब्बी जैसे जलमग्न खतरों का पता लगा सकता है और उन्हें नष्ट कर सकता है। इसकी अन्य ऑपरेशनल भूमिकाएं भी हैं। नौसेना का यह जहाज तटीय निगरानी और समुद्र में माइन बिछाने की क्षमता रखता है। साथ ही समुद्री सुरक्षा संचालन में बेहतरीन नतीजे देता है। इसका अपना ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व भी है। यह जहाज पूर्व आईएनएस अंजदीप का आधुनिक पुनर्जन्म है, जिसे वर्ष 200× में नौसेना से डिकमीशन किया गया था। इसका नाम कर्णाटक के कारवार तट के पास स्थित 'अंजदीप' से लिया गया है। यह भारत के समुद्री क्षेत्र की रक्षा के प्रति राष्ट्रीय प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अंजदीप का निर्माण आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। अंजदीप में 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है। यह जहाज भारत के बढ़ते रक्षा-उत्पादन इकोसिस्टम, आत्मनिर्भरता और आयात पर निर्भरता कम करने का प्रतीक है।

बता दें कि बीते सप्ताह ही भारतीय नौसेना को स्वदेशी डाइविंग सपोर्ट क्राफ्ट डीएससी ए-20 मिला है। इसको औपचारिक रूप से नौसेना ने अपने बेड़े में शामिल कर लिया है। यह नौसैनिक पोत स्वदेशी निर्माण का एक उत्कृष्ट नमूना है। यह पोत तटीय क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के डाइविंग ऑपरेशन्स में इस्तेमाल किया जाएगा। इसके अलावा, अंडरवाटर मिशन, निरीक्षण और रिकवरी कार्यों के लिए यह विशेष रूप से विकसित किया गया है। इसमें उन्नत कैटामरन डिजाइन और अत्याधुनिक प्रणालियां शामिल हैं।

ऑर्डिनेंस फैक्ट्री से ...

नक्सलियों की ऑर्डिनेंस फैक्ट्री से संदिग्ध सिंगल शॉट राइफल और बड़ी मात्रा में फैक्ट्री के लिए आवश्यक अन्य सामग्री जब्त किया गया है।

जनता को लूटने का ...

हो गई है। बता दें कि रेल मंत्रालय ने रविवार को ट्रेन टिकट के दाम बढ़ाने का एलान किया। नए नियमों के मुताबिक, साधारण श्रेणी में 215 किलोमीटर से ज्यादा की यात्रा पर प्रति किलोमीटर 1 पैसा बढ़ाया गया है। वहीं, मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों की नॉन-एसी क्लास और सभी ट्रेनों की एसी क्लास में प्रति किलोमीटर 2 पैसे की बढ़ोतरी की गई है। इसके बाद से आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति बढ़ गई है।

कांग्रेस अध्यक्ष खडग़े ने आगे आरोप लगाया कि सरकार प्रचार में ज्यादा और काम में कम ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि रेलवे की सुरक्षा लगातार बिगड़ रही है। एनसीआरबी की रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने दावा किया कि 2014 से 2023 के बीच रेलवे हादसों में 2.18 लाख लोगों की मौत हुई है। इतना ही नहीं खरगे ने रेल सुरक्षा प्रणाली 'कवच' को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पांच साल से इसकी बातें हो रही हैं, लेकिन यह अब तक 3 प्रतिशत से भी कम रेल मार्गों और 1 प्रतिशत से कम इंजनों में ही लागू हो पाया है। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने रेलवे में खाली पदों का भी मुद्दा उठाया।

तीन युवकों पर धारदार टंगिया से जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

कवर्धा / नवप्रदेश। ग्राम सौंरू निवासी तीन युवक दो मोटर सायकल से जा रहे थे। इसी दौरान आरोपी खेदूराम बैगा द्वारा अचानक कुल्हाड़ी फेंककर उन पर हमला किया गया। उक्त घटना के बाद कारण जानने हेतु जब युवक आरोपी के घर के आंगन पहुंचे, तो आरोपी खेदूराम बैगा ने जान से मारने की नीयत से धारदार टंगिया से तीनों युवकों पर ताबड़तोड़ हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाई और मौके से फरार हो गया। घटना में घायल दो युवकों को जिला अस्पताल कवर्धा में उपचार हेतु भर्ती कराया गया है।

प्रार्थी बैसाखु मेरावी पिता तिहारी मेरावी उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम सौंरू थाना झलमला की रिपोर्ट पर थाना झलमला में अपराध क्रमांक 17/2025 धारा 109(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक जिला कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह (भापुसे) के मार्गदर्शन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र कुमार बघेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के निर्देशन तथा उप पुलिस अधीक्षक संजय ध्रुव के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी झलमला जे.एल. सांडिल्य के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर आरोपी की लगातार पतासाजी की गई।

विवेचना के दौरान आरोपी खेदूराम बैगा पिता स्व. समारू बैगा उम्र 79 वर्ष निवासी ग्राम सौंरू थाना झलमला को विधिवत गिरफ्तार किया गया।

आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक धारदार टंगिया जप्त की गई। आरोपी को दिनांक 21.12.2025 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से जेल वारंट जारी होने पर जिला जेल कबीरधाम भेजा गया। उक्त कार्यवाही में प्र.आर. 75 संतोष मेरावी, आरक्षक 575 विजय मेरावी, आरक्षक 49 सुदर्शन धृतलहरे, आरक्षक 365 राजेन्द्र मरकाम, आरक्षक 440 शिवेन्द्र ठाकुर एवं आरक्षक 580 राजेश्वर नाग का विशेष योगदान रहा।

महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय में गणित दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

महासमुंद/नवप्रदेश। महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय में गणित दिवस मनाया गया। कार्यक्रम प्राचार्य आरके तिवारी के मार्गदर्शन में हुआ। सर्वप्रथम कक्षा 11वीं के गणित के विद्यार्थियों ने गीत की प्रस्तुति दी। पश्चात विभिन्न गतिविधियां कराई गई। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कक्षा छठवीं एवं सातवीं के विद्यार्थियों के बीच कराई गई। विजेता येलो हाउस की पूर्वी साहू एवं संध्या यादव को कलर पेंसिल सेट पुरस्कार

के रूप में प्रदान किया गया। कक्षा आठवीं एवं नवमीं के छात्रों के बीच मैथेमेटिक्स की फन प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें रेड हाउस से सेजल पंडा एवं हितेश यादव को ज्योमेट्री बॉक्स पुरस्कार के रूप में प्रदान किया गया। कक्षा 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों ने क्विज प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें ग्रीन हाउस के ज्योत्सना शर्मा, उन्नति दुबे, मनीष दीवान, और ऋतिका चंद्राकर विजेता बने, जिन्हें पेन सेट पुरस्कार के रूप में प्रदान किया गया। निर्णायक की भूमिका में प्राचार्य मनीषा अग्रवाल एवं गोविंद सिंह ठाकुर रहे।

नगर पंचायत पिथौरा के वार्ड क्रमांक 1 में गहराया जल संकट

पिथौरा/नवप्रदेश। नगर पंचायत पिथौरा के वार्ड क्रमांक 01 में गहराया जल संकट अब जन-आंदोलन का रूप लेता नजर आ रहा है। वार्ड में नल कनेक्शन होने के बावजूद पानी की आपूर्ति पूरी तरह ठप होने के चलते नाराज वार्डवासियों ने आज पार्षद प्रफुल्ल राजपूत के नेतृत्व में नगर पंचायत सीएमओ और एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया। पार्षद प्रफुल्ल राजपूत ने बताया कि इस समस्या को लेकर पूर्व में भी कार्यालय में आवेदन दिया गया था, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस

पहल नहीं की गई।

उग्र आंदोलन की चेतावनी

वार्डवासियों ने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 22 दिसंबर 2025 से लेकर अगले 15 दिनों के भीतर जलापूर्ति बहाल नहीं की गई, तो समस्त वार्डवासी नगर पंचायत के सामने उग्र धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे।

पार्षद प्रफुल्ल राजपूत ने प्रशासन पर संगीन आरोप लगाते हुए कहा कि चूँकि वर्तमान में प्रदेश में भाजपा की सरकार है और वार्ड क्रमांक 01 में कांग्रेस समर्थित मतदाताओं की संख्या अधिक है, इसलिए जानबूझकर इस वार्ड की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा, यह पूरी तरह से द्वेषपूर्ण राजनीति है। विपक्षी वार्ड होने के कारण यहाँ की जनता को पानी जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित रखा जा रहा है। शासन-प्रशासन जनता की प्यास पर राजनीति करना बंद करे।

आरोपों पर सीएमओ बिरजू राम सोनबेर ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि तकनीकी समस्या मोटर पंप में आई तकनीकी खराबी के कारण पिछले कुछ समय से जलापूर्ति बाधित हुई है। वही कुछ ऊंचाई वाले क्षेत्रों में वोल्टेज कम होने के कारण पानी चढ़ने में समस्या आ रही है।

पैसे देने के बाद भी सूखी हैं टोंटियां

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि वार्डवासियों ने शासन के नियमानुसार नगर पंचायत द्वारा निर्धारित सभी मापदंडों को पूरा करते हुए और आवश्यक शुल्क जमा कर नए नल कनेक्शन लगवाए थे। इसके बावजूद पिछले कई महीनों से नलों में पानी की एक बूंद भी नहीं टपकी है। स्थानीय महिलाओं ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि मूलभूत सुविधाओं के लिए उन्हें दर-दर भटकना पड़ रहा है।

10 लीटर महुआ शराब और 8 क्विंटल महुआ लाहन जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। आबकारी विभाग ने अवैध शराब के बनाने वाले और बेचने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। पिथौरा वृत्त अंतर्गत विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। मुखबिर की सूचना पर गोपालपुर बिंधनखोल नाला के पास विवेचक अधिकारी नीरज कुमार साहू एवं पिथौरा स्टाफकी टीम ने मौके पर घेराबंदी की। मौके से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब, 16 बोरों में 8 क्विंटल महुआ लाहन (अनुमानित कीमत लगभग 42 हजार रुपए) जब्त किया गया। आबकारी अधिकारी नीरज साहू ने बताया कि छापेमारी के दौरान पुलिस और आबकारी टीम की भनक लगते ही आरोपी मौके से फरार होने में कामयाब रहा। विभाग ने अज्ञात के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34 (क) (च), 34 (2) और 59 (क) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जब्त महुआ लाहन को मौके पर नष्ट किया गया।

पचरी की पंथी पार्टी जिले की ओर से करेगी शिरकत

महासमुंद/नवप्रदेश। आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग महासमुंद द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय खैरा के मैदान में प्रति वर्ष की भांति जिला स्तरीय

गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें सतनाम पंथी पार्टी पचरी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जो राज्य स्तरीय गुरु घासीदास लोककला महोत्सव 2025 में शामिल होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत खैरा के सरपंच श्री प्रांशु चंद्राकर तथा विशिष्ट अतिथि श्री बी के ढीढी पूर्व मंडल संयोजक रहे। इस अवसर पर ग्राम के दर्शक गण एवं विभाग की ओर से आर एन ध्रुव, सतीश घृतलहरे, पुष्कर चंद्राकर, मोहनीश वैष्णव, संदीप घृतलहरे, अमृता रायसागर, तनुजा चंद्राकर, ममता सोनी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

27 से श्रीमद् भागवत कथा

महासमुंद/नवप्रदेश। मेघ बसंत कालोनी में 27 दिसंबर से 2 जनवरी तक दोपहर 2 बजे से श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान सप्ताह का आयोजन किया गया है। कथा वाचक आचार्य श्रीराम प्रताप शास्त्री महाराज होंगे। जल कलश यात्रा 27 को सुबह 11 बजे महामाया तालाब से निकाली जाएगी, जो नगर भ्रमण करते हुए मेघ बसंत पहुंचेगी। विपिन बिहारी, सविता महंती ने बताया कि प्रथम दिवस कलश यात्रा उपरांत गौकर्ण कथा से कथा प्रारंभ होगी। 28 को शिव सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, 29 को जड़ भरत चरित्र, नरसिंग अवतार, 30 को रामकृष्ण अवतार, नंद महोत्सव, 31 को भगवान की बाललीला, माखन चोरी, गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग होगा। 1 जनवरी को रासलीला, कृष्ण रूकमणि विवाह, 2 को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष कथा होगी।

शराब पीने की सुविधा देने वाले पर कार्रवाई

महासमुंद/नवप्रदेश। किराना दुकान में लोगों को शराब पीने-पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। मामले में सिटी कोतवाली में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बेमचा निवासी जितेंद्र बेलदार (42) अपने किराना दुकान के सामने आने जाने वाले लोगों को बिठाकर शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस पार्टी को देख शराब सेवन कर रहे लोग भाग गए, दुकान संचालक जितेंद्र बेलदार ने लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से 02 नग देशी मसाला शराब बरामद की गई।

छत में शिक्षक ने लगाया क्लास, शिक्षक को आता देख छात्र ने लगा दी छलांग, दोनों पैर टूटे

छुरा/नवप्रदेश। छुरा विकासखंड के ग्राम पंचायत सांकरा स्थित हाई स्कूल में बीते दिनों को नवमी कक्षा में पढ़ने वाले एक छात्र की स्कूल की छत से कूदने से दोनों पैर टूटने का मामला सामने आया है। मामला कुछ इस प्रकार हुआ कि दसवीं कक्षा की छात्र-छात्राओं की क्लास सामाजिक विज्ञान के शिक्षक के के देवांगन हाईस्कूल के छत के ऊपर दो दिन से क्लास लगा रहे थे।और वही नवमी कक्षा में पढ़ने वाले छात्र टेमन लाल गंधर्व अपने दो दोस्तों के साथ ऊपर छत पर देखने चले गए।उसी समय वहां पर शिक्षक आ गए शिक्षक को देख छात्र उतरने के चक्कर में छत से चलांग लगा दी जिससे उसकी दोनों पैर बुरी तरीका से क्षतिग्रस्त हो गया और टूट गया इन दिनों छात्र घर में इलाज करवा कर आराम ले रहा है पर है और अर्ध वार्षिक की पेपर भी नहीं दिला सका । पर गौर करने वाली बात यह है कि शिक्षकों को क्लास की बजाय छत में कक्षा लगाने की क्या जरूरत थी। दूसरी बात छात्र जब वहां पहुंचा

तो उसे सीढ़ी से उतरने देना था ,और कूदने वा छलांग लगाने से मना करना था।पर शिक्षक ने छात्र की हालत को देखते हुए तुरंत उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पांडुका ले जाएगा वहां से फिर गरियाबंद रेफर किया फिर उसे नयापारा के एक निजी अस्पताल में आयुष्मान कार्ड से इलाज कराया गया और फिर बाद में अस्पताल पहुंचकर शिक्षक देवांगन ने घायल छात्र को 1 हजार की आर्थिक सहायता की, इस प्रकार विद्यालय प्रबंधन की घोर लापरवाही की वजह से एक छात्र को अर्ध वार्षिक परीक्षा से वंचित होना पड़ा।और खेलने कूदने वा पढ़ने के उम्र में दोनों पैर तुड़वाकर घर में बैठा हुआ है।इस प्रकार शिक्षकों की लापरवाही की वजह से और गैर जिम्मेदार हरकत की वजह से आज एक छात्र के साथ ऐसी घटना हुई वह इस बारे में जब शिक्षक के के देवांग से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि 9 वी कक्षा का छात्र टेमन लाल गंधर्व बहुत ही बदमाश किस्म का छात्र है।उसकी बदमाशी के कारण पूरा विद्यालय परेशान होता है । शिक्षको की बात नहीं मानता है। और उनकी इन्हीं हरकतों की जानकारी हमने अपने उनके पालकों को भी दी है।मैं उसे सीढ़ी से उतरने के लिए बोला था,पर वह छत से उतरते समय गिर गया।

वही इस बारे में संस्था के प्राचार्य नीना नरवरे,,, से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि 9 वी का छात्र टेमन बहुत ही बदमाश है हम लोग की बातें नहीं सुनता जिसकी वजह से उसकी बदमाशियां की जानकारी हमने उसके पालक और प्रबंधन समिति को भी दी है उसे दिन शिक्षक देवांगन छत में 10 वी की क्लास लगाए थे। उसके बाद वहां रीशेष के टाइम यह घटना हो गई तुरंत उसे इलाज के लिए हम लोग अस्पताल ले कर गए थे।

दो बाइकों की टक्कर में दो लोगों की मौत, एक गंभीर

- **भोरिंग और जोबा के बीच चाकलेट फैक्ट्री के पास हुआ हादसा**

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में सड़क दुर्घटना पर विराम नहीं लग पा रहा है। आएदिन सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की मौत और घायलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। रविवार को एक बार फिर सड़क दुर्घटना में दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में दो की मौत हो गई वहीं एक गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार ग्राम मोरधा निवासी लखनलाल साहू (39) बाइक क्रमांक सीजी 06 जीएस 2797 से अपनी ससुराल जोबा जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से एक अन्य बाइक क्रमांक सीजी 04 पीआर 9927 में संत रविदास गार्डन नयापारा महासमुंद निवासी मिस्त्री शिवकुमार जगत (35) व लभरा निवासी सतानंद नेताम (28) सवार थे। दोपहर करीब 1.20 बजे भोरिंग और जोबा के बीच चाकलेट फैक्ट्री के पास बाइकों में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें चालक लखन लाल साहू और दूसरी बाइक का चालक शिवकुमार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, सतानंद को गंभीरावस्था में 108 की मदद से सरकारी अस्पताल तुमगाँव पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे महासमुंद जिला अस्पताल रिफर किया गया। पीएम के बाद दोनों शव परिजनों को सौंप दिए गए। मर्ग सूचना पर जाँच के बाद एफआईआर की जा रही है।

कार का पिछला चक्का निकला, बाल-बाल बचा परिवार

बागबाहरा से रायपुर जा रहे अग्रवाल परिवार की कार का पिछला पहिया ओंकारबंद के पास अचानक निकल गया। जिससे कार तीन पलटी खाकर सड़क किनारे पलट गयी, लेकिन सभी वाहन सवारों ने सीट बेल्ट पहन रखी थी जिससे हादसे में सभी बाल-बाल बच गये।

सड़क टूट रहा बीचो-बीच तो सड़क किनारे सालों से खरपतवारों की सफाई नहीं

छुरा/ नवप्रदेश। गरियाबंद जिले के छुरा विकासखंड में बने लोक निर्माण विभाग की सड़के का हाल सबको पता है सड़कों में जहां जगह-जगह गड्ढे है तो सड़के कहीं टूटी-फूटी है पर ब्लॉक मुख्यालय छुरा से लोहझर मडेली मार्ग की स्थिति बहुत ही बदतर है।यह सड़क कही कही दो भागों में टूट रहे हैं तो वहीं सड़क किनारे सालों से सफाई नहीं होने की वजह से सड़क किनारे उगे छोटे-छोटे झाड़ियां वा खरपतवार बड़े पेड़ का रूप ले चुकी है दिखावे के लिए ब्लॉक मुख्यालय से कुछ दूरी में सफाई का ढोंग रचा गया है और पूरा सड़क किनारे में उगे झाड़ियों की सफाई नहीं किया गया है इस वजह से खरपतवार बड़े-बड़े हो गए हैं।इस मार्ग में कोई बड़े वहां ट्रक ट्रेलर या बस आ जाए तो साइड देने के लिए मोटरसाइकिल सवारों को और चार पहिया वाहन चालकों के लिए भारी परेशानी होती है जिससे हमेशा गुजरने वाले राहगीरों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है जनता के टैक्स से विभाग को सड़क निर्माण एवं रख रखाव के लिए पैसे तो मिलते हैं पर उन पैसे का उपयोग सड़कों पर नहीं किया जा रहा है। और तो और छोटे-मोटे गढ़ों को भरने के लिए क्या विभाग के पास कोई बजट नहीं है जगह-जगह टूटे गड्ढे राहगीरों के लिए बहुत मुसीबत बना है ब्लॉक मुख्यालय में लोक निर्माण विभाग का कर्मचारी होने के दावे करते हैं पर यहां कोई कर्मचारी नजर नहीं आता है किसके

भरोसे ब्लॉक मुख्यालय की सड़के का काम होना है । यहां कौन जिम्मेदार है ।ये अभी तक पता नहीं इस प्रकार इस मार्ग में रोज हजारों गाड़ियां आना-जाना करती हैं जिस वजह से इस मार्ग में गुजरने वालों को लिए भारी खतरा बना रहता है खासकर स्कूली बच्चे यहां से स्कूल कॉलेज आते हैं। केवल एक सड़क नहीं छोरा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले लोक निर्माण विभाग के सभी सड़कों को यही हाल है सड़क किनारे खरपतवार या गड्ढे होना आम बात है गड्ढों को मुरूम या मिट्टी से भी नहीं भरे गए हैं जिस वजह से साइड देने के लिए भी एक दूसरे वाहन को रोकना पड़ता है।

अफसरों की टीम ने किया 665 कट्टा धान जब्त

50 क्विंटल रकबा समर्पण कराया गया

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में धान उपार्जन व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुचारू बनाए रखने के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर संयुक्त टीम द्वारा लगातार निरीक्षण एवं कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में जिले के विभिन्न तहसीलों में कल बीती रात और आज अवैध धान भंडारण, परिवहन एवं अनियमितता के मामलों में कड़ी कार्रवाई की गई है। जिसमें 665 कट्टा धान एवं 50 क्विंटल रकबा समर्पण कराया गया।

विकासखण्ड पिथौरा अंतर्गत एसडीएम बजरंग वर्मा के नेतृत्व में टीम द्वारा ग्राम बहमनी में गोयल ट्रेडर्स के गोदाम का निरीक्षण किए जाने पर वहां 600 कट्टा धान का अवैध भंडारण पाया गया। मौके पर धान को जप्त कर लिया गया है तथा संबंधित प्रकरण में मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई किए जाने हेतु मंडी सचिव को निर्देशित किया गया है। इसी प्रकार विकासखण्ड बागबाहरा अंतर्गत एसडीएम श्रीमती नमिता मारकोले के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा घुंचापाली क्षेत्र में अवैध रूप से धान का परिवहन करते हुए 65 कट्टा धान पकड़ा गया। इस दौरान धान परिवहन में प्रयुक्त वाहन समेत धान को जब्त कर थाना बागबाहरा के सुपुर्द किया गया, जहां आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

वहीं तहसील सरायपाली अंतर्गत एसडीएम अनुपमा आनंद के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा ग्राम पुडागढ़ में निरीक्षण के दौरान एक किसान द्वारा 132 क्विंटल धान का टोकन कटाया जाना पाया गया, जबकि मौके पर किसान के घर में केवल 82 क्विंटल धान ही उपलब्ध था। पूछताछ में किसान द्वारा यह स्वीकार किया गया कि उसके पास अतिरिक्त धान उपलब्ध नहीं है। इस पर मौके पर पंचनामा तैयार कर शेष 50 क्विंटल धान का रकबा समर्पण कराया गया।

जिला प्रशासन ने निर्देश दिए है कि धान खरीदी व्यवस्था में किसी भी प्रकार की अनियमितता, अवैध भंडारण या परिवहन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

नगर पालिका उपाध्यक्ष ने बच्चे को पिलाया पोलियो की दवा

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला स्तरीय पल्स पोलियो अभियान 2025 का शुभारंभ 21 दिसंबर को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नयापारा में नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी द्वारा बच्चे को पोलियो की दवा पिला कर किया गया। इस दौरान महेन्द्र सिक्का, पार्षद सूरज नायक तथा पूर्व पार्षद श्रीमती मीना वर्मा द्वारा भी शुभारंभ अवसर पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई. नागेश्वर राव द्वारा इस कार्यक्रम के संबंध में अवगत कराते हुए बताया गया कि,

जिले में 1268 पोलियो बूथों के माध्यम से 0 से 5 वर्ष के एक लाख 15 हजार 495 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित है। इस कार्यक्रम के दौरान 21 दिसम्बर को बुथ स्तर पर तथा अगले दो दिन 22 एवं 23 दिसम्बर 2025 तक छुटे हुए बच्चों को महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्कूल शिक्षा विभाग के समन्वय से बच्चों को पोलियो की दवा पिलायी जाएगी। जिला स्तरीय पल्स पोलियो अभियान 2025 की शुभारंभ कार्यक्रम में डॉ. अरविन्द गुप्ता जिला टीकाकरण अधिकारी, राहुल ठाकुर शहरी कार्यक्रम प्रबंधक, अनुपम शर्मा आरएमएनसीएचए सलाहकार, मनीष कश्यप, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं बच्चों के पालकगण उपस्थिति रहें।

खरीदी केंद्र | **अधिकांश उपार्जन केन्द्रों से उठाव कछुआ गति से हो रही**

जिले के 182 खरीदी केन्द्रों में 86 प्रतिशत धान जाम

महासमुंद/नवप्रदेश। जिलेभर के 182 उपार्जन केंद्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी निरंतर जारी है, लेकिन उठाव कछुआ गति से चल रही है। जिले के 182 उपार्जन केन्द्रों में लगभग 86 प्रतिशत धान अभी भी जाम पड़ा है। अधिकांश उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी अब बफर लिमिट के पार हो गई है। यदि,जल्द ही उठाव की गति तेज नहीं हुई तो खरीदी प्रभावित हो सकती है।

बता दें कि 15 नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी के 36 दिन पूरे हो गए हैं, इसके बाद भी 182 में से आधी सोसाइटियों में धान का उठाव शुरू नहीं हो पाया है।

खरीदी केंद्रों में सभी चबूतरे धान के स्टेक से फुल हो चुके हैं। स्थिति यह है कि जिले में कुछेक उपार्जन केंद्रों को छोड़ दें तो अधिकांश उपार्जन केन्द्रों में धान उठाव शुरू भी नहीं हुआ है। जैसे-जैसे समय बीत रहा है। वैसे-वैसे अब समितियों की परेशानी बढ़ रही है। जानकारी के अनुसार 21 दिसंबर तक कुल 61632 किसानों से 362754.08 टन धान खरीदी की जा चुकी है। लेकिन, मात्र 50220.9 टन का ही उठाव अब तक हो पाया है। जो कुल खरीदी का मत्र 13.8 प्रतिशत है। अब भी पूरे 182 केन्द्रों में 312533.89 टन (86.15 प्रतिशत) धान जाम पड़ा हुआ है। समितियों के अनुसार यदि, सप्ताहभर में धान का उठाव नहीं हुआ तो विकट स्थिति निर्मित हो जाएगी।

उठाव नहीं हुआ तो समितियों पर पड़ेगा बोझ

सहकारी कर्मचारी संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने कहा कि वर्तमान में जिले की सहकारी समितियां जैसे-तैसे व्यवस्था बनाकर खरीदी सुचारू रूप से चला रही है। उन्होंने कहा कि खरीदी लगभग एक माह से अधिक बीत चुका है। धान का उठाव न होने से अब धान रखने जगह का अभाव शुरू हो गया है। नई जगह बनाने के लिए समितियों पर प्रकाश व्यवस्था, तिरपाल, कैमरे तथा अतिरिक्त चौकीदार के खर्च का बोझ बढ़ जाएगा तथा चोरी आदि का भी भय बना रहेगा। इधर, अब 24 घंटे टोकन कटना शुरू हो चुका है। ऐसे में उपार्जन केंद्रों में लगातार धान की आवक होगी और उपार्जन केंद्रों पर धान का दबाव बढ़ेगा। यही नहीं, जो धान प्रारंभ में खरीदे गए हैं उनमें सूखत आएगी, इससे सहकारी समितियों को नुकसान होगा।

साहू समाज का शपथ ग्रहण समारोह

धरसीवां/नवप्रदेश। साहू समाज कुंरा परिक्षेत्र पदाधिकारी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न ग्राम मनोहरा में साहू समाज कुंरा परिक्षेत्र नवनिर्वाचित पदाधिकारी का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाज की वरिष्ठ पदाधिकारी जनप्रतिनिधि महिला एवं युवा मोर्चा पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित रहे । कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को संगठित कर सामाजिक शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक विकास को नई दिशा देना रहा । उक्त अवसर पर मुख्य रूप से तहसील साहू संघ अध्यक्ष लेख राम साहू , उपाध्यक्ष फूलचंद साहू , पूर्व जिला अध्यक्ष के आर साहू , परिक्षेत्र अध्यक्ष रामकुमार साहू ,

संरक्षक बलदाऊ प्रसाद साहू , परिक्षेत्र अध्यक्ष होरीलाल साहू , उपाध्यक्ष योगेश साहू , महिला उपाध्यक्ष सरस्वती साहू , संगठन सचिव राम कुमार साहू , सह संगठन सचिव किरण साहू , युवा मोर्चा अध्यक्ष राजीव लोचन साहू, महिला अध्यक्ष लक्ष्मी साहू , कुरूद सरपंच रुक्मणी साहू , मनोहरा सरपंच पूर्णिमा गोविंद साहू , नपं अध्यक्ष गोविंद साहू , कौशल साहू , त्रिलोक साहू , नारद साहू , अनूप साहू , कमलेश साहू , देवानंद साहू , सुरेश साहू , छेदीलाल साहू , भूपेंद्र साहू , घनश्याम साहू , रेवाराम साहू , हृदय राम साहू , संतोष साहू , रामेश्वरी साहू , रेखा साहू , सभी ग्राम इकाई अध्यक्षो की गरिमामई उपस्थिति में बड़ी संख्या में महिला युवा एवं बुजुर्गों उपस्थिति रही सभी अतिथियों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारी को शपथ दिलाते हुए समझित में निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने का आह्वान किया अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि साहू समाज को शिक्षा रोजगार और सामाजिक एकता के क्षेत्र में और मजबूत करने की आवश्यकता है युवाओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से समाज निरंतर प्रगति की ओर बढ़ेगा । कार्यक्रम का सफल संचालन एवं समापन समाज के वरिष्ठ सदस्यों के मार्गदर्शन में किया गया ।

■ न्यूज गैलरी

बच्चों को पिलाई गई पोलियो ड्रॉप

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजीव नगर बसंतपुर क्षेत्र में पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को ÷दो बूंद ज़िंदगी की÷ पिलाई गई। इस अभियान में युवा नेता एवं पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री की सक्रिय उपस्थिति में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिन दीदियों और स्थानीय नागरिकों के सहयोग से बच्चों को पोलियो निरोधक दवा पिलाई गई।इस अवसर पर पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान कोई साधारण सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश की भावी पीढ़ी को सुरक्षित रखने का राष्ट्रीय संकल्प है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1995 में ÷दो बूंद ज़िंदगी की÷ के संदेश के साथ शुरू हुआ यह अभियान, 1994 के दिल्ली मॉडल से प्रेरित था। निरंतर और ईमानदार प्रयासों के फ्लस्वरूप 27 मार्च 2014 को भारत को पोलियो-मुक्त घोषित किया गया, जो लाखों जमीनी कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम है।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से सौजन्य भेंट, ग्राम पदुमतरा के धार्मिक आयोजन हेतु दिया गया आमंत्रण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नववर्ष 2025 के पावन अवसर पर ग्राम पदुमतरा में आयोजित होने वाले धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों को लेकर आज भिलाई स्थित निवास में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री भूपेश बघेल से सौजन्य मुलाकात की गई। इस दौरान उन्हें ग्राम पदुमतरा में आयोजित होने वाले माँ बगलामुखी यज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा में शामिल होने हेतु औपचारिक आमंत्रण दिया गया।मुलाकात के दौरान जानकारी दी गई कि 1 जनवरी 2025 को माँ बगलामुखी यज्ञ का आयोजन किया जाएगा वहीं 2 जनवरी से 8 जनवरी 2025 तक राष्ट्रीय स्तर के सुप्रसिद्ध कथावाचक आचार्य पं. युवराज पाण्डेय द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का दिव्य वाचन किया जाएगा। यह आयोजन क्षेत्रवासियों के लिए आध्यात्मिक चेतना, धर्म और संस्कृति से जुड़ने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने पूरे कार्यक्रम की जानकारी लेकर प्रसन्नता व्यक्त की तथा आयोजन की सफ्लता के लिए शुभकामनाएँ दीं। साथ ही उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित होने का आश्वासन भी दिया।

गुरु घासीदास बाबा ने समाज को समानता, सत्य और मानव गरिमा का संदेश दिया : अभिमन्यु उदय मिश्रा

राजनांदगांव /नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा मिनिमाता बाजार चौक सोमानी में आयोजित गुरु घासीदास बाबा जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए । अभिमन्यु ने सर्वप्रथम गुरु घासीदास बाबा के तैल चित्र पर पुष्प अर्पण कर आशीर्वाद लिया उन्होंने सभी को गुरु घासीदास बाबा की जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुरु घासीदास बाबा ने हमें सतनाम का संदेश दिया जिसका अर्थ है कि सत्य ही ईश्वर है उन्होंने जाति-भेद, छुआछूत और पाखंड का विरोध करते हुए समाज को समानता, मानव गरिमा और आत्मसम्मान का मार्ग दिखाया, उनका संदेश था नशामुक्त जीवन, सरल आचरण, परिश्रम और आपसी भाईचारा उन्होंने स्त्री पुरुष समानता की बात कही दिखावे अंधविश्वास से दूर रह कर सादगी से जीवन जीने की बात कही, किसी भी जीव के प्रति हिंसा न करने अहिंसा का मार्ग अपनाने उपदेश दिया ।

कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों का तहसीलवार की समीक्षा

धान खरीदी में तहसीलदारों को कोचियों व बिचौलियों पर कड़ी निगरानी के दिए निर्देश

■ समय सीमा में निराकरण करने के दिए निर्देश

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर तहसीलवार राजस्व से संबंधित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। उन्होंने समय सीमा से बाहर लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करें और बिना किसी देरी के समय सीमा के भीतर काम पूरा करें। कलेक्टर ने कहा कि जनता से जुड़े मामलों में विशेष संवेदनशीलता बरती जाए और प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मामलों की नियमित समीक्षा की जाए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री विनय पियाम, श्री नरेंद्र पैकरा, एसडीएम पंडरिया श्री संदीप ठाकुर, कवर्धा श्री चेतन साहू डिप्टी कलेक्टर श्री आर बी देवांगन, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

तय समय सीमा के भीतर मामलों को सुलझाया जाए

कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि अविवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन, त्रुटि सुधार के प्रकरणों में अनावश्यक देरी न की जाए और तय समय सीमा के भीतर मामलों को सुलझाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी स्पष्ट किया कि विवादित प्रकरणों के लिए पूर्व में निर्धारित समय सीमा का सख्ती से पालन हो और इनके समाधान में गंभीरता बरती जाए। कलेक्टर ने बैठक के दौरान अधिकारियों को प्रशासनिक कार्यों में तेजी लाने और नागरिकों को त्वरित सेवा प्रदान करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने तहसीलवार अविवादित और विवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, त्रुटि सुधार, डायवर्सन, नक्शा बटांकन की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में ऐसे तहसील जिनकी प्रगति प्रतिशत कम है, उन्हें इस मामले में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। विवादित प्रकरण के मामले भी समय सीमा से ज्यादा लंबित न हो। उन्होंने कहा कि धान की फ्सल कट चुके हैं अब सीमांकन के कार्य में तेजी आनी चाहिए। उन्होंने सीमांकन के प्रकरणों को भी तेजी से निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने छूटे हुए बच्चों के अपार आईडी निर्माण के लिए तहसील स्तर पर सभी आवश्यक दस्तावेज निर्माण और कलेक्शन के संबंध में जानकारी ली।

धान उपार्जन में 211 बारदाना व 84.40 क्विंटल धान की कमी पाई गई

कलेक्टर ने मैनपुर क्षेत्र के गौरघाट धान खरीदी केंद्र का किया भौतिक सत्यापन

■ पारदर्शिता व किसान सुविधाओं के लिए अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री बी.एस. उइके ने मैनपुर विकासखंड अंतर्गत गौरघाट धान खरीदी केंद्र का भौतिक सत्यापन करते हुए धान खरीदी की संपूर्ण प्रक्रिया का विस्तार से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में की जा रही धान तौल, गुणवत्ता परीक्षण, भंडारण, परिवहन एवं किसानों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि धान खरीदी कार्य शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप पूर्ण पारदर्शिता एवं समयबद्ध तरीके से किया जाए।

कलेक्टर श्री उइके ने मौके पर उपस्थित किसानों से सीधे संवाद कर धान विक्रय के दौरान आ रही समस्याओं की जानकारी ली। किसानों ने बताया कि तौल एवं पंजीयन की प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित हो रही है। इस पर कलेक्टर ने संतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और धान खरीदी केंद्र में अनुशासन एवं व्यवस्था बनी रहे। उन्होंने भुगतान प्रक्रिया को भी समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने नमी मापक यंत्र, बारदाना की उपलब्धता, स्टॉक पंजी, सुरक्षा व्यवस्था एवं साफ सफाई की स्थिति का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है, जिसका मुख्य उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का उचित एवं समय पर मूल्य प्रदान करना है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता या शिकायत मिलने पर संबंधितों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

भौतिक सत्यापन के दौरान कलेक्टर ने पाया कि धान खरीदी केंद्र में कुल 09 स्टेक में उपार्जित धान बारदाना रखा हुआ है। जिसमें बारदाना संख्या 26 हजार 410, धान की मात्रा 10 हजार 564.00 क्विंटल पाया गया, जबकि वास्तविक खरीदी सत्यापन के दौरान 26 हजार 121 बारदाना, कुल धान की मात्रा 10 हजार 648.40 क्विंटल ऑनलाईन पोर्टल में दिख रहा है। इस प्रकार भौतिक सत्यापन में 211 बारदाना कुल मात्रा 84.40 क्विंटल उपार्जित धान की मात्रा में कमी पाई गयी। इस निरीक्षण के दौरान उप संचालक कृषि श्री चंदन कुमार रॉय, जिला विपणन अधिकारी, सहकारिता विभाग की सहायक आयुक्त सुश्री महेश्वरी तिवारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

प्राथमिक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

कलेक्टर श्री उइके ने धान खरीदी केंद्र में किसानों के लिए पेयजल, छाया, बैठने की व्यवस्था एवं प्राथमिक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण, सतत मॉनिटरिंग एवं समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि जिले में धान खरीदी कार्य को पूरी तरह किसान-हितैषी, पारदर्शी एवं भरोसेमंद बनाया जाए।

आदिवासी ध्रुव गोंड समाज मुंडा परिक्षेत्र की मासिक बैठक संपन्न

उतई/नवप्रदेश। आदिवासी ध्रुव गोंड समाज मुंडा परिक्षेत्र की मासिक बैठक ग्राम डुन्डेरा के मंगल भवन में आयोजित की गई बैठक के पूर्व श्री बुढादेव की पूजा अर्चना कर और आदिवासी समाज के वीर पुरुष आदिवासी के गौरव शहीद वीर नारायण की जयकारा रानी दुर्गावती की जय कारा ओर बिरसा मुंडा की जयकारा करके शुरुआत की गई मासिक बैठक का उद्देश्य समाज को एकजुट कर और आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए मुडा पंच ने अपनी विचार रखे जिसमें गोंडवाना विकास समिति के मातृशक्ति अध्यक्ष श्रीमती सरोज ठाकुर ने अपने विचार रखी समाज को आर्थिक रूप से महिला ही समाज को एकता के सूत्र में बांधा कर रखती है उसके पश्चात् राजेन्द्र धुर्वे कहा कि समाज लड़की की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए उन्हें घर के काम से अलग रख कर माता पिता उनकी रूचि के साथ आगे बढ़ने दे भारत भुषण सूर्यवंशी ने भी विचार रखे इसके पश्चात् तहसील अध्यक्ष चुरामन कतलम ने अपने विचार और सुझाव दिया की समाज में प्रतिमाह महिला कार्यकारिणी और पुरुष कार्यकारिणी की बैठक होनी चाहिए जिससे समाज में जागरूपता आयेंगी और अंत में मुंडा परिक्षेत्र के मुडादार बहादुर सिंह नेताम ने विस्तार से समाज को समाज को आर्थिक मजबूत करने के लिए प्रत्येक घर से माह में 100रूपैय और दो किलो चावल एकत्रित करने कहा और समुह बनाकर उसका संचालन करे और अपने समाज के जरूरत की समान खरीदें जिससे समाज में आवक होगी जिससे समाज सफ्ल होगी और समाज रीति रिवाज को जाने और अपनी रीति रिवाज से शादी विवाह करें जिससे। हम अपनी परम्पराओं को जानेंगे इस अवसर पर जामुन ठाकुर गुलाब मरकाम गौतम ठाकुर रमेश ठाकुर ललिता बाई फुलू बाई हिमाचल ठाकुर वैदिका ठाकुर विशम्भर ठाकुर कुलेश्वर ठाकुर दुर्गेश ठाकुर गणेश ठाकुर अशंवन ठाकुर नंदेश्वर तोरण ठाकुर ठाकुर सीमा ठाकुर मोगरा ठाकुर रीना ठाकुर सौरभ ठाकुर दादा ठाकुर ईशवरी ठाकुर एवं बड़ी संख्या में समाज के महिला पुरूष उपस्थित रहे ।

कलेक्टर ने मैनपुर अंतर्गत जिड़ार में नवीन हॉस्टल स्थल का किया निरीक्षण

कलेक्टर ने सभी कार्यों को समयसीमा में गुणवत्तायुक्त निर्माण के साथ पूर्ण करने के दिए निर्देश

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर बीएस उइके ने मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम जिड़ार में पीएम जनमन योजना के तहत 3 करोड़ रूपये से अधिक की लोगत से निर्माणाधीन छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी एवं संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली तथा कार्य की प्रगति का जायजा लिया। कलेक्टर ने कार्य को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री उईके ने निरीक्षण के दौरान नए बनने वाले हॉस्टल के स्थल में जाकर जगह का लेआउट एवं ड्राइंग डिजाइन का अवलोकन किया। उन्होंने हॉस्टल में सर्व सुविधा व्यवस्था को सुनिश्चित करते हुए रूम, बरामदा, आंगन, शौचालय, बाथरूम आदि के निर्माण की सुचारु व्यवस्था की प्लानिंग के साथ निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सभी को मिलकर इस महत्वपूर्ण परियोजना को सफ्लतापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन का यह प्रयास है कि जिले के प्रत्येक नागरिक को उच्च स्तरीय और सुलभ शिक्षा सेवाएं मिल सकें। आगामी समय में इस हॉस्टल का निर्माण पूर्ण होने पर मैनपुर क्षेत्र के शिक्षा व्यवस्था के क्षेत्र में नए युग की शुरुआत होगी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री उईके ने बनने वाले भवन की संरचना, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता तथा कार्य की गति को भी निगरानी में रखते हुए कार्य को पूर्ण करवाने के निर्देश दिए।

राष्ट्रीय गणित दिवस पर विभिन्न आयोजन

धमधा/नवप्रदेश। चंदूलाल चंद्राकर शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय धमधा के गणित विभाग द्वारा राष्ट्रीय गणित दिवस 2025 का आयोजन 17 एवं 19 दिसंबर 2025 को महाविद्यालय के विज्ञान भवन के सेमीनार हाल में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान परिषद रायपुर, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान परिषद,डी.एस.टी., भारत सरकार नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के गणित में दिए अद्वितीय योगदान को स्मरण करना तथा विद्यार्थियों में गणित के प्रति रूचि,तार्किक सोंच एवं समस्या समाधान क्षमता का विकास करना रहा। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए मॉडल एवं पोस्टर प्रदर्शिनी, भाषण, निबंध, क्विज, विशेष व्याख्यान एवं रंगोली प्रतियोगिता जैसे विविध शैक्षणिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

जिससे विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. उषा किरण अग्रवाल ने किया। उन्होने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रमों के महत्व पर बल देते हुए छात्रों को निरंतर शैक्षणिक गतिविधियों से जुडने हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में 17 दिसंबर को मुख्य वक्ता के रूप में प्रो.राकेश तिवारी, शास.वी.वाय.टी.पी.जी. स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग उपस्थित थे। उन्होने द ग्राउंड ब्रेकिंग डिस्कवरीज आफ रामानुजन से संबंधित विभिन्न अवधारणाओं, खोज और उनके अनुप्रयोंगों पर सरल और प्रभावी ढंग से प्रकाश डाला। 19 दिसंबर को मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. व्ही.के.पाठक, बी.सी.एस. शास.स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी उपस्थित थे। उन्होने जनरल टोपोलाजी, कैलकुलस एवं सेट थ्योरी से संबंधित अनुप्रयोंगों तथा उनकी विशेषता पर सारभर्गित व्यक्तव्य दिया। इस कार्यक्रम की संयोजक डॉ. शशी ठाकुर तथा आयोजन समिति में श्री राजेश पटेल एवं डॉ लोकेश देवांगन की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शशी ठाकुर ने किया तथा वक्ताओं का परिचय डॉ लोकेश देवांगन तथा आभार प्रदर्शन श्री राजेश पटेल द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के ज्ञान वर्धन एवं गणित के दैनिक जीवन में उपयोगिता के दृष्टिकोण से सार्थक रहा। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, अतिथि प्राध्यापक, कर्मचारीगण एवं विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारीता रही।

जिला पंचायत धमतरी में नये सीईओ गजेन्द्र सिंह ठाकुर ने संभाला पदभार

धमतरी/नवप्रदेश। जिला पंचायत धमतरी में नवनियुक्त 25वें मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गजेन्द्र सिंह ठाकुर (आईएएस) ने आज सुबह 10 बजे निर्धारित समयानुसार कार्यालय पहुंचकर विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने जिला पंचायत कार्यालय परिसर का अवलोकन किया तथा सभाकक्ष में आयोजित बैठक में सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। सभाकक्ष में आयोजित परिचयात्मक बैठक में जिला पंचायत के विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं स्टाफ उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री ठाकुर ने सभी से आत्मीय संवाद करते हुए कहा कि जिला पंचायत ग्रामीण विकास की महत्वपूर्ण कड़ी है और इसके माध्यम से शासन की योजनाएं सीधे आम जनता तक पहुंचती हैं। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़ी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है जिसे पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पूरा किया जाना चाहिए। नये सीईओ ने बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों से वर्तमान में संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली।

उन्होंने महात्मा गांधी नरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिश् ान सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति, उपलब्धियों एवं चुनौतियों पर चर्चा की। श्री ठाकुर ने अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली व्यावहारिक समस्याओं को भी गंभीरता से सुना और उनके समाधान हेतु सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया।

श्री ठाकुर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शासन के निर्देशों का अक्षरशः पालन करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि जिला पंचायत धमतरी में पूर्व की भांति सभी कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण किए जाएं। किसी भी योजना में अनावश्यक विलंब या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कार्यसंस्कृति में अनुशासन, जवाबदेही और टीमवर्क को अत्यंत आवश्यक बताते हुए कहा कि अधिकारी और कर्मचारी आपसी समन्वय से कार्य करें, ताकि विकास कार्यों की गति और गुणवत्ता दोनों बनी रहे।

न्यायालय नजूल अधिकारी कबीरधाम (छ.ग.)
// ईश्तहार //

रा. प्र. क्र. ई. पंजी./202512082200003/ अ-6/वर्ष 2025-26

आवेदक विरेन्द्र पिता मंगल निषाद साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्र.- 15डी भू-खण्ड क्र. 146 क्षेत्रफल 470.00 व.मी. जो नजूल संधारण खसरा में वीरेन्द्र आ. मंगल, कुमार (रामकुमार) आ. शत्रुहन, शकुन आ. लखन, ललिता (ललिता बाई निषाद) पति रजन (राजेन्द्र) साकिन कवर्धा के नाम पर नजूल अभिलेख में भूमि स्वामी के रूप में दर्ज है। मूल धारकों द्वारा आपसी सहमति से पंजीकृत बंटवारानामा दिनांक 17.11.2025 निष्पादित किये जाने से आवेदक द्वारा बंटवारा अनुसार पृथक-पृथक नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति एवं संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 2/1/2026 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर मान्य नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 2/12/25 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक 2/12/2025
पेशी दिनांक 2/1/2026

मुहर — **नजूल अधिकारी, कबीरधाम**

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मैं जगमोहन सिंह भंडरी पिता गोविंद सिंह भंडारी निवासी मकान संख्या- 287, जोन-01, ठक्कर बापा वार्ड-17, सेक्टर-4, शिवानंद नगर, खमतराई, रायपुर (छत्तीसगढ़) पिन कोड- 492008 । यह शपथ करता हूँ, कि मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम जगमोहन सिंह भंडारी पिता गोविंद सिंह भंडारी रख लिया हूँ। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम जगमोहन सिंह भंडारी पिता गोविंद सिंह भंडारी से ही जाना, पहचाना जावे।

जगमोहन सिंह भंडारी
मकान संख्या-287, जोन -01, ठक्कर बापा वार्ड-17, सेक्टर-4, शिवानंद नगर, खमतराई, रायपुर (छत्तीसगढ़)
पिन कोड- 492008

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 3)
- शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर -
Email ID - rmczone3@gmail.com
ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र.**26770** दिनांक 20.12.2025
वार्ड का नाम- **30 शंकर नगर वार्ड**

रायपुर/नवप्रदेश। परिवार जीवन की वह गाड़ी है जिसकी दो मुख्य कड़ी है पति और पत्नी। इनमें से किसी एक का साथ छूट जाने पर दूसरे के कंधों पर संघर्ष दोगुना हो जाता है। ऐसी ही परीस्थितियों में वर्षों तक पक्के घर का सपना संजोकर रखने वाली बुधिया बाई अब अपने नये आवास को देखकर भावुक हो उठती है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राज्य के मुखिया, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करती है क्योंकि इनके प्रयासों से आवास का सपना पूरा हुआ है। कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा के ग्राम पंचायत सिंगारपुर के आश्रित ग्राम भठेलाटोला निवासी बुधिया बाई के पति प्रेमलाल का काफी समय पहले निधन हो गया था। मजदूरी से होने वाले सीमित आय पर अपने चार बच्चों की देखरेख कर परवरिश करने के साथ जर्जर मकान की देखभाल करना उनके लिये बेहद कठिन था। ऐसी परिस्थिति में पक्का मकान बनाना बस एक कल्पना मात्र था। लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण ने उनकी इस कल्पना को वास्तविकता में बदल दिया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में बुधिया बाई का चयन हुआ और उनकी आर्थिक स्थिति कों देखते हुये पक्का आवास स्वीकृत करने का निर्णय लिया गया। स्वीकृति के उपरांत प्रथम किश्त की राशि 40 हजार रूपये उनके बैंक खाता में ऑनलाईन डी.बी.टी. के माध्यम से अंतरित किया गया। जैसे ही प्रथम किश्त प्राप्त हुई बुधिया बाई ने अपने नये आवास का निर्माण कार्य शुरू कर दिया। जैसे-जैसे आवास निर्माण होता गया वैसे-वैसे निर्माण की प्रगति के आधार पर द्वितीय एवं आवास पूर्णता के पश्चात अंतिम किश्त प्रदान किया गया। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में जॉब कार्डधारी बुधिया बाई सीएच-02-003-072-002/129-ए में पंजीकृत होने के कारण उन्हे एवं परिवार को 90 दिवस का अकुशल रोजगार के साथ मजदूरी भुगतान राशि 21870 रूपये भी प्राप्त हुआ। मजदूरी भुगतान से आर्थिक बोझ कम हुआ और मकान निर्माण सुगमता से पूरा हो गया। पक्के मकान के साथ स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण से शौचालय भी बना हुआ है।

प्रवासी मजदूर का केरल में निर्मम हत्या अत्यंत दुखद : महंत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने केरल में छत्तीसगढ़ के प्रवासी मजदूर की मॉब लिंचिंग से मृत्यु पर तत्काल हस्तक्षेप कर न्याय एवं पीड़ित परिवार को सहायता (मुआवजा) प्रदान करने की मांग की है।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने कहा कि, केरल राज्य के पलक्कड़ ज़िले में घटी एक हृदयविदारक एवं अमानवीय घटना में छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले के निवासी, प्रवासी श्रमिक रामनारायण बघेल की केवल संदेह के आधार पर कथित रूप से मॉब लिंचिंग कर निर्मम हत्या कर दी गई।

ऑनलाइन टोकन से धान खरीदी सरल और पारदर्शी

किसानों को समय पर धान विक्रय का मिल रहा अवसर

■ मुख्यमंत्री के सुशासन में किसानों को मिल रहा सीधा लाभ

■ निरंजन साहू को मिली घर बैठे सुविधा, 36 क्विंटल धान विक्रय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में छत्तीसगढ़ राज्य में धान खरीदी व्यवस्था को लगातार अधिक सरल, पारदर्शी और किसान-हितैषी बनाया जा रहा है। किसानों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए शासन द्वारा 'टोकन तुहर हाथ' ऐप के माध्यम से 24म7 ऑनलाइन टोकन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे किसान घर बैठे अपनी सुविधा अनुसार टोकन प्राप्त कर पा रहे हैं। इस डिजिटल पहल से धान खरीदी की प्रक्रिया समयबद्ध होने के साथ-साथ खरीदी केंद्रों पर भीड़ नियंत्रण में भी प्रभावी सिद्ध हो रही है। ऑनलाइन टोकन व्यवस्था के कारण किसानों को निर्धारित तिथि एवं समय पर धान विक्रय का अवसर मिल रहा है।

इसी सुव्यवस्थित और डिजिटल व्यवस्था का लाभ कबीरधाम जिले के ग्राम खैरबाना कला के किसान निरंजन साहू को मिला। उन्होंने 'टोकन तुहर हाथ' ऐप के माध्यम से ऑनलाइन टोकन प्राप्त कर निर्धारित तिथि एवं समय पर उपार्जन केंद्र पहुँचकर 36 क्विंटल धान का सफलतापूर्वक विक्रय किया। टोकन प्राप्त करने से लेकर धान तौल और विक्रय तक की प्रक्रिया पूरी तरह व्यवस्थित रही, जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। निरंजन साहू ने बताया कि पूर्व में धान बेचने के लिए लंबे समय तक प्रतीक्षा करनी पड़ती थी, जबकि अब ऑनलाइन टोकन व्यवस्था से समय की बचत हो रही है। खरीदी केंद्र में पहुँचते ही निर्धारित समय पर धान की तौल एवं खरीदी की प्रक्रिया पूर्ण हो जाती है। धान विक्रय के पश्चात भुगतान भी शीघ्रता से सीधे बैंक खाते में प्राप्त हो जाता है, जिससे किसानों को आर्थिक रूप से बड़ी राहत मिल रही है।

निरंजन साहू ने शासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऑनलाइन टोकन प्रणाली से न केवल खरीदी केंद्रों पर भीड़ नियंत्रित हुई है, बल्कि किसानों को सम्मानजनक एवं सुव्यवस्थित वातावरण में अपनी उपज विक्रय करने का अवसर भी मिला है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अपनाई गई डिजिटल एवं पारदर्शी नीतियाँ किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रभावी सिद्ध हो रही हैं।

आप के नये प्रदेश कार्यालय का उद्घाटन संगठन प्रभारी, सहप्रभारी रहे मौजूद

■ आने वाले सभी चुनाव अकेले ही लड़ेगी पार्टी : पाठक

रायपुर/नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी का आज राजधानी रायपुर में नए प्रदेश कार्यालय का उद्घाटन प्रदेश प्रभारी डॉक्टर संदीप पाठक और सह प्रभारी मुकेश अहलावत द्वारा किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में प्रदेश के अनेक जोन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव व राज्यसभा सांसद, प्रदेश प्रभारी डॉ. संदीप पाठक और उपनेता विपक्ष दिल्ली सरकार, प्रदेश सहप्रभारी मुकेश अहलावत तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर हैं। नेता द्वय अगले 3 दिनों में प्रदेश के सभी ज़ोन के कार्यकर्ताओं से संवाद कर आगे की रणनीति तय करेंगे।

प्रदेश प्रभारी डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि हमारी जिम्मेदारी बड़ी है। आपके आसपास जितनी समस्याएं हैं उसको उठाना शुरू करिए। आप आम आदमी पार्टी से जुड़ गए हैं और आने वाले समय में बड़ी लड़ाई लड़नी है। पिछले 1 साल से प्रदेश में हमारा संगठन बड़ा हुआ है लेकिन इसे और बड़ा करना है। हर गाँव और पंचायत में हमारे कार्यकर्ता होने चाहिए यही आपके सामर्थ का परिचायक होगा। हमें राज्य के आम जनता, आदिवासियों बेरोजगारों,किसानों के लिए लड़ाई लड़नी हैऔर उनका हक़ दिलाना है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी आने वाले लोकल बॉडी के सभी चुनाव लड़ेगी और अपना सामर्थ दिखाते हुए विधानसभा और लोकसभा चुनाव भी अकेले ही लड़ेगी। छत्तीसगढ़ में आने वाले नगरीय निकाय चुनाव में चुनौती रहेगी और निश्चित तौर पर हम जीत हासिल करेंगे।

सिंगपुर में धर्म सभा का आयोजन कई गणमान्य अतिथि हुए शामिल

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम सिंगपुर में धर्म सभा का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर जिले व प्रदेश स्तर के कई सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य धर्म, संस्कृति और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना रहा।धर्म सभा में जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं नामदेव राय (प्रदेश महामंत्री, भारतीय गौ

क्रांति मंच), संजय सिन्हा (अध्यक्ष, भारतीय गौ क्रांति मंच), तिलक देवांगन (महामंत्री), रिंकू सेन (महामंत्री), डोमेन्द्र सिन्हा (ब्लॉक अध्यक्ष, मगरलोड) सहित मंच के कई पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

इसके अलावा कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक राहुल जैन, योगेश्वर साहू, शुभम निक्कू शर्मा, रामायण सिन्हा, सूर्या नेताम, गजेंद्र पटेल एवं दानू साहू ने भी सहभागिता की। वक्ताओं ने अपने संबोधन में धर्म, संस्कृति, गौ संरक्षण एवं समाज में नैतिक मूल्यों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में ग्रामवासियों ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया और इस प्रकार के आयोजनों को निरंतर आयोजित करने की बात कही।

शिवरतन शर्मा गुरु घासीदास जयंती समारोह में हुए शामिल

■ मन्दिर और जैतखाम की पूजा अर्चना कर विधानसभा की खुशहाली और समृद्ध की कामना की

भाटापारा/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम परसवानी, पौसरी, बिटकुली, कलमीडीह में आयोजित गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा शामिल हुए।

शिवरतन शर्मा ने बाबा गुरु घासीदास मन्दिर एवं जैतखाम में पूजा अर्चना कर राज्य एवं

विधानसभा की खुशहाली एवम समृद्धि के लिए बाबा का आशीर्वाद ग्रहण किया। श्री शर्मा का कार्यक्रम स्थल पहुँचने पर पंथी नृत्य के माध्यम से भव्य स्वागत किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए शिवरतन शर्मा ने कहा कि बाबा के बताए सत्य के रास्ते पर चलकर छत्तीसगढ़ सरकार हमारे पुरखो और महापुरषो के खुशहाल छत्तीसगढ़ के सपने को साकार करेगी।उन्होंने गुरु घासीदास जयंती की बधाई एवम शुभकामनाये देते हुए कहा कि बाबा गुरु घासीदास का संदेश आज के संदर्भ में और ज्यादा प्रसंगिक है।बाबा ने उस समय के समाज मे प्रचलित ऊँच नीच ,भेदभाव,छुआछुत का प्रबल विरोध किया। मनखे मनखे एक समान का संदेश दिया।

शिवरतन शर्मा ने कहा कि आपसी मतभेद से नही बल्कि सामाजिक समरसता से ही समाज एवं देश का विकास होता है।उन्होंने बताया पूज्य बाबा गुरु घासीदास जी का अमर संदेश मनखे-मनखे एक समान और सतनाम मानव जीवन को सही दिशा देने वाला प्रकाश है, जो करुणा, समानता और सामाजिक समरसता के मूल्यों को निरंतर सुदृढ़ करता है।

उनके विचार समाज को जोड़ने की चेतना देते हैं और हमें न्याय, सद्भाव तथा मानवीय गरिमा के पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा प्रदान करते हैं। उक्त कार्यक्रमो में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। सरस्वती शिशु मंदिर टेडेसरा मे

श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिवस को गणितीय दिवस के रूप मे मनाया गया। विद्यालय के आचार्यगणों द्वारा श्रीनिवास रामानुजन के तेलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात भैया बहनों द्वारा गणितीय मॉडल,, चित्रकला,चार्ट प्रदर्स, रंगोली, उल्टा पहाड़ा, गीत, कविता, भाषण,प्रश्न मंच का आयोजन कर प्रथम द्वितीय आने वाले भैया बहनों को पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य धनीराम यादव ने गणित मैजिक ट्रिक व पहेलियाँ बताकर गणित को हम कैसे आसानी से हल कर सकते है इसे कठिन न समझे बल्कि द्यइसे रुचिकर बनावें। गणित को हम अपने दैनिक जीवन मे उपयोग करते है जो अनपढ़ है वह भी गणित का प्रयोग रोजाना करते है। लक्ष्य कम्प्यूटर सेंटर के संचालक श्री मोतीलाल सिन्हा जी ने गणितीय मॉडल, प्रदर्स,व रंगोली आकृति को निरीक्षण कर प्रसन्न होकर मॉडल बनाने वाले भैया बहन को अपनी ओर से पुरस्कृत किया। इस कार्यक्रम को संपन्न कराने मे मोनिता साहू, मेनका निषाद, तिरंजा बिसेन, प्रेमा गंजीर, रूपा साहू, तिलोका यादव, चाकेश्वरी साहू, योगेश्वरी वर्मा हिना यादव, भावना यादव सभी दीदियों का विशेष सहयोग रहा।

श्री राम सेवा एवं श्री रामचरित मानस समिति की बैठक आज

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम सांकरा के श्री राम सेवा एवं श्री रामचरित मानस महा सम्मेलन समिति की बैठक कल दिनांक 23 दिसंबर को मानस भवन में आयोजित किया गया है बैठक में मानस सम्मेलन समिति के आजीवन संरक्षक, आजीवन सदस्य, समस्त पदाधिकारी, सांकरा क्षेत्र के सभी रामायण मंडली अध्यक्ष, ग्रामवासियों से उपस्थिति की अपील मानस समिति अध्यक्ष सुरेश साहू, ने किया है उक्त जानकारी मानस सम्मेलन समिति सांकरा आजीवन संरक्षक राजू पटेल ने दिया।

अवैध परिवहन में संलिप्त 4 लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में समर्थन मूल्य में धान

खरीदी सतत रूप से जारी है, वहीं धान खरीदी में अनियमितता करने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जा रही है। अवैध परिवहन में संलिप्त लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर जिले में सर्वाधिक धान जब्त के प्रकरण बनाए गए हैं। गत 20 दिसंबर को सरायपाली अंतर्गत धान उपार्जन केंद्र सिंगबहाल में धान परिवहन के संबंध में अनियमितता पर एफआईआर दर्ज कराई गई है। खाद्य अधिकारी अजय यादव ने बताया कि 20 दिसम्बर की शाम करीब 6 बजे सिंगबहाल धान उपार्जन केंद्र में धान की हेराफेरी के संबंध में सूचना प्राप्त होने पर खाद्य निरीक्षक अविनाश दुबे एवं तहसीलदार श्रीधर पंडा ने मौके पर प्रभारी बुध्दिवंत प्रधान द्वारा डीओ, डीएम राईस मिलर गेट पास एवं तौल पत्रक प्रस्तुत करने कहा जिस पर बुध्दिवंत प्रधान ने डीओ, डीएम राईस मिलर गेट पास एवं तौल पत्रक प्रस्तुत किया। जांच करने पर डीओ में भोलेनाथ इण्डस्ट्रीज छुईपाली का 350 क्विंटल का डीओ एवं डीएम में कुल 875 बोरा धान, धान उपार्जन केंद्र सिंगबहाल से भोलेनाथ इंडस्ट्रीज छुईपाली को जारी करना पाया गया, जबकि ट्रक क्रमांक सीजी 06 एचबी 4361 में 500 बोरी धान लोड होना पाया गया।

ब्लाक स्तरीय सभी विभागों के स्टाल शिविर में लगाकर, लोगों को शासन की योजना की दी जानकारी

गेड़ापाली में हुआ सुशासन सप्ताह

प्रशासन गांव की ओर का आयोजन

भटगांव/नवप्रदेश। बिलाईगढ़ विधानसभा के ग्राम पंचायत गेड़ापाली के हाई स्कूल प्रांगण में विकासखंड स्तरीय पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म जयंती के उपलक्ष्य में *सुशासन सप्ताह* 19 से 25 दिसंबर तक* प्रशासन गांव की ओर* जन शिकायत शिविर का आयोजन किया गया। जहां शिविर मे सभी विभागों का स्टाल लगा हुआ था और ग्रामीण क्षेत्र के लोग अपनी अपनी शिकायत लेकर उक्त विभाग में जा रहे थे और अपनी आवेदन विभाग के अधिकारी को दे रहे थे। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य व छाया विधायक डां.दिनेश लाल जांगड़े, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रेमलता नेताम, जिला मंत्री रेवती चंद्रा, भाजपा नेता व समाजसेवी गिरवर निराला, जनपद सदस्य भोजराम अजगल्ले, पवन? जायसवाल, सरपंच रेवती महेश्वर साहू रहे।

शिविर में आंगतुक जनप्रतिनिधियों

सरकार गरीब से लेकर हर वर्ग के लिए कार्य कर रहा है - गिरवर

वहीं कार्यक्रम को भाजपा नेता व समाजसेवी गिरवर निराला ने भी सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे छत्तीसगढ में डबल इंजन की सरकार चल रही है विष्णु देव साय जी के सरकार चल रहा है भाजपा ऐसा पार्टी है जो एक गरीब से लेकर हर वर्ग के हर व्यक्ति तक हर महातारी के सोच ला समझ के काम करते हैं और सबके हित में काम करते हैं अभी जितना भी योजना चल रहा है महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ऐसे बहुत सारे योजना है जिसको बताते बताते मै थक जाऊ़गा पर योजना कम नहीं होगा हर काम के फायदा सीधा हितग्राही के खाता में जाता है

के सामने स्कूली छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसके बाद इस कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास पूर्णता: प्रमाण पत्र दिया गया। मछली पालन विभाग द्वारा मछ्ली का जाल कंटेनल दिया गया। वहीं बिलाईगढ़ एसडीएम द्वारा स्कूली छात्रा छात्राओं को आय जाति निवास प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

तत्पश्चात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य डां दिनेश लाल जांगड़े ने कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्म महोत्सव के उपलक्ष्य में सुशासन तिहार विकासखंड स्तरीय मनाये जा रहे हैं और ऐसे कार्यक्रम पूर्व में भी हो चुके हैं। पिछले साल सुशासन तिहार जो तीन चरण में संपन्न हुआ था, और सुशासन तिहार का मुख्य उद्देश्य है शासन की योजनाओं और सेवाओं को अंतिम छोर के लोगों तक पहुंचे और ले स्तर में आप सभी अधिकारी गण जो शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लभांर्गीक है उसको समय बध्द पहुचाईये और इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि जो छोटे-छोटे काम के लिए जिला या विकासखंड जाना पड़ता है और जिनका छोटा मोटा काम हो उनका शिविर में अभी तत्काल निराकरण करें और जो जिला स्तरीय समस्या है उसको आप जिला स्तर में जल्द से जल्द करें। वहीं बिलाईगढ़ एसडीएम प्रफुल्ल रजक ने बताया कि 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

ग्राम कड़ार में नरेंद्र वैष्णव के यहां चोरी का प्रयास असफल

■ घर के सदस्यों के जागते ही चोर फरार

भाटापारा/नवप्रदेश। थाना भाटापारा ग्रामीण अंतर्गत ग्राम कड़ार निवासी पूर्व जनपद सभापति के यहां अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया,वे अपने मकसद में कामयाब होते इसके पूर्व के घर के सदस्यों के शोरगुल से चोर समान छोड़ कर भाग गए।पीड़ित में उकताशय की जानकारी ग्रामीण पुलिस को देते हुए गांव में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की है।

उपरोक्त संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार भाटापारा ग्रामीण थाना अंतर्गत ग्राम कड़ार में पूर्व जनपद सभापति अनीता नरेंद्र वैष्णव एवं पार्थ वैष्णव के घर में बीती रात अज्ञात चोरों ने आधी रात चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम देने की कोशिश की।

जानकारी अनुसार, चोर देर रात सुनसान गली का फायदा उठाकर घर में ऊपर लोहे की जाली को काटकर घुस गए और कमरे में रखे कीमती सामान समेटने लगे। इसी दौरान घर के

सदस्यों को आहट हुई और जैसे ही परिजन जागे और शोर मचाया, वैसे ही चोर घबरा गए और चोरी किया जा रहा सामान मौके पर ही छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गए।

प्रार्थी ने उक्त घटना की सूचना ग्रामीण पुलिस को दी और पुलिस ने सूचना मिलते ही घटनास्थल का मुआयना किया तथा जांच में जुट गई एवं आसपास के क्षेत्रों के संदिग्धों की पता साजी कर रही है। इस घटना के बाद पूरे गांव में भय और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि हाल के दिनों में क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं, लेकिन गश्त न होने से चोरों के हौसले बुलंद हैं।

गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रमों में शामिल हुए विधायक अनुज

धरसीवां/नवप्रदेश। बाबा गुरुघासीदास जी का जीवन और उनके विचार पूरी मानवता के लिए प्रेरणा पुंज हैं। हमें उनके शांति और समानता के संदेश को हर घर तक पहुँचाना है। — अनुज शर्मा

बाबा गुरु घासीदास जी के जयंती के पावन अवसर पर धरसींवा विधानसभा के ग्राम तेंदुआ में मंडाई मेला व नेऊरडीह(मांढर), छपोरा, मूंघाडीह(सिलतरा) में बाबा गुरु घासीदास जी के जयंती में शोभा यात्रा , पूजा अर्चना व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया/ जिसमें रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल व क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक ने गुरु गद्दी की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और क्षेत्रवासीयों के सुख समृद्धि व निरंतर प्रगति की कामना की और गुरु घासीदास बाबा जी के आदर्शों को स्मरण किया। विधायक अनुज शर्मा ने शुभकामनायें देते हुए कहा कि बाबा जी के जयंती का यह दिन केवल एक उत्सव नहीं है, बल्कि यह संकल्प लेने का दिन है। गुरु घासीदास बाबा जी एक महान संत होने के साथ ही सामाजिक क्रांति के अग्रदूत भी थे। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि शांति, सत्य और साहस से समाज में परिवर्तन लाया जा सकता है। बाबा जी ने आज से सदियों पहले ऊंच-नीच, छुआछूत और भेदभाव के विरुद्ध जो अलख जगाई थी, वह आज भी हमारे समाज के लिए उतनी ही प्रासंगिक है। ?बाबा का संदेश 'मनखे-मनखे' एक समान' ?बाबा गुरु घासीदास जी ने उस दौर में समाज को दिशा दिखाई जब समाज ऊंच-नीच, छुआछूत और पाखंड के अंधेरे में डूबा हुआ था। उन्होंने गिरौदपुरी की तपोभूमि से एक ऐसा मंत्र दिया जिसने मानवता की परिभाषा ही बदल दी मनखे-मनखे एक समान। उन्होंने हमे सिखाया कि ईश्वर की नजर में कोई छोटा या बड़ा नहीं है।'सतनाम' का मार्ग ही जीवन का असली मार्ग है। उन्होंने न केवल मनुष्यों बल्कि पशु-पक्षियों के प्रति भी दया भाव रखने का संदेश दिया। हमारी सरकार बाबा गुरु घासीदास जी के बताए हुए मार्ग पर चलने के लिए प्रतिबद्ध है।

राष्ट्रीय गणित दिवस 2025 का आयोजन

धरसीवां/नवप्रदेश। सोमवार 22.दिसंबर को 'शासकीय पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय,

धरसींवा में गणित विभाग द्वारा ''राष्ट्रीय गणित दिवस 2025 (रजत जयंती वर्ष) के उपलक्ष्य मे अतिथि व्याख्यान, रंगोली प्रतियोगिता एवं मैथ्स एंड माइंड चैलेंज '' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद्, रायपुर एवं NCSTC Govt of Inida, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित था। कार्यक्रम का प्रारंभ श्रीनिवास रामानुजन की प्रतिमा में माल्यार्णपण के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में आमंत्रित वक्ता के रूप में डॉ. युगबोध पटेल, शहीद नंद कुमार पटेल शासकीय महाविद्यालय बीरगाँव द्वारा गणित एवं भौतिकी के प्रमुख खोज एवं अविष्कारों और अन्य प्रख्यात गणितज्ञों के बारे में रोचक जानकारियाँ दी गई।

3 दिवसीय अनिश्चितकालीन हड़ताल हेतु ज्ञापन सौंपा

धरसीवां/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ / अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के आह्वान के समर्थन पर नवनियुक्त अधिकारी / कर्मचारी संघ नगरीय निकाय के द्वारा 29 , 30 एवं 31 दिसंबर को प्रस्तावित 3 दिवसीय

अनिश्चितकालीन हड़ताल को लेकर नगरपंचायत कूंरा के कर्मचारियों के द्वारा मुख्य नगरपालिका अधिकारी दीपक शर्मा को ज्ञापन के माध्यम से स्पष्ट किया कि मोदी की गारंटी के तहत कर्मचारियों की 11 सूत्रीय जायज मांगों को लेकर लंबे समय से शासन का ध्यान आकर्षित किया जा रहा है। किंतु अब तक किसी भी की ठोस पहल नहीं होने से कर्मचारियों में शासन के विरुद्ध भारी रोष व्याप्त है , इसी के चलते मजबूरन नगरीय निकाय के समस्त कर्मचारी नवनियुक्त अधिकारी / कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राजेश सोनी के नेतृत्व में फेडरेशन का पूर्ण समर्थन करेंगे , ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रूप से निकाय के सुभाष सोनकर सहायक राजस्व निरीक्षक , शशिकांत ठाकुर सहायक राजस्व निरीक्षक , ओमप्रकाश सिंह लेखापाल , रविकांत वर्मा सफाई दारोगा , पुष्पा सेन , मनीष देवांगन , पूर्णेन्द्र साहू प्लेसमेंट कर्मचारी , उक्त ज्ञापन के संबंध में नवनियुक्त अधिकारी / कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री सुभाष सोनकर के द्वारा रायपुर संभाग के समस्त नगरीय निकायों से समर्थन हेतु आह्वान किया है।

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत विद्यालय निरीक्षण

■ जनपद उपाध्यक्ष हृदय लाल साहू ने प्रार्थना स्थल में टीन शेड हेतु 10 लाख की घोषणा

नगरी/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत शैक्षणिक संस्थानों में गुणवत्ता स्तर का मूल्यांकन करने जनपद उपाध्यक्ष हृदय लाल साहू शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, शाला प्रबंधन एवं विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति का अवलोकन किया तथा गुणवत्ता स्तर

जांचने कई मानकों पर सवाल पूछे गए , जिसका जवाब एप के माध्यम से भेजे गए।निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर स्थित प्रार्थना स्थल की आवश्यकता को देखते हुए जनपद उपाध्यक्ष साहू ने विद्यार्थियों की सुविधा हेतु टीन शेड निर्माण के लिए 10 लाख रुपये की स्वीकृति की घोषणा की। इस घोषणा से विद्यालय परिवार, छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों में हर्ष का वातावरण रहा। इस अवसर पर शाला परिवार एवं शाला प्रबंधन समिति द्वारा जनपद उपाध्यक्ष हृदय लाल साहू का आभार व्यक्त किया गया तथा शिक्षा की गुणवत्ता सुधार हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना की गई।

मीडिया की भूमिका ... पत्रकारिता का काम महज सूचना देना नहीं, बल्कि जनचेतना लाना

'सजग प्रहरी के रूप में मीडिया कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका पर नजर रखता है'

महासमुंद/नवप्रदेश। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभाग के अध्यक्ष व इंदौर जोन के क्षेत्रीय निदेशक राजयोगी ब्रह्माकुमार ओमप्रकाश भाई की 10वीं पुण्य स्मृति दिवस पर उपकार भवन में 'राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका' विषय पर मीडिया परिसंवाद व पत्रकार सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न ब्लॉक से प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार शामिल हुए।

कार्यक्रम में राजयोग शिक्षिका ब्रम्हा कुमारी तोमेश्वरी दीदी ने

कहा कि राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। हर किसी की सोच और विचारधारा अलग होती है, लेकिन सजग और निष्पक्ष रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मीडियाकर्मी तथ्यों को प्रस्तुत करें, तथ्यों के आधार पर खबर बनाएं। ख्याल रखा जाना चाहिए कि इसका उपयोग व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के अहित में न हो। पत्रकारिता का काम महज सूचना देना नहीं, बल्कि जनचेतना लाना है। सहायक प्राध्यापक पीयूष तांडेय ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण है, यह जनता को सूचित, शिक्षित और जागरूक कर, राष्ट्रीय पहचान और एकता को बढ़ावा देता है। सामाजिक-राजनीतिक मुद्दों को उजागर कर सरकार और जनता के बीच सेतु का काम करता है, और लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका पर नजर रखता है, इससे विकास, मानवाधिकारों की रक्षा और सामाजिक न्याय सुनिश्चित होता है। लेकिन इसके लिए जिम्मेदार और विश्वसनीय पत्रकारिता आवश्यक है, जो सनसनीखेज या पूर्वाग्रह से मुक्त हो। बीएड पार्वती शिक्षा महाविद्यालय अंबिकापुर की प्रोफेसर संध्या चंद्राकर ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। समाज और राष्ट्र के निर्माण में इसकी महती भूमिका है। सत्ता की कमी और अनियमितताओं को उजागर कर सही दिशा दिखाने की काम करती है। मीडिया को नकारात्मक के साथ सकारात्मक पहलू पर भी ध्यान देने की जरूरत है। पत्रकार का खबर सामाजिक अन्याय, भ्रष्टाचार और मानवाधिकारों के उल्लंघनों को उजागर करता है, जिससे जनता जवाबदेह बनती। कार्यक्रम में प्रेस क्लब अध्यक्ष रत्नेश सोनी, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, सेवाकेंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीती दीदी ने भी अपने विचार रखे। अंत में सभी ने ओम प्रकाश भाई जी को श्रद्धांजलि अर्पित किया।

जर्जर 52 दुकानों को तोड़ने का प्रस्ताव पारित

■ सामान्य सभा में अधिकारियों की अनुपस्थिति पर जनप्रतिनिधियों ने जताई नाराजगी

नगरी/नवप्रदेश। जनपद पंचायत नगरी के सभा कक्ष में शुक्रवार को आयोजित सामान्य सभा की बैठक में नगरी क्षेत्र के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष द्वारा की गई। बैठक में सर्वप्रथम विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई, तत्पश्चात सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं से संबंधित प्रकरणों पर चर्चा कर पात्र हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

बैठक में सुखद सहारा पेंशन, राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना, राष्ट्रीय विकलांग पेंशन एवं राष्ट्रीय विधवा पेंशन के मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके पश्चात प्रियदर्शनी परिसर अंतर्गत निर्मित 52 जर्जर दुकानों (परिसरों) के डिस्मेंटल (तोड़ने) का प्रस्ताव सदन में रखा गया, जिसे चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से

पारित किया गया। सामान्य सभा की बैठक में वन विभाग एवं लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों की अनुपस्थिति को लेकर जनप्रतिनिधियों ने कड़ी नाराजगी जताई। विशेष रूप से नगरी क्षेत्र अंतर्गत चारों एसडीओ (वन विभाग) के अनुपस्थित रहने पर सदस्यों ने कहा कि संबंधित अधिकारी प्राय: सामान्य सभा की बैठकों में उपस्थित नहीं रहते, जो गंभीर विषय है। इस संबंध में उच्च अधिकारियों को सूचना भेजने का निर्णय लिया गया। वहीं, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ की अनुपस्थिति को जनपद पंचायत अध्यक्ष ने गंभीर लापरवाही बताते हुए असंतोष व्यक्त किया।

न्यूज गैलरी

हिस्ट्रीशीटर रोहित तोमर को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत

रायपुर/नवप्रदेश। सुप्रीम कोर्ट से रायपुर के कुख्यात हिस्ट्रीशीटर रोहित तोमर को बड़ी कानूनी राहत मिली है। कोर्ट ने पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में दर्ज चार मामलों में उसकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। ये चारों एफआईआर जून और जुलाई 2025 के दौरान दर्ज की गई थीं, जिनमें रोहित तोमर पर पीड़ितों को डराने-धमकाने और अधिक ब्याज वसूलने के आरोप लगे थे। हालांकि यह राहत रोहित तोमर के लिए पूरी तरह सुरक्षित कवच नहीं है। सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश सिर्फ उन चार मामलों तक सीमित है, जिनमें अग्रिम जमानत की मांग की गई थी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, रोहित तोमर पर दर्ज अन्य आपराधिक मामलों में गिरफ्तारी और जांच की कार्रवाई जारी रहेगी। 9 नवंबर को पुलिस ने रोहित के साथ फरार चल रहे भाई वीरेंद्र तोमर को एमपी से गिरफ्तार कर रायपुर जेल भेजा था, लेकिन पूछताछ में भी उसने रोहित के ठिकाने के बारे में कुछ नहीं बताया। पुलिस जांच में सामने आया कि रोहित लगातार ठिकाने बदल रहा है और कुछ स्थानीय सहयोगी उसकी मदद कर रहे हैं। तोमर बंधुओं के खिलाफ 5 महीने में 8 नए केस सामने आए हैं। उन पर 16 से ज्यादा अपराध के मामले दर्ज हैं। वहीं, मारपीट, धमकी, ब्लैकमेलिंग, अवैध वसूली और सूदखोरी जैसे गंभीर आरोपों के 8 नए केस दर्ज हुए हैं। पुराने मामलों सहित दोनों भाइयों पर 16 से अधिक आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

ऊर्जा विकास पर केन्द्रित पुस्तक 'सफलता का सफरनामा' को पीआरएसआई राष्ट्रीय पुरस्कार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'सफलता का सफरनामा' ने इस वर्ष के पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) के राष्ट्रीय पुरस्कारों के प्रेस्टीजियस एडिशन (विशेषांक) श्रेणी में तीसरा स्थान हासिल किया है। देहरादून में आयोजित पीआरएसआई की 47 वीं राष्ट्रीय कांफ्रेंस में पॉवर कंपनी की ओर से प्रबंधक जनसंपर्क विकास शर्मा ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। पीआरएसआई रायपुर चैप्टर के अध्यक्ष डॉ शाहिद अली ने बताया कि सम्मान समारोह में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद नरेश बंसल ने की। इस दौरान उत्तराखंड के केबिनेट मंत्री गणेश जोशी, परमार्थ निकेतन के स्वामी चिदानंद रूस के आईपीआरए के प्रतिनिधि माइकल मस्लोव विशेष रूप से उपस्थित थे। पीआरएसआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजीत पाठक ने पॉवर कंपनी की पुस्तक को पुरस्कृत होने पर बधाई देते हुए कहा कि पुस्तक 'सफलता का सफरनामा' छत्तीसगढ़ के ऊर्जागढ़ बनने की यात्रा को रेखांकित करता है। पुस्तक ऊर्जा क्षेत्र के विकास में बीते वर्षों की उपलब्धियों को जानने का अवसर प्रदान करने वाली है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को अपने उच्च मापदण्डों के अनुरूप कार्य करते रहने के लिए यह पुस्तक प्रेरित करेगा। उल्लेखनीय है कि पीआरएसआई प्रतिवर्ष जनसंपर्क तथा जनसंचार क्षेत्र में विभिन्न श्रेणियों में उल्लेखनीय कार्यों के लिए संस्थानों को पुरस्कृत करता है। सम्मेलन में अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर जनसंपर्क एवं संचार से जुड़े 300 से अधिक पेशेवरों एवं विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। वहीं पुरस्कारों के लिए देशभर की सार्वजनिक क्षेत्र, केन्द्र एवं राज्य सरकारों तथा कारपोरेट जगत के 60 से अधिक संस्थानों ने अपनी प्रविष्टियाँ भेजी थीं।

फरार गांजा तस्कर राकेश वर्मा की 1.5 करोड़ की संपत्ति कुर्क

रायपुर/नवप्रदेश। नशीले पदार्थों के काले कारोबार के खिलाफ रायपुर पुलिस ने अब तक की सबसे बड़ी प्रहारक कार्रवाई की है। खरोरा क्षेत्र के कुख्यात गांजा तस्कर राकेश वर्मा की करीब डेढ़ करोड़ रुपये की अवैध अचल संपत्ति को 'सफेमा' के तहत जप्त कर लिया गया है। गांजा तस्करी की कमाई से खड़ी की गई इस साम्राज्य पर पुलिस ने मुंबई स्थित सफेमा कोर्ट के आदेश के बाद शिकंजा कसा है। यह पूरा मामला मई 2025 का है, जब खरोरा पुलिस और साइबर सेल की टीम ने ग्राम छड़िया में दबिश देकर मोहन सिंग कोशले उर्फ राकेश को गिरफ्तार किया था। उसके पास से करीब 28 किलो गांजा बरामद हुआ था। पूछताछ में खुलासा हुआ कि इस तस्करी का असली मास्टरमाइंड राकेश वर्मा (निवासी ग्राम खपरीडीहखुर्द) है। तब से आरोपी राकेश वर्मा फरार है, लेकिन पुलिस उसकी अवैध संपत्ति को ट्रैक कर रही थी। थाना प्रभारी खरोरा ने आरोपी राकेश वर्मा और उसके परिजनों द्वारा गांजा तस्करी की काली कमाई से खरीदी गई जमीनों का पूरा ब्योरा सफेमा कोर्ट, मुंबई को भेजा था। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने खपरीडीहखुर्द में अलग-अलग स्थानों पर स्थित कुल 13 प्लॉट अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 1.5 करोड़ रुपये है. इन सभी संपत्तियों को विधिवत जप्त कर लिया गया है। रायपुर पुलिस की इस कार्रवाई से नशा तस्करों में हड़कंप मच गया है।

जल जीवन मिशन के तहत 601.72 करोड़ की लागत से जल आपूर्ति योजनाओं पर हो रहा काम

1.56 लाख ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन उपलब्ध कराने का लक्ष्य

■ 1.37 लाख घरों में पहुंचा नल से जल, जिला गठन के समय मात्र 58 लाख घरों में थे नल

रायपुर/नवप्रदेश। जल जीवन मिशन के अंतर्गत नवगठित सक्ती जिले में घरों तक पेयजल पहुंचाने का काम जोरों पर चल रहा है। अब तक वहां के एक लाख 37 हजार 139 घरों में नल से जल पहुंचाया जा चुका है। मिशन के तहत जिले के 456 गांवों के लिए कुल 565 योजनाएं मंजूर की गई हैं। इनमें से अब 181 गांव हर घर जल से प्रमाणित हो गए हैं, जिनकी संख्या जिला गठन के समय मात्र तीन थी।

जांजगीर-चांपा जिले से विभाजित होकर 9 सितम्बर 2022 को सक्ती छत्तीसगढ़ के 33वें जिले के रूप में अस्तित्व में आया था। नया जिला बनने के बाद से ही जनभागीदारी, प्रशासनिक प्रतिबद्धता और निरंतर मॉनिटरिंग के कारण वहां जल जीवन मिशन का काम शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में अग्रणी रहा है। प्रत्येक ग्रामीण परिवार को सुरक्षित और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने कि लिए सक्ती जिले के 456 गांवों लिए 565 योजनाएं स्वीकृत की गई हैं।

कुल 601 करोड़ 72 लाख 72 हजार रुपए लागत की इन योजनाओं से जिले के एक लाख 56 हजार 245 ग्रामीण परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध कराने का लक्ष्य है।

जिला गठन के पूर्व सक्ती जिले में केवल 58 लाख 491 परिवारों के पास ही नल कनेक्शन थे। जल जीवन मिशन के तहत 181 गांवों के हर घर जल प्रमाणीकरण के बाद अब एक लाख 37 हजार 139 घरों में नल से जल पहुंच रहा है। जिले में जल जीवन मिशन के सघन और प्रभावी क्रियान्वयन के फलस्वरूप चारों विकासखंडों सक्ती, जैजैपुर, डभरा और मालखरौदा में नल-जल योजनाओं के काम तेजी से पूर्ण हो रहे हैं। सक्ती विकासखंड में 36 हजार 087 परिवारों में से अब तक 34 हजार 176 परिवारों को नल कनेक्शन मिल चुके हैं। जैजैपुर विकासखंड में 43 हजार 448 परिवारों में से 35 हजार 400 को घरेलू जल कनेक्शन प्राप्त हो गए हैं। डभरा विकासखंड में 40 हजार 278 में से 33 हजार 338 परिवार और मालखरौदा में 36 हजार 432 में से 34 हजार 225 परिवारों तक नल से जल पहुंच रहा है।

221 योजनाएं पूर्ण

जल जीवन मिशन के अंतर्गत सक्ती जिले में स्वीकृत 565 योजनाओं में से 221 योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। केंद्र सरकार द्वारा मिशन की अवधि को वर्ष 2028 तक विस्तारित किया गया है। इसके अनुसार शेष योजनाओं को आगामी चरणों में पूरा करने का लक्ष्य है। लंबित योजनाओं के कार्यों को तेजी से पूर्ण किया जा रहा है। सक्ती हर घर जल प्रमाणीकृत जिले के रूप में अपनी अलग पहचान बना रहा है। राज्य शासन और जिला प्रशासन की सक्रियता, विभागीय समन्वय और ग्राम पंचायतों की भागीदारी से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति की दिशा में जल जीवन मिशन मील का पत्थर साबित हो रहा है।

पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के सचिव ने किया विजेताओं को पुरस्कृत

बैगा एथनिक रिसॉर्ट सरोधा दादर में छत्तीसगढ़ी, जनजातीय एवं पारंपरिक व्यंजन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार के सक्रिय प्रयासों से राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष में पर्यटन क्षेत्र नई ऊंचाइयों को छू रहा है। छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड ने 8 से 21 दिसंबर 2025 तक विशेष गतिविधियों और प्रतियोगिताओं की भव्य श्रृंखला का सफल आयोजन किया। प्रदेश के विभिन्न पर्यटन केंद्रों, रिसॉर्ट्स और रायपुर स्थित प्रधान कार्यालय में रचनात्मक कार्यक्रमों का शानदार दौर चला, जिसने स्थानीय कलाकारों और समुदायों को नई पहचान दी। इसी कड़ी में 20 दिसंबर को कवर्धा जिले के सरोधा दादर स्थित बैगा एथनिक रिसॉर्ट में छत्तीसगढ़ी, जनजातीय एवं पारंपरिक व्यंजन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हुआ।

स्थानीय होमस्टे संचालक गरुड़ा इन एवं लीची होमस्टे ने सक्रिय भागीदारी निभाई। चिल्फी ग्राम पंचायत के स्व-सहायता समूहों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया, जिनमें मां भगवती एसएचजी, मां बम्लेश्वरी एसएचजी, मैकल इको पर्यटन समिति एवं चिल्फी मिलेट कैफे प्रमुख रहे। प्रतियोगिता का निष्पक्ष मूल्यांकन एसडीएम सुश्री सुरुचि एवं तहसीलदार बोड़ला सुश्री राजश्री पांडे ने प्रस्तुतियों का अवलोकन एवं स्वाद परीक्षण कर किया। चिल्फी मिलेट कैफे को प्रथम पुरस्कार स्वरूप 7 हजार रुपये नकद, मां बम्लेश्वरी स्व-सहायता समूह को द्वितीय पुरस्कार के रूप में 5 हजार रुपये तथा मैकल हिल इको पर्यटन समिति एवं मां भगवती स्व-सहायता समूह को संयुक्त रूप से तृतीय पुरस्कार के रूप में 3 हजार रुपये नकद प्रदान किए गए।

पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के सचिव डॉ. रोहित यादव ने विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री यादव ने प्रतिभागियों एवं स्थानीय समूहों से विस्तृत चर्चा की तथा पर्यटन अवसरों की जानकारी साझा की। श्री यादव बैगा रिसोर्ट के कर्मचारियों के आतिथ्य सत्कार से भी बहुत अधिक प्रभावित हुए तथा आगे भी उन्हें इसी तरह से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

प्रतियोगिता के आकर्षक छायाचित्रों और वीडियो को छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड की प्रचार सामग्री एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे इन प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सकेगी। रजत जयंती वर्ष में छत्तीसगढ़ सरकार के नेतृत्व में पर्यटन बोर्ड द्वारा लगातार आयोजित ऐसे कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य देशभर के पर्यटकों को छत्तीसगढ़ की अनछुई व चुनिंदा जगहों से रूबरू कराना है। ये प्रयास राज्य पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के साथ-साथ स्थानीय स्व-सहायता समूहों को आत्मनिर्भर बनाने में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं।

एक ही दिन 27 हजार कट्टा से अधिक धान हुआ जब्त

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिला प्रशासन द्वारा रविवार को एक ही दिन में 27 हजार कट्टा से अधिक धान जप्त किया गया है। प्रशासन के इस कार्यवाही कोचियों में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई हैं। प्रशासन द्वारा कोचियों से लेकर सोसायटी के स्टाक, राईस मिल व पोहा मिल में भी छापामार कार्यवाही कर जांच की जा रही हैं। जानकारी अनुसार रविवार को प्रशासन द्वारा राजनांदगांव, डोगरगढ़ और डोंगरगांव में चार प्रकरण पर कार्यवाही की गई। अफसरों ने बताया कि 27335 बोरा धान जब्त किया गया है। जिसकी कीमत 3 करोड़ 38 लाख 95400 रूपए हैं। इस दौरान डोंगरगांव में एक वाहन भी जप्त किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि प्रशासन द्वारा कोचियों पर कार्यवाही करने के लिए टीम गठित की गई है। टीम द्वारा अवैध वाहन पर नजर रखी जा रही है। वहीं महाराष्ट व मप्र से आने वाले धान पर भी नजर रखी जा रही हैं। यही कारण है कि अब तक पहली बार अवैध थान को पकड़ने प्रशासन को बड़ी कामयाची मिली है। रविवार को ही राजनांदगांव में 27200 बोरा थान, डोंगरगढ़ में तीस बोरा और डोंगरगांव में 105 बोरा धान जब्त किया गया है। जानकारी अनुसार जिल प्रशासन द्वारा अब तक 204 प्रकरण में 94735 कट्टा धान जप्त किया गया है।

बंगुरसिया वन क्षेत्र में 30 हाथियों का दल सक्रिय, विभाग अलर्ट

रायगढ़/नवप्रदेश। रायगढ़ वनमंडल के अंतर्गत वन परिक्षेत्र रायगढ़ के बंगुरसिया वन क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से लगभग 30 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। 19 दिसंबर की रात यह दल बंगुरसिया गांव के आसपास तथा बड़झरिया तालाब क्षेत्र में देखा गया, जहां हाथी सुबह तक मौजूद रहे। इसके पश्चात हाथियों का दल घने वन क्षेत्र की ओर चला गया। कल सुबह 6 बजे वन विभाग के अधिकारियों द्वारा तालाब के समीप निरीक्षण किए जाने पर एक लगभग छह माह का नर हाथी शावक मृत अवस्था में पाया गया। इसकी सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई।

महिलाओं को कॉल-मैसेज करने वाला मनचला गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में महिलाओं को निशाना बनाकर उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित करने वाले कुख्यात मनचले गोपाल गोयल को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। आरोपी महिलाओं के मोबाइल नंबर हासिल कर लगातार कॉल और मैसेज के जरिए उन्हें परेशान करता था, जिससे पीड़िताएं भय और तनाव में थीं।

पीड़ित महिलाओं की शिकायत पर सिविल लाइंस थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित जांच की और आरोपी को पकड़ लिया. पुलिस ने गोपाल गोयल के खिलाफसंबंधित धाराओं में अपराध दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाएगी और ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

पर्यावरण संरक्षण मंडल ने प्रदूषण फैलाने वाले 3 उद्योगों की बिजली काटी, उत्पादन बंद

■ मनीराम स्टील, राधेश्री वायर्स एण्ड क्रायल्स और बारबरिक टाईअप पर कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय ने जल एवं वायु प्रदूषण फैलाने वाले 3 उद्योगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। तीनों उद्योग की बिजली काटने के साथ ही उत्पादन बंद करा दिया गया है। तीनों इकाइयां गैल्वेनाईज्ड आयरन एंड स्टील इकाइयां हैं। उद्योगों को यह भी सूचित किया गया है कि जब तक वे सभी पर्यावरणीय मानकों, वैधानिक प्रावधानों एवं सम्मति शर्तों का पूर्ण रूप से अनुपालन सुनिश्चित नहीं करते, तब तक उन्हे संचालन की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।

जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल रायपुर द्वारा औद्योगिक क्षेत्र उरला, भनपुरी, रावांभाठा एवं सिलतरा में संचालित विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के पर्यावरणीय अनुपालन की निगरानी रखी जा रही है। इस तारतम्य में क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर क्षेत्र अंतर्गत जल एवं वायु प्रदूषणकारी उद्योगों के खिलाफ वायु प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण अधिनियम 1981 एवं जल प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण अधिनियम 1974 के प्रावधानों के तहत् कार्रवाई की गई है। उद्योग से उत्सर्जन अथवा दूषित जल का निस्सारण पाए जाने के कारण 19 दिसम्बर को उद्योग मेसर्स मनीराम स्टील प्रा. लि., ग्राम-बोरझरा रायपुर, मेसर्स राधेश्री वायर्स एण्ड क्रायल्स प्रा.लि. ग्राम-बोरझरा रायपुर पर वायु प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण अधिनियम 1981 की धारा 31 'क' एवं जल प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण अधिनियम 1974 की धारा 33 के तहत एवं उद्योग से दूषित जल का निस्सारण पाए जाने पर मेसर्स बारबरिक टाईअप प्रा.लि. ग्राम-बेंन्द्री, रायपुर पर जल प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण अधिनियम 1974 की धारा 33 'क' के तहत् उत्पादन बंद करने तथा विद्युत विच्छेदन की कार्रवाई की गई है।

राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर बनाएंगे अलग पहचान

लोरमी में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं : अरुण साव

■ लोरमी में खेल अधोसंरचना को मिली नई मजबूती, 8.13 करोड़ रुपए की लागत से होगा खेल परिसर का निर्माण

लोरमी/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक अरुण साव ने लोरमी में आयोजित एमएलए कप क्रिकेट प्रतियोगिता में विजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया। और प्रतियोगिता में शामिल हुए सभी खिलाड़ियों के खेल भावना की प्रशंसा की।

श्री साव ने पुरस्कार वितरण समारोह में खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए निरंतर कार्य हो रहा है। इसी कड़ी में लोरमी हाई स्कूल मैदान में 20 लाख रुपए की लागत से फ्लड लाइट लगाई गई है। बाउंड्रीवाल निर्माण का कार्य प्रगति पर है। खेल परिसर निर्माण के लिए 8 करोड़ 13 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। वहीं आगामी समय में लोरमी क्षेत्र में खेल अधोसंरचना को और अधिक मजबूत किया जाएगा।

नगर के हाई स्कूल मैदान में आयोजित एमएलए कप क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरुण साव ने कहा कि, लोरमी में प्रतिभाशाली युवाओं की कोई कमी नहीं है। यहां के युवा शिक्षा के क्षेत्र में भी आगे बढ़ रहे हैं और खेलों में भी राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शिक्षा के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी लोरमी को अग्रणी बनाया जाएगा। श्री साव ने युवाओं की टीम के द्वारा शानदार एमएलए कप के आयोजन की सराहना की।

फाइनल मैच यक्ष यंग स्टार और बागेश्वर इलेवन के बीच खेला गया। जिसमें यक्ष इलेवन की टीम ने शानदार जीत दर्ज की। मैच के समापन के बाद डिप्टी सीएम श्री साव ने पुरस्कार वितरण किया।स्पर्धा की विजेता टीम यक्ष यंग स्टार औरबांधा को एक लाख नगद एवं कप, उपविजेता टीम बागेश्वर धाम सारीसताल पथरी को 51 हजार रुपए एवं कप प्रदान किया।

प्रतियोगिता का तीसरा पुरस्कार शेरा इलेवन ने जीता। टीम को नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा एवं उपाध्यक्ष डॉ. अशोक जायसवाल ने 31 हजार एवं कप प्रदान किया। चौथे स्थान प्राप्त करने वाले श्रेयांश इलेवन को पवन अग्रवाल के द्वारा 21 हजार व कप के साथ पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा खिलाड़ियों को आकर्षक पुरस्कार भी बांटे गए। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा, कोमल गिरी गोस्वामी धनीराम यादव, गुरमीत सलूजा, प्रदेश सचिव विनय साहू, जिला उपाध्यक्ष दिनेश साहू, जिपं सदस्य अनीता कोमल साहू, रत्ना काठले, जनपद उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू, नपा उपाध्यक्ष डा अशोक जायसवाल, सभापति विश्वास दुबे, विक्रम सिंह, महाजन जायसवाल, संतोष साहू, रवि शर्मा, प्रदीप मिश्रा, सुशील यादव, राजेंद्र साहू, लेखराज सिंह, शशांक वैष्णव आदि उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com